राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 19 .मार्च 2026
वर्ष 07,अंक 166, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

अभ्यस्त चोर गिरफ्तार किया, नाबालिग बाल अपराधी को संरक्षण में लिया...03

बक्शी क्षेत्र में अवैध निर्माण पर प्रशासन का कड़ा प्रहार, प्लॉटरों पर शिकंजा कसने की तैयारी...08

# गैंगस्टर से सिर्फ रिश्तेदारी के आधार पर संपत्ति जब्त नहीं: इलाहाबाद हाइकोर्ट



इलाहाबाद हाइकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि किसी व्यक्ति की संपत्ति केवल इस आधार पर जब्त नहीं की जा सकती कि वह किसी गैंगस्टर का रिश्तेदार है।

अदालत ने स्पष्ट किया कि संपत्ति जब्ती के लिए अपराध और संपत्ति के बीच सीधा संबंध (नेक्सस) साबित होना जरूरी है। जस्टिस राज बीर सिंह की पीठ ने मंसूर अंसारी की अपील स्वीकार करते हुए उनकी संपत्ति जब्त करने का आदेश रद्द कर दिया। मंसूर अंसारी, कुख्यात गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के चचेरे भाई हैं। मामले में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मंसूर अंसारी की दुकानों और भवन को 'बेनेमी संपत्ति' बताते हुए जब्त किया गया, जिसे गाजीपुर के विशेष न्यायालय (गैंगस्टर एक्ट) ने भी सही ठहराया।

हाइकोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 के तहत संपत्ति जब्त करने की शक्ति असीमित नहीं है। इसके लिए यह साबित करना आवश्यक है कि संबंधित व्यक्ति ने गैंग के सदस्य या संचालक के रूप में किसी अपराध से अर्जित धन से संपत्ति बनाई।

अदालत ने कहा, 'सिर्फ आरोप या संदेह के आधार पर संपत्ति जब्त नहीं की जा सकती। अपराध और संपत्ति के बीच स्पष्ट संबंध होना अनिवार्य है।' कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि विश्वास करने का कारण केवल शक या अंदाजे पर आधारित नहीं हो सकता बल्कि ठोस साक्ष्यों पर आधारित होना चाहिए। इस मामले में अदालत ने पाया कि राज्य ऐसा कोई ठोस सबूत पेश नहीं कर सका जिससे यह साबित हो कि संपत्ति अपराध से अर्जित धन से बनाई गई।

अदालत ने यह भी कहा कि कानून के तहत यह जरूरी नहीं है कि संपत्ति वापस पाने के लिए व्यक्ति खुद अपनी आय का स्रोत साबित करे। पहले राज्य को यह सिद्ध करना होगा कि संपत्ति अपराध से जुड़ी है। सुनवाई के दौरान यह भी सामने आया कि मंसूर अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। हाइकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि केवल मुख्तार अंसारी का रिश्तेदार होने के आधार पर संपत्ति जब्त करना पूरी तरह गलत है। अदालत ने जिला मजिस्ट्रेट और स्पेशल कोर्ट के आदेशों को मनमाना और बिना आधार बताते हुए रद्द कर दिया और राज्य सरकार को तत्काल संपत्ति मुक्त करने का निर्देश दिया।

**उन्नाव रेप केस: कुलदीप सिंह सेगर मामले में अदालत ने तीन पुलिस अधिकारियों को किया बरी**

उन्नाव दुष्कर्म मामले में दिल्ली की अदालत ने तीन पुलिस अधिकारियों को आरोपों से बरी कर दिया है, जिनके खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं मिला है। इनमें क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, सब-इंस्पेक्टर शामिल हैं। अदालत ने माना कि दुष्कर्म पीड़िता ने सबसे पहले आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके पहले किसी भी थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। यह पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के खिलाफ पहले की शिकायत थी। पुलिस कर्मियों पर आरोप लगा था कि जानबूझकर पुलिस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं कर रहा है। घटना माखी थाना क्षेत्र से जुड़ा है।

उत्तर प्रदेश के उन्नाव दुष्कर्म मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कुलदीप सिंह सेंगर मामले में आरोपी बनाए गए पुलिस अधिकारियों को बड़ी राहत प्रदान की है। जब तीन पुलिस अधिकारियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। इनमें सफीपुर के तत्कालीन क्षेत्राधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, तत्कालीन माखी थानाध्यक्ष धर्म प्रकाश शुक्ला और सब इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह शामिल हैं।

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयंक गोयल की अदालत ने अपने आदेश में कहा बताया कि दुष्कर्म पीड़िता ने 17 अगस्त 2017 को सबसे पहले आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके पहले उसने किसी भी पुलिस थाने में शिकायती पत्र नहीं दिया। इस शिकायत को प्रशासन ने पुलिस के पास जांच रिपोर्ट लगाने के लिए भेजी गई थी, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि पुलिस अधिकारियों पर जानबूझकर मुकदमा दर्ज न करने का आरोप गलत है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गर्भवती नाबालिग की असंवेदनशील काउंसलिंग के लिए मेडिकल बोर्ड को फटकारा, बताया- चौंकाने वाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिछले हफ्ते मेडिकल बोर्ड और चीफ मेडिकल ऑफिसर (सीएमओ), हाथरस को तब फटकारा, जब वे एक समय-संवेदनशील रिट याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। इस याचिका में लगभग 30 हफ्ते की गर्भावस्था के उन्नत चरण में गर्भपात की मांग की गई थी, जिस पर कोर्ट ने नाबालिग पीड़िता के प्रति उनकी असंवेदनशीलता पर नाराज़गी जताई।

जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने यह टिप्पणी की: 'आज, याचिकाकर्ता के वकील ने अपने मुवक्किल से मिले निर्देशों के आधार पर कोर्ट को सूचित किया कि मेडिकल बोर्ड बस उसके पास गया और उससे कहा, 'आपका ख्याल रखा जाएगा'। इसके अलावा कुछ नहीं कहा; और अब उपर्युक्त रिपोर्ट जमा कर दी गई, जो मेडिकल बोर्ड की असंवेदनशीलता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।'

कोर्ट ने पहले सीएमओ, हाथरस को 'युद्ध स्तर' पर एक मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया था। इस बोर्ड को याचिकाकर्ता को गर्भपात की स्थिति में उसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले परिणामों के बारे में परामर्श देना था। साथ ही यह भी समझाना था कि यदि वह बच्चे को जन्म देने का विकल्प चुनती है तो उस पर न तो चिकित्सा खर्च की कोई ज़िम्मेदारी होगी और न ही बच्चे की, जिसे गोद दे दिया जाएगा; और इसकी पूरी ज़िम्मेदारी राज्य की होगी।

कोर्ट ने गौर किया कि विशिष्ट निर्देशों के बावजूद, 'मेडिकल बोर्ड की जो रिपोर्ट हमारे सामने रखी गई, उसमें हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, HIV, HBs, Ag, और HCV से संबंधित जांचों के अलावा; और भ्रूण की गर्भावस्था की अवधि से संबंधित जांचों के अलावा, कहीं भी यह संकेत नहीं मिलता कि याचिकाकर्ता ने गर्भपात करवाने या गर्भावस्था जारी रखने की अपनी इच्छा के बारे में क्या कहा था। 'यह देखते हुए कि पहले याचिकाकर्ता के वकील ने इस बात पर चिंता जताई कि यदि हाईकोर्ट द्वारा कोई सदस्य नामित नहीं किया जाता है तो पैनल असंवेदनशील हो सकता है, कोर्ट ने पाया कि मेडिकल बोर्ड ने वास्तव में असंवेदनशील तरीके से काम किया।

कोर्ट ने जे एन कॉलेज अस्पताल, अलिगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय , अलीगढ़ के प्रिंसिपल को एक आवश्यक पक्ष के रूप में शामिल करने का निर्देश दिया। इसने DALSA, हाथरस के सचिव को तत्काल एक बैठक आयोजित करने और पहले से गठित मेडिकल बोर्ड में J.N. कॉलेज, अलीगढ़ के प्रिंसिपल के परामर्श से मनोवैज्ञानिक को शामिल करने का निर्देश दिया

जहाँ गर्भपात से जुड़े मुद्दों पर विचार किया जाना हो। या (ii) क्या लीगल सर्विसेज़ कमेटी के किसी पैनल वकील को नियुक्त करना संभव है, जो उपर्युक्त कमेटी के कार्यों का समन्वय करे और उसकी अध्यक्षता करे। साथ ही सीधे संबंधित अदालत को रिपोर्ट करे? यह उन मामलों में किया जा सकता है, जहां गर्भपात के लिए याचिकाएं विचाराधीन हों और मेडिकल बोर्ड से रिपोर्ट मांगने का निर्देश जारी किया गया हो।'

## संक्षिप्त ख़बरें

### 27 मार्च को सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक, परमिट एवं पंजीकरण मामलों पर होगा विचार

**कानपुर।** सम्भागीय परिवहन अधिकारी राकेन्द्र कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुक्त, कानपुर मण्डल, कानपुर की अध्यक्षता में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, कानपुर की बैठक दिनांक 27 मार्च 2026 को अपरान्ह 05:00 बजे आयुक्त शिविर कार्यालय, छः बंगलिया, आर्यनगर, कानपुर में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में कैरेज बाई रोड एक्ट, 2007 के अंतर्गत 'कॉमन कैरियर' के पंजीकरण हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर विचार किया जाएगा। साथ ही, उक्त अधिनियम के तहत पंजीकरण नवीनीकरण से संबंधित आवेदनों पर भी निर्णय लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 84 के अंतर्गत निर्धारित परमिट की शर्तों के उल्लंघन के मामलों में धारा 86 के तहत परमिटों के निलंबन अथवा निरस्तीकरण पर भी विचार किया जाएगा। बैठक में कानपुर नगर के मेट्रो स्टेशनों से जुड़े नवसृजित नगर बसों के संचालन विषय पर भी चर्चा प्रस्तावित है। इसके अलावा, अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिंदुओं पर भी विचार किया जा सकता है। सर्वसम्बन्धित व्यक्तियों को निर्देशित किया गया है कि वे बैठक में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

### यातायात नियम उल्लंघन पर सख्ती, 109 वाहनों का चालान

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**देवरिया।** यातायात पुलिस ने शहर में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में बस स्टैंड, कचहरी चौराहा, सुभाष चौक व कसया ओवरब्रिज समेत विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना ड्राइविंग लाइसेंस व नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 109 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि 6 वाहनों को सीज किया गया। साथ ही ई-रिक्शा वाहनों की जांच कर वैध कागजात वाले वाहनों की नंबरिंग भी की गई। पुलिस ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से यातायात नियमों का पालन होगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। वाहन चालकों को नियमों के पालन के लिए जागरूक किया गया।

# अवैध पैथोलॉजी सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, सेंटर सीज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी सेंटरों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में श्रीदत्तगंज क्षेत्र स्थित बलरामपुर पैथोलॉजी एंड एक्स-रे सेंटर पर छापेमारी कर उसे सीज कर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देश पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई।जांच के दौरान पाया गया कि सेंटर पर आदित्य कुमार श्रीवास्तव द्वारा कार्य किया जा रहा था, जबकि उनका नाम आधिकारिक रजिस्ट्रेशन में दर्ज नहीं था। इसके साथ ही सेंटर पर अप्रशिक्षित स्टाफ द्वारा भी कार्य किया जा रहा था, जो गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आता है। इन अनियमितताओं को देखते हुए टीम ने तत्काल प्रभाव से सेंटर को सीज कर दिया।अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संबंधित मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में बिना पंजीकरण या नियमों के विरुद्ध संचालित किसी भी चिकित्सालय या पैथोलॉजी सेंटर को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रस्तोगी ने सभी संचालकों को निर्देशित किया है कि वे शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं नियमों का पूर्णतः पालन करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पीडब्ल्यूडी निर्माण में घटिया सामग्री से बनाई जा रही है सड़क, लोगो में आक्रोश

● बिना खुदाई, बिना बेस, सीधे डामर!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोरांव, प्रयागराज।** यमुनानगर क्षेत्र के कोरांव तहसील के भगेसर से गजनी मोड़ पीडब्ल्यूडी की सिंगल सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है लेकिन मौके की स्थिति देखकर साफ प्रतीत होता है कि निर्माण कार्य विभागीय मानकों के अनुसार न होकर ठेकेदार की सुविधा और जल्दबाजी के हिसाब से किया जा रहा है। जिस तरीके से सड़क बनाई जा रही है, उसे देखकर यही लगता है कि मानक पुस्तिका को किनारे रखकर काम चलाऊ निर्माण कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो और मौके की जानकारी के अनुसार पुरानी सड़क को पूरी तरह उखाड़े बिना ही उस पर पानी का छिड़काव कर गिट्टी डाल दी जा रही है और रोलर चलाकर उसे समतल दिखाने की कोशिश की जा रही है। जबकि नियमानुसार सड़क निर्माण में सबसे पहले पुरानी परत हटाई जाती है, उसके बाद मिट्टी की समतल परत, फिर गिट्टी, रोलर से दबाव, प्राइम कोट, टैक कोट और उसके बाद डामर की परत डाली जाती है। लेकिन यहां इन सभी प्रक्रियाओं को नजरअंदाज कर सीधे ऊपर -ऊपर काम निपटाने की कोशिश साफ दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क कहीं ऊंची तो कहीं नीची बन रही है, कई जगह बिना बराबरी किए ही गिट्टी डाल दी गई है, जिससे साफ है कि बेस मजबूत नहीं बनाया गया। लोगों का कहना है कि जिस गति और तरीके से काम हो रहा है, उससे यह सड़क ज्यादा दिन चलने वाली नहीं है। ग्रामीणों ने तंज कसते हुए कहा कि 'यह सड़क नहीं, महीने भर की मेहमान लग रही है। 'सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब मौके पर खुलेआम इस तरह की लापरवाही हो रही है तो पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदार अवर अभियंता, सहायक अभियंता और अधिशासी अभियंता आखिर कहां हैं। क्या बिना निरीक्षण के ही भुगतान की तैयारी हो रही है या फिर सब कुछ जानकर भी आंखें बंद कर ली गई हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि ठेकेदार की पकड़ इतनी मजबूत है कि काम जैसे भी हो, बिल पास होने में कोई दिक्कत नहीं होती। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है और न तो सही तरीके से रोलर चलाया जा रहा है और न ही परतों की मोटाई का ध्यान रखा जा रहा है। सड़क के किनारों पर भी कोई मजबूत सपोर्ट नहीं दिया जा रहा,जिससे बरसात आते ही सड़क बहने का खतरा बना रहेगा।

अगर यही हाल रहा तो सड़क बनने के कुछ ही दिनों बाद फिर मरम्मत के नाम पर नया खेल शुरू हो जाएगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की तत्काल उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, मौके पर तकनीकी टीम भेजी जाए और यदि मानकों में गड़बड़ी पाई जाए तो संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर विभागीय अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह का घटिया निर्माण दोबारा न हो।

# इफको के रिटायर लोगों के सुंदर इतिहास को जाया नहीं जाने दूंगा- के जे पटेल

● इफको को ऊंचे स्थान पर रखने के लिए समर्पित प्रयास करूंगा।

इरवा संगठन को जो संभव होगा मदद करने का प्रयास करूंगा।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।

**ब्यूरो प्रयागराज।** इफको के प्रबंध निदेशक के जे पटेल ने कहा है कि इफको के अवकाश प्राप्त अधिकारियों का संस्था केलिए कर्मठता का एक सुंदर इतिहास रहा है उसे जाया नहीं होने दिया जाएगा और उसे पूरे समर्पण भाव के साथ आगे ले जाने का प्रयास करूंगा। श्री पटेल इफको रिटायर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित अपनों से अपनो का मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य अतिथि के रूप मे श्री पटेल ने बड़ें ही सारगर्भित और प्रेरणा दायक संबोधन में कहा कि यहां समारोह में उपस्थित सभी अवकाश प्राप्त अधिकारियों का एक सुंदर सराहनीय और प्रेरणा दायक इतिहास रहा है जिसके कारण आज इफको संस्था फर्टिलाइजर के क्षेत्र में पूरी दुनिया और अपने देश के अग्रणी और प्रतिष्ठित संस्थानों के अगली पंक्ति में स्थान पर है। उन्होंने कहा कि इस समारोह में आकर आपके बीच में बोलने का जो अवसर मुझे मिला है उससे में अपने को न केवल गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं बल्कि भाग्यशाली भी हूँ। उन्होंने अपने बहुत मार्मिक संबोधन के द्वारा उपस्थित सभी अवकाश प्राप्त अधिकारियों के दिलों को छूने में सफल रहे बल्कि इफको संस्था के गौरव को बनाए रखने में विश्वाश दिलाने में भी सफल रहे।

एफ एम डी आई गुणगांव में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने यह भी कहा कि इफको संस्था में जो भी अधिकारी कर्मचारी आज काम कर रहे हैं उनके द्वारा एक ही बात मुझे हर जगह सुनाई देती है कि इस संस्था का इतिहास रहा है कि इसके लीडर और लीडर शिप बड़े ही उत्तम लोगों के हाथ में रहा जो प्रेरणा के श्रोत थेजिससे यह संस्था आज यहां तक पहुंची है। मेरा भी सौभाग्य रहा कि हम भी ऐसे सुनहरा इतिहास वाले लोगों के मार्ग दर्शन में काम कर चुका हु और आप के बीच में इस पद तक पहुंचा हू। उन्होंने आश्वस्त करते हुए इफको के जुटे अवकाश प्राप्त अधिकारियों को आश्वस्त किया कि इफको को आगे और ऊंचाई तक ले जाने में पूरा प्रयास करूंगा जिससे आपका सुंदर इतिहास कायम रहे।।

प्रबन्ध निदेशक केजे पटेल का कार्य क्रम में पहुंचने पर इरवा के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किय इरवा के अध्यक्ष विश्राम त्रिपाठी और श्री गुलशन कुमार नवीन के निर्देशन में आयोजित इस कार्य क्रम में मुख्य अतिथि के जे पटेल के आलावा , योगेन्द्र कुमार - मार्केटिंग डायरेक्टर, ए के शर्मा - डायरेक्टर (टेक्निकल), देवेन्द्र कुमार - सीनियर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (फाइनेंस), आर के नागपाल - एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (आई टी सर्विसेज़), जी एन प्रसाद - सेक्रेटरी आई ई बी टी, आई टी जी आई से पधारे सुब्राता मंडल - एम डी , डॉ एच एस मिश्रा - कंसलटेंट, पुनीत महाजन - वाईस प्रेसिडेंट







आई एफ़ एफ़ डी सी से पधारी माधवी एम विप्रदास - एम डी

इफ़को ऑफ़िसर्स एसोसिएशन से सौम्यजीत पाधी- प्रेसिडेंट, इफ़को इम्प्लॉयिस यूनियन से ब्रजेश कुमार- प्रेसिडेंट,

**वरिष्ठ इरवा सदस्य–** इफ़को के पूर्व डायरेक्टर्स डॉ वीरेंद्र कुमार, दया कृष्ण भट्ट, वी के बाली, अरबिंदा रॉय, के एल सिंह, जी के गौतम और इफ़को एसोसिएट्स के पूर्व एम डी/सी ई ओ एस पी यादव, सी पी श्रीवास्तवा, न एस पी सिंह, आप सभी का आशीर्वाद और पधारने पर सादर आभार।

मंच संचालन को बहुत खूबसूरती से सम्भालने और कार्यक्रम की शान बढ़ाने के लिए इरवा की नारी शक्ति की प्रतीक डॉ सीमा भारद्वाज, श्रीमती अनिता चौधरी, श्रीमती संध्या छाबड़ा, श्रीमती रितु सक्सेना और श्रीमती मोनिका बोस, आप सभी को हृदय से आभार।

"एफ़ एम डी आई" से डॉ आर पी एस यादव, डॉ जे आर खोजा, मिस श्री लक्ष्मी और समस्त स्टाफ और कैटरिंग और केयर टेकर स्टाफ, आप लोगों की व्यवस्था और सेवा के लिए हमारे पास शब्द नहीं हैं, आप का कोटि कोटि धन्यवाद।

"इफ़को एस्टेट ऑफिस" से श्री विजय धर और श्री राजबीर सिंह द्वारा इरवा को दी गई सहायता के लिए धन्यवाद। "सभी पधारे अन्य वरिष्ठ इरवा सदस्य, आदरणीय महिलाएँ और विशेष अतिथिगण," आपने आकर प्रोग्राम की शान और शोभा बढ़ाई, मैं सदैव आपका आभारी रहूँगा। "इफ़को, एफ़ एम डी आई" द्वारा पूर्ण कार्यक्रम व्यवस्था, साज सज्जा, चाय नाश्ता, लंच और सभी प्रतिभागियों को को दिया गया यादगार तोहफ़ा-इफ़को एफएमडीआई बैग के लिए पुनः आभार। मैं आशा करता हूँ, भविष्य में भी इरवा को आप सभी का सहयोग और आशीर्वाद मिलता रहेगा। संचालन एवं धन्यवाद नरेश कुमार कौशिक महा सचिव इरवा ने किया।

# एक अप्रैल से अंडों पर एक्सपायरी डेट अनिवार्य, उपभोक्ताओं की सेहत को लेकर सरकार का बड़ा फैसला





● पुराने अंडों की बिक्री पर लगेगी रोक।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सेहत को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने अंडे के कारोबार को लेकर एक अहम और सख्त निर्णय लिया है। अब 1 अप्रैल से बाजार में बिकने वाले सभी अंडों पर एक्सपायरी डेट (समाप्ति तिथि) लिखना अनिवार्य होगा। इस फैसले का उद्देश्य लोगों को खराब और पुराने अंडों के सेवन से बचाना है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, लंबे समय से यह शिकायतें मिल रही थीं कि कई दुकानदार पुराने अंडों को 'फ्रेश' बताकर ग्राहकों को बेच देते हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही थीं। नए नियम लागू होने के बाद अब हर अंडे पर स्पष्ट रूप से उसकी वैधता अवधि अंकित करनी होगी, जिससे उपभोक्ता खुद उसकी गुणवत्ता का आकलन कर सकें।

अधिकारियों ने यह भी साफ किया है कि यदि कोई दुकानदार या व्यापारी इस नियम का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें जुर्माना, लाइसेंस रद्द करना या अन्य कानूनी कार्रवाई शामिल हो सकती है। खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम न केवल उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद होगा, बल्कि बाजार में पारदर्शिता भी बढ़ाएगा। इससे दुकानदारों पर भी दबाव रहेगा कि वे केवल ताजे और गुणवत्ता वाले अंडे ही बेचें। सरकार का यह निर्णय खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है, जिससे आम लोगों को सुरक्षित और बेहतर गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध हो सकेगा।

### दिलीप केसरवानी को नामित पार्षद मनोनीत होने पर वैश्य सभा में हर्ष

**नैनी, प्रयागराज।** बुधवार को मेवालाल बगिया चौराहे स्थित केसरवानी वैश्य सभा के कैम्प कार्यालय पर दिलीप केसरवानी पार्षद के रूप में मनोनीत किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' को भी इस मनोनयन के लिए धन्यवाद एवं बधाई प्रेषित की गई। बैठक में मुख्य रूप से नैनी के पूर्व महामंत्री सुभाष चन्द्र केसरवानी, लखन लाल केसरवानी, राम बाबू केसरवानी, गुलाब चंद वैश्य, रमेश केसरवानी, राजेश केसरवानी, प्रेम चन्द्र केसरवानी, दया शंकर, मुकेश कुमार, राधेश्याम, सतीश केसरवानी, मुकुन्द, प्रवेश, कृष्ण कुमार (एडवोकेट), प्रांजल, सोचन केसरवानी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### दो सड़क दुघर्टना में दो महिलाओं सहित 4 घायल




**रूद्रपुर, देवरिया।** बुधवार को रुद्रपुर कोतवाली अंतर्गत हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए।पहली घटना रुद्रपुर पिड़रा मार्ग पर एक स्कूल के सामने हुई। जहां तेज गति से आ रही स्कार्पियो का टायर फटने से वोअनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलट गई। खेत में काम कर रहे दो मजदूर सुनील व उनकी पत्नी गुच्ची देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने स्कार्पियो चालक को हिरासत में ले लिया। दूसरी घटना रुद्रपुर देवरिया मार्ग पर कोइलगड़हा के पास हुई जहां एक बछड़े के आ जाने के कारण बुलेट सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार प्रेम कुमार अपनी पत्नी भानुमति को लेकर इलाज के लिए देवरिया जा रहे थे। कोइलगड़हा गांव के पास अचानक गाड़ी के सामने एक बछड़ा आ गया। जिससे बुलेट अनियंत्रित होकर पलट गई और दंपति घायल हो गये। भानुमति को गंभीर चोट लगने के कारण मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### बस्ती जनपद में पचास के बजाय डेढ़ सौ मीटर नाली निर्माण कर सरकारी धन को बर्बाद कर रहे प्रधान तरेता




**पद का पावर बना ढाल , नाली निर्माण के बहाने व्यक्तिगत रंजिश की हो रही भरपाईपीड़ित रामवृक्ष ने लगाया न्याय की गुहार**

**बस्ती।** बस्ती जिले केविकास खण्ड साऊँघाट की ग्राम पंचायत तरेता का नाली निर्माण इसलिए सुर्खियों में है कि जहाँ 50-60 मीटर नाली निर्माण से जल निकासी हो जायेगी तो वहीं प्रधान द्वारा चुनावी रंजिश को लेकर 150 से 200 मीटर नाली निर्माण दिशा बदल कर प्रस्तावित है और पद के पावर का दुरपयोग करते हुए सरकारी धन के सहारे व्यक्तिगत रंजिश की भरपाई की जा रही है । उच्चाधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में पीड़ित राम वृक्ष ने लिखा है कि प्रधान राम सुभाव और उनका चुनावी रंजिश है जिसके कारण जहाँ पचास - साठ मीटर नाली निर्माण से ही जल निकासी हो जायेगी , उसके बजाय नाली की दिशा मोड़कर उनके सहन को बर्बाद करते हुए 150 मीटर से ज्यादा नाली निर्माण सरकारी धन की बर्बादी करते हुए प्रस्तावित है और नाली निर्माण के बहाने पद का दुरपयोग करते हुए व्यक्तिगत व चुनावी रंजिश की भरपाई की जा रही है

### थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र के नेतृत्व में शिवरतनगंज पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी



**शिवरतनगंज पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित व 25,000 रुपये का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार**

**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा यूपी गैंगेस्टर एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त मनोज उर्फ रामदत्त पुत्र सुरेश निवासी उजेहनी मजरे रस्तामऊ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर अपराधी पर जिसके विरुद्ध जनपद अमेठी के थाना मोहनगंज व शिवरतनगंज पर डकैती, चोरी व गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग पंजीकृत है । उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा 25,000 रुपये का ईनाम घोषित किया गया था ।

## छुट्टा जानवरगौशाला छोड़ सांड ब्लॉक और नेशनल हाईवे को बनाया आश्रय जिम्मेदार बेखबर

**●हर महीने सरकार द्वारा लाखों रुपए का चारा गौशालाओं पर दिया जा रहा है चारा में कमीशन जिससे छुट्टा जानवर ब्लॉक और सड़क पर घूम रहे हैं**

**जिम्मेदार अधिकारियों की आंखों पर काला चश्मा लगा हुआ जिसे दिखाई नहीं दे रहा है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया विकासखंड अंतर्गत ब्लॉक और हाईवे पर घुमंतु जानवरों के आतंक से गौशाला का सच सामने आ रहा है गौशाला के नाम सरकार जिले में करोड़ों रुपए से ज़्यादा हर महीने खर्च कर रही है लेकिन व्यवस्था बद से बदतर बनी हुई है7हरैया ब्लाक क्षेत्र मे छुट्टा पशुओं का आतंक इस कदर व्याप्त है कि गौशाला की दुर्दशा के बारे में किसी से कुछ छुपा नही है सरकार द्वारा कागज मे चलाई जा रही सरकारी योजना तो दिखाई देती है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बंया करती है यमराज की शक्ल मे सडको पर मौत बन कर आए दिन छुट्टा सांड मडराते रहते है किस रुप में कब सामने आ जाए किसी को पता नही होता है हरैया विकासखंड क्षेत्र अतंर्गत नेशनल हाईवे पर छुट्टा पशुओं का कहर इस कदर बढ गया है कि आए दिन कई बाहन टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं वही राहगीर घायल हो कर अपनी जान भी गंवा बैठे है लेकिन विकासखंड के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अभी तक कोई पहल नहीं की गई है ब्लॉक पर आने वाले कर्मचारी एवं आम जनमानस के गाड़ियों की क्षति हुई फिर भी वहां बैठे जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी के आंखों में काला चश्मा पड़ा हुआ है जिससे उनको छुट्टा पशु सड़कों पर या परिसर में दिखाई नहीं दे रहे हैं क्योंकि उन पशुओं का चारा घोटाला खंड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी पैसा निकालने के लिए मोटी रकम की मांग जो करते हैं जिले के गौ सेवा अध्यक्ष महेश शुक्ला अपनी आँखो पर काला चश्मा लगा कर अपनी गाडी का शिशा चढ़ाए तेजी से चले जाते है लेकिन उनके द्वारा भी नहीं कोई पहल नहीं किया जा रहा है और न ही छोट भईया गौ सेवक इन्हें पकड़ने की मुसीबत मोल नहीं उठा रहे है स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों में खासा डर का माहौल बना रहता है लेकिन कर्मचारी और संबंधित विभाग इस समस्या को लेकर बेखौफ और लापरवाह साबित हो रहे हैं वही छुट्टा सांडो का आतंक की फोटो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल होती रहती है7 विकासखंड हरैया के अधिकारी इस बात को ध्यान नहीं दे रहे हैं कि इन छुट्टा पशुओं को पकड़ कर गौशाला में भेजवाने के बजाय उन्हें खुली छूट दी जा रही है वही यह मामला भदावल पेट्रोल पंप के समीप कान्हा डेयरी के सामने नेशनल हाइवे पर दो सांडो का आपस में लड़ने व राहगीर पर हमला करने से जुडा है बडा सवाल क्या जिला प्रशासन द्वारा भ्रष्ट कर्मचारियों के ऊपर कार्रवाई करेगी या कुंभकरण नींद मे सोता रहेगा।

### एक बाइक पर छः छात्र बिना हेलमेट निकले बोर्ड परीक्षा देने

**सुल्तानपुर** – शहर के ओमनगर क्षेत्र में बुधवार सुबह यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए एक चिंताजनक तस्वीर सामने आई। बोर्ड परीक्षा देने जा रहे छह छात्र एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर सड़कों पर दौड़ते नजर आए। यह घटना गंभीर लापरवाही को दर्शाती है, क्योंकि एक बाइक पर दो से अधिक सवारी बैठना कानूनन अपराध है। छह छात्रों का एक साथ यात्रा करना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा था। चौंकाने वाली बात यह भी थी कि इनमें से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था, जिससे दुर्घटना का खतरा और बढ़ गया था।

स्थानीय लोगों ने इस घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि परीक्षा के नाम पर इस तरह की मनमानी स्वीकार्य नहीं है। अभिभावकों की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने बच्चों को सुरक्षित तरीके से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाएं। यह घटना प्रशासन और यातायात विभाग के लिए एक चेतावनी है। भविष्य में इस तरह की खतरनाक लापरवाही को रोकने के लिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई और निरंतर निगरानी आवश्यक है।

## खड़ी ट्रक चोरी, कोर्ट के आदेश पर अज्ञात चोरों के खिलाफ FIR दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र में खड़ी एक ट्रक चोरी होने का मामला सामने आया है, जिसमें पुलिस की प्रारंभिक निष्क्रियता के बाद न्यायालय के हस्तक्षेप से मुकदमा दर्ज किया गया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) बस्ती के आदेश पर नगर थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अम्बेडकरनगर जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र निवासी रिंटू कुमार ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह वाहन संख्या यूपी-42 बीटी-2825 का पंजीकृत स्वामी है। घटना 1 जून 2025 की सुबह करीब 4 बजे की है, जब उनका चालक बिहार पेपर मिल से फैजाबाद की ओर ट्रक लेकर जा रहा था। बताया गया कि रास्ते में फुटहिया चौकी के पास बसेवा ओवरब्रिज के आगे चालक ने ट्रक खड़ा किया और शौच के लिए चला गया। इसी दौरान उसे चक्कर आया और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। करीब दो घंटे बाद जब चालक को होश आया और वह वापस सड़क पर पहुंचा, तो ट्रक वहां से गायब था।चालक के पास मोबाइल फोन न होने के कारण उसने पहले फुटहिया चौकी और बाद में नगर थाने पर सूचना दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित के अनुसार, ट्रक फाइनेंस पर लिया गया था और घटना के बाद उन्होंने बैंक व फाइनेंस कंपनी से संपर्क किया, लेकिन वहां से भी कोई सहायता नहीं मिली।


इसके बाद पीड़ित ने डाक के माध्यम से पुलिस अधीक्षक बस्ती को भी सूचना दी, फिर भी मामला दर्ज नहीं हुआ। अंततः न्यायालय की शरण लेने पर सीजेएम ने पुलिस को मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी नगर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस टीम मामले की जांच में जुट गई है।

## अमेठी में भाजपा का 24 घंटे का प्रशिक्षण महाभियान संपन्न

**●कार्यकर्ताओं ने लिया संगठन विस्तार का संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी, अमेठी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत जनपद अमेठी में आयोजित द्विदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अत्यंत उत्साह एवं संगठनात्मक ऊर्जा के साथ हुआ तथा दिनांक 17 मार्च 2026 से प्रारंभ होकर 18 मार्च 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह पूर्ण 24 घंटे का प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के समर्पण, अनुशासन एवं संगठन के प्रति निष्ठा का प्रतीक रहा। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण के प्रभारी जिला महामंत्री भागीरथी मौर्य की उपस्थिति में आयोजित इस



कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा, जिला मंत्री प्रभात शुक्ला सहित अनेक गणमान्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी मंडलों के वर्तमान एवं पूर्व मंडल अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता इस कार्यक्रम की विशेषता रही।

प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं को सात प्रमुख विषयों पर गहन एवं प्रेरणादायी प्रशिक्षण प्रदान किया गया– भारतीय जनता पार्टी का गौरवशाली इतिहास एवं विकास, पार्टी का वैचारिक अधिष्ठान, संगठन की कार्यपद्धति तथा कार्य विस्तार की रणनीति। इन विषयों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त करने के साथ-साथ संगठनात्मक दक्षता के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं के रूप में जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, भवानी दत्त दीक्षित, राजेश अग्रहरी एवं अंशु तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किए तथा कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों, सरकार की उपलब्धियों एवं जनसेवा के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया।यह प्रशिक्षण वर्ग पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों से प्रेरित रहा, जिसमें कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र सेवा, संगठन विस्तार एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का संकल्प लिया।दो दिवसीय इस प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं ने रात्रि प्रवास करते हुए पूर्ण अनुशासन और समर्पण के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र एवं संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं सेवा भाव के संकल्प के साथ हुआ।

## विदेश भेजने के नाम पर 6 लाख से अधिक की ठगी

**●सुल्तानपुर में युवक पर कोर्ट के आदेश पर FIR, 18 लोगों से एकाउंट पर लिए पैसे**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर** – विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। अयोध्या निवासी एक युवक की शिकायत पर कोर्ट के आदेश के बाद हलियापुर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी पर कुल 6,98,300 रुपये की ठगी का आरोप है। यह मामला अयोध्या के कुमारगंज थाना क्षेत्र के लिलहा निवासी मो. हसीब से जुड़ा है। हसीब की बुआ सुल्तानपुर के हलियापुर थाना क्षेत्र में रहती हैं। बुआ के लड़के के दोस्त सलमान शेख उर्फ समीर शेख निवासी ग्राम हलियापुर से हसीब का परिचय हुआ। सलमान शेख लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने और वीजा बनवाने का झांसा देकर पैसे ऐंठता था। सलमान शेख की बातों पर विश्वास करके मो. हसीब ने स्वयं 3 जुलाई 2025 से 12 अगस्त 2025 के बीच सात बार में 1,10,000 रुपये अपने मोबाइल फोन-पे के माध्यम से भेजे।

हसीब के अलावा, मो. वसीम ने 98,000 रुपये, मतीन ने 82,000 रुपये, शादाब ने 80,000 रुपये, मो. कैफ ने 47,000 रुपये, मुख्तार अली ने 20,000 रुपये, अमीर खान ने 15,000 रुपये, अशरफी ट्रेवल्स ने 20,000 रुपये, मिर्जा रियाज अहमद ने 21,800 रुपये, राहुल कुमार ने 15,000 रुपये, आफताब ने 15,000 रुपये, नूरैन अहमद ने 40,000 रुपये, जसीम ने 20,000 रुपये, अंकुर शर्मा ने 20,000 रुपये, मो. अरबाज ने 20,000 रुपये, राजू ने 31,200 रुपये, राहुल ने 21,800 रुपये, नीतिश ने 21,200 रुपये और हसीमा ने 20,000 रुपये सलमान शेख के खाते में भेजे। इस तरह कुल 6,98,300 रुपये की ठगी की गई। शिकायतकर्ता के अनुसार, सलमान ने न तो किसी का वीजा बनवाया, न किसी को विदेश भेजा और न ही विदेश में नौकरी दिलवाई। उसने सभी लोगों के पैसे हड़प लिए। जब पीड़ितों ने अपने पैसे वापस मांगे, तो सलमान आनाकानी करने लगा। 25 अक्टूबर को जब पीड़ित अपना पैसा मांगने सलमान के घर गए, तो उसने उन्हें अपमानित किया, गालियां दीं और यह कहते हुए भगा दिया कि वह एक रुपया भी वापस नहीं देगा। पीड़ितों ने हलियापुर थाने में शिकायत दी थी, लेकिन उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके बाद, न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर अब एफआईआर दर्ज की गई है।

### रोजगार मेले में 1711 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने फीता काटकर किया शुभारम्भ**

**देवरिया**– रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से राजकीय आईटीआई, सलेमपुर रोड (सोन्दा) में वृहद रोजगार मेला-2026 का आयोजन किया गया। मेले में 4441 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 30 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार लेकर 1711 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने फीता काटकर किया। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र व श्रम हितलाभ योजनाओं के चेक वितरित कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आयोजन के संयोजक सहायक निदेशक सेवायोजन रास बिहारी चतुर्वेदी व जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए अन्य युवाओं को प्रयास जारी रखने का संदेश दिया।

## हाउस टैक्स निर्धारण मे नगरपालिका की मनमानी

**●भवनस्वामी भड़के, ईओ को दिया ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती नगर नगरपालिका प्रशासन द्वारा मनमाने तरीके से हाउस टैक्स निर्धारित किये जाने को लेकर भवनस्वामियों मे काफी रोष है। बस्ती उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के बैनर तले भवनस्वामियों ने अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन देकर हाउस टैक्स के निर्धारण मे संगठन को विश्वास मे लेकर पुनः विचार करने की मांग किया है।

अन्यथा की स्थिति में 23 मार्च को नगरपालिका का घेराव कर निर्णायक संघर्ष की शुरूआत की जायेगी। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी ईओ की होगी। बस्ती उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आनंद राजपाल ने कहा हाउस टैक्स मे अचानक 200 से 250 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी और इसे ब्याज सहित वसूल करने की धमकी वाली नगरपालिका की मानसिकता ने अंग्रेजी हुकूमत को पीछे छोड़ दिया है। भवन स्वामी इस मनमानी को किसी कीमत पर बर्दाश्त नही करेंगे। उन्होने कहा अच्छा होगा भवन स्वामियों को विश्वास मे लेकर टैक्स निर्धारण पर पुनः विचार किया जाना उचित होगा।

आनंद राजपाल ने कहा हाउस टैक्स को लेकर शिकायती पत्र डीएम को सौंपा गया है जिस पर कार्यवाही लंबित है। जिसका मूलवाद संख्या डी 2026171000090 है। इसमे अगली तारीख 20 मार्च को है। बगैर इसका निस्तारण किये या भवनस्वामियों को सुने नगरपालिका मनमानी तरीके से टैक्स का निर्धारण नही कर सकती। यह नगरपालिका अधिनियम 1916 के प्रावधानों की अनदेखी है। ईओ को ज्ञापन देते समय सुनील कुमार गुप्ता, सूर्यकुमार शुक्ला, आशुतोष पाण्डेय, सुनील श्रीवास्तव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डा0 साजिया खातून की लापरवाही से नवजात शिशु की हुई मौत - पीड़ित

**●डा0 साजिया खातून के खिलाफ उच्च अधिकारियों से हुई शिकायतडा0 साजिया खातून के खिलाफ कार्रवाई की मांग हुई तेजयदि मामले की निष्पक्ष नही हुई जांच तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक होगी शिकायत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रमजोत पर तैनात डा0 साजिया खातून की लापरवाही से नवजात शिशु की मौत हो गई । पीड़ित परिवार ने डाक्टर साजिया खातून के खिलाफ उच्च अधिकारियों से शिकायत किया है और मामले की निष्पक्ष जांच कर ड्यूटी में लापरवाही करने वाली डा0 साजिया खातून के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है




आपको बताते चले कि पीड़ित राजमंगल कनौजिया ग्राम सौरी विकास खण्ड - विक्रमजोत जनपद बस्ती का निवासी है । पीड़ित ने दिनांक 14-03-2026 को सुबह 09:05 मिनट बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रमजोत पर अपनी गर्भवती पत्नी को लेकर आया था। महिला चिकित्सक साजिया खातून की देख-रेख में लगभग 12.50 मिनट पर स्वस्थ लड़की पैदा हुई थी अर्थात् नार्मल डिलीवरी हुई थी उसी बीच में डा0 साजिया खातून किसी अन्य मरीज को देखने में व्यस्त हो गई और आधा घंटा के बाद बोली की आपका बच्चा सीरियस है कहकर बिना आक्सीजन के एम्बुलेंस से महिला चिकित्सा अस्पताल फैजाबाद भेज दिया और वहां पर पहुंचने के बाद चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया और डाक्टरों ने कहा कि बिना आक्सीजन के कैसे लेकर आ गये । आप लोगों को एंबुलेंस में ऑक्सीजन लगा कर लेकर आना था । एंबुलेंस में ऑक्सीजन न लगने के कारण नवजात शिशु मृत्यु हो गई है । पीड़ित परिवार के घर नवजात शिशु की मृत्यु होने के कारण मातम पसरा हुआ है और पीड़ित परिवार का रो - रो कर बुरा हाल है । पीड़ित परिवार ने मीडिया टीम को बताया कि यदि नवजात शिशु की मृत्यु मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी डॉक्टर साजिया खातून के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नही हुई तो मुख्यमंत्री जनता दर्शन में लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक शिकायत करेंगे ताकि भविष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रमजोत पर ऐसी घटना न घटित हो । उक्त प्रकरण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजीव निगम ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है और न ही कोई शिकायत मिला है यदि शिकायत मिलती है तो जांच कर उक्त प्रकरण में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी ।

## ग्राम पिपरी कोल्हुई में वीएचएनडी का औचक निरीक्षण, सीएमओ ने परखी स्वास्थ्य सेवाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के विकास खंड श्रीदत्तगंज अंतर्गत ग्राम पिपरी कोल्हुई में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (VHND) का बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने औचक निरीक्षण किया। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट संवर्द्धन के तहत आयोजित किया गया था, जहां सीएमओ ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एएनएम वंदना मौर्या द्वारा 13 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच (ANC) की गई, जबकि 12 बच्चों का नियमित टीकाकरण किया गया। इसके अलावा 2 किशोरियों को पोषण, एनीमिया की रोकथाम एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में महत्वपूर्ण परामर्श दिया गया। सीएमओ डॉ. रस्तोगी ने मौके पर मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र गर्भवती महिलाओं और बच्चों तक समय पर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप




से किशोरियों में पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम है और इसके माध्यम से अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. आनंद त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. श्याम जी श्रीवास्तव, एचईओ विजय प्रताप सिंह, आशा सरोजनी, राजरानी तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्री रुकैया खातून व धूपा सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

### संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में तय हुई गाईडलाइन, चुनाव समिति का हुआ गठन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर बुधवार को एल्डर कमेटी की बैठक हुई। इसमें पहली बार निर्णय लिया गया कि संघ के आगामी चुनाव में अध्यक्ष पद पर बारह वर्ष तथा उपाध्यक्ष एवं महामंत्री पदों पर आठ वर्ष तथा अन्य पदों पर चार वर्ष के प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता चुनाव लड़ सकेंगे। वहीं इन पदों पर चुनाव लड़ने वाले अधिवक्ताओं को सीओपी धारक होना अनिवार्य किया गया है। बैठक की अध्यक्षता एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने किया। बैठक में आगामी बीस मार्च से तीस मार्च तक मतदाता सदस्यता अभियान संचालित कराए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में चुनाव समिति का भी गठन किया गया। इसके तहत एल्डर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य राममोहन सिंह को समिति का अध्यक्ष एवं देवी प्रसाद मिश्र को महामंत्री चयनित किया गया। प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि रामलगन यादव व कालिका प्रसाद पाण्डेय उपाध्यक्ष तथा शिवाकांत उपाध्याय कोषाध्यक्ष एवं बेनीलाल शुक्ल आय व्यय निरीक्षक चयनित किये गये। पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह अगई को संरक्षक चयनित किया गया।

## किसान दिवस आयोजन में नदारत रहे बड़े अधिकारी, किसानों में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर।** जिला मुख्यालय पर स्थित केबीके फरीदी पुर में बुधवार को आयोजित किसान दिवस कार्यक्रम में बड़े अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने जमकर हंगामा किया और प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। किसानों का आरोप है कि पिछले तीन वर्षों से जिला अधिकारी किसान दिवस में शामिल नहीं हो रहे हैं, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान प्रभावित हो रहा है।

किसानों ने बताया कि किसान दिवस सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य किसानों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है। लेकिन अधिकारियों की लगातार अनुपस्थिति के कारण यह आयोजन महज औपचारिकता बनकर रह गया है। आक्रोशित किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

कांग्रेस पार्टी के किसान नेता ओम प्रकाश सिंह की अगुवाई में दर्जनों किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी कार्यालय के सामने बैठकर विरोध जताया। किसानों का कहना था कि जब तक उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं सुना जाएगा और जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित नहीं होंगे, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने किसानों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनने का आश्वासन दिया। उन्होंने किसानों को गुरुवार सुबह 11 बजे विस्तृत बैठक के लिए बुलाया और कहा कि सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। किसानों ने यह भी बताया कि पहले किसान दिवस का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन में होता था, जहां अधिकारी नियमित रूप से उपस्थित रहते थे। लेकिन अब कार्यक्रम को शहर से बाहर आयोजित किया जा रहा है, जिससे किसानों की भागीदारी और संवाद दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

किसान नेता ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि नियम के अनुसार हर माह के तीसरे बुधवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित होता है, लेकिन बीते तीन वर्षों से यह व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है, जिला अधिकारी किसान दिवस पर नहीं पहुंचते हैं। मुख्य विकास अधिकारी किसी किसी समाधान दिवस पर ही पहुंचाते हैं। अन्य पटलों के कुछ ही अधिकारी पहुंच पाते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो किसान आंदोलन को और तेज करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### जे पी एस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**रायबरेली।** गुरुबक्श गंज स्थित सीएससी बाल विद्यालय (जेपीएस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल) में आज वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वार्षिकोत्सव के भव्य आयोजन में विद्यालय के संरक्षक अशोक शुक्ला प्रबन्धक मोहित शुक्ला डायरेक्टर रोहित शुक्ला द्वारा इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि के रूप में आए हुए वरिष्ठ समाजसेवी भगवती प्रसाद दीक्षित जी, बड़ौदा मैनेजर जितेंद्र पटेल जी, एस बी आई लाइफ से असिस्टेंट मैनेजर अजय प्रकाश सिंह जी, स्टेट बैंक ब्रांच मैनेजर, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ब्रांच मैनेजर, संजय बाजपेई जी आदि समस्त गणमान्य लोग उपस्थित थे। वर्ष 2025- 26 के पुरस्कार वितरण समारोह में प्लेग्रुप, नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया व डांस/म्यूजिक/ कन्वर्सेशन/ डिसिप्लिन/ अटेंडेंस आदि अनेकों एकेडमिक क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय परिणाम हासिल किए। अभिभावकों द्वारा विद्यालय के प्रति अनेकों प्रशंसाएं की गई। विद्यालय के डायरेक्टर रोहित शुक्ला द्वारा सभी अभिभावकों व बच्चों को अनंत शुभकामनाएं दी गई व उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की प्रधानाचार्या छवि बाजपेई ने बताया कि यह दिन बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों व विद्यालय परिवार के लिए बहुत ही हर्ष व गौरव का दिन है। उन्होंने सभी टॉप रैंकर्स व अन्य सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं अमिता, श्रेयांशी, आस्था आकृति, हर्षिता, सिमरन, दामिनी, रंजना, पायल, रेहा तथा अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बाराबंकी से बहराइच करीब 101.550 किलोमीटर सड़क मार्ग को फोर लेन की मंजूरी दे दी है इसके लिए उन्होंने 6969.04 करोड़ रूपये भी स्वीकृत कर दिए है जल्द ही नेशनल हाईवे का कार्य पूर्ण किया जाएगा।

### मिश्रिख में लायर्स एसोसिएशन चुनाव कार्यक्रम घोषित

**मिश्रिख (सीतापुर)।** तहसील मिश्रिख स्थित लायर्स एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सर्वसम्मति से नियुक्त चुनाव अधिकारी सौरभ सक्सेना एडवोकेट ने बताया कि एसोसिएशन की 23 सदस्यीय कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव कराया जाएगा, जिसमें अध्यक्ष, महासचिव सहित विभिन्न पदों पर निर्वाचन होगा। घोषित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्रों का वितरण 19 मार्च 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। इच्छुक प्रत्याशी 23 मार्च को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इसके बाद 24 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच के साथ ही पर्चा वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि मतदान 25 मार्च को संपन्न होगा और उसी दिन मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है और संभावित प्रत्याशियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

### ब्रह्मदेव वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उन्नाव की टीम विजयी



**सीतापुर** नगर पंचायत बक्शी का तालाब स्थित भौली गांव में एकदिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन ब्रह्मदेव वॉलीबॉल समिति द्वारा कराया गया। समिति के अध्यक्ष एवं वॉलीबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता एक दिन की थी जिसमें आठ टीमों ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता का फाइनल मैच उन्नाव तथा सुल्तानपुर की टीम के बीच खेला गया बहुत कांटे की टक्कर आपस में रही और अंतिम में फाइनल मैच का किताब उन्नाव के खाते में गया फाइनल मैच में उन्नाव की टीम ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया वहीं पर सुल्तानपुर की टीम का भी अच्छा प्रदर्शन रहा। उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल फेडरेशन के सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सभी प्रतिभाग करने वाली टीमों को ट्रैकसूट दिए गए तथा प्राइज मनी भी दी गई। उत्तर प्रदेश वालीबॉल फेडरेशन के कोषाध्यक्ष दुर्गेश कुमार सिंह ने सभी टीमों को सम्मानित किया। इस अवसर पर वॉलीबॉल खेल प्रेमी अनिल सिंह, रूपेंद्र सिंह, अविनाश कुमार सिंह, सभासद आशु राजपूत, यशवीर लोधी, अजय सिंह, देवेंद्र सिंह, विमल सिंह, जितेंद्र सिंह मोहम्मद अहमद विनोद कुमार सिह सूबेदार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अजय रतन सिंह, आरपी सिंह, निखिल कुमार सिंह सहित हजारों दर्शकों ने खेल की प्रशंसा की और खेल का आनंद लिया।

# अभ्यस्त चोर गिरफ्तार किया, नाबालिग बाल अपराधी को संरक्षण में लिया

● 31 ग्राम सोना और 2 किलो चांदी के आभूषण बरामद

स्वतंत्र प्रभात

सचिन बाजपेई

**लखनऊ-** लखनऊ पुलिस आयुक्तालय की पूर्वी जोन क्राइम/सिविलियंस टीम और गोमतीनगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अभ्यस्त सतत चोर को गिरफ्तार किया है और एक नाबालिग बाल अपराधी को संरक्षण में ले लिया है। इस कार्रवाई में आरोपी के कब्जे से चोरी का लगभग 31 ग्राम सोने के आभूषण और 2 किलोग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस आयुक्तालय के अनुसार, यह कार्रवाई गोमतीनगर थाना क्षेत्र में दर्ज कई चोरी की शिकायतों और मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई। 6 मार्च को गोमतीनगर थाने में सुनील कुमार निवासी विराम खंड, गोमतीनगर ने अपने ताले लगे मकान में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी (धारा 305/331(4) बीएनएस)। इसी तरह 11 मार्च को एक अन्य निवासी प्रज्ञा श्रीवास्तव ने भी समान क्षेत्र में चोरी की सूचना दी थी।

मुखबिर की सूचना और तकनीकी निगरानी के आधार पर पुलिस टीम ने 18 मार्च को शहीद पथ अंडरपास के निकट, रेलवे लाइन विनीत विहार सब्जी मंडी क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान एक कुख्यात चोर संतोष कश्यप उर्फ राहुल कश्यप (पुत्र राजेश कश्यप), निवासी रामपुर कटरा पोस्ट, थाना कोतवाली, जिला बाराबंकी (वर्तमान पताः इस्माइलगंज, सतुवा मोहल्ला, दुर्गा मंदिर, गाजीपुर, लखनऊ), उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। साथ ही एक नाबालिग बाल अपराधी को भी संरक्षण में ले लिया गया।

आरोपी के कब्जे से बरामदगी के दौरान लगभग 31 ग्राम पीली धातु (सोने) के आभूषण और 2 किलोग्राम सफेद धातु (चांदी) के आभूषण बरामद हुए। और गोमतीनगर सहित लखनऊ जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में दर्ज कई चोरी के मामलों से मेल खाते हैं।

पुलिस के अनुसार, आरोपी और उनके साथी रात के समय आवासीय कॉलोनियों



में ताले लगे घरों की टोह लेते थे। बाहर से ताला लगा देखकर वे छत या गेट के ऊपर चढ़कर घर में घुसते और कीमती सामान चुरा लेते थे। बरामदगी के आधार पर मुकदमों में धारा 317(2) बीएनएस के तहत बढ़ोतरी की गई है और अन्य अनसुलझे मामलों से जुड़ाव की जांच की जा रही है। लखनऊ पुलिस ने मुखबिरों, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी निगरानी के सहयोग से इस सफलता को अंजाम दिया। पुलिस आयुक्तालय ने पूर्वी जोन क्राइम/सिविलियंस टीम और गोमतीनगर थाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है। जांच जारी है और बड़े नेटवर्क या अन्य चोरी के माल की तलाश की जा रही है।

### बन्थरा के जयदीप त्रिवेदी बने नामित पार्षद



**लखनऊ।** शासन के निर्देश पर लखनऊ नगर निगम द्वारा बन्थरा के आजाद विहार कालोनी, दरोगा खेड़ा निवासी भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री व काफी समय से पार्टी के लिए काम कर रहे जयदीप त्रिवेदी को बन्थरा के चन्द्रशेखर आजाद वार्ड का नामित पार्षद नियुक्त किया गया है। भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो किसी भी कार्यकर्ता को फर्श से अर्श पर पहुंचाने में देर नहीं करती है। जिसकी नजीर जयदीप त्रिवेदी जैसे युवा भाजपा नेता के तौर पर देखी जा सकती है। ऐसे तमाम नजीर है जिनका कहीं अता पता भी नहीं था न ही लोगों ने वहां तक सोचा था लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने ऐसे ही कार्यक्रताओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया। जयदीप त्रिवेदी के नामित पार्षद नियुक्त किए जाने पर उनके चाहने वालों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया साथ ही फोन पर भी लोगों ने बधाई दी।

## लखनऊ में शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, फर्जी नंबर प्लेट वाली चोरी की स्प्लेंडर बरामद

स्वतंत्र प्रभात

**(संवाददाता) लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को दबोचकर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल (स्प्लेंडर), 1770 रुपये नकद और छह अदद सफेद धातु की टोटियां (टोंटी) बरामद हुई हैं। आरोपी ने फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चोरी की बाइक का इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस आयुक्त लखनऊ के प्रेस के अनुसार, यह कार्रवाई 17 मार्च को मुखबिर सूचना के आधार पर पिकनिक स्पॉट रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान हुई। आरोपी ने अपना नाम रवि वर्मा पुत्र होलीराम, उम्र 25 वर्ष, निवासी 60 फीटा रोड, त्रिवेणी नगर (मूल निवासी सहजनी, थाना महमूदाबाद, जनपद सीतापुर) बताया।

तलाशी के दौरान उसके पास से 1770 रुपये और छह टोटियां बरामद हुई। मोटरसाइकिल पर लगा नकली नंबर प्लेट UP32BU7824 था, जिसकी जांच में यह ब्लैक लिस्टेड पाया गया। चेसिस नंबर MBLHA10BWGGHH71644 से वास्तविक नंबर UP32ZEO259 (स्प्लेंडर, ब्लैक कलर) सामने आया।




पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने यह बाइक 10-15 दिन पहले पूरनिया क्रासिंग के पास से चोरी की थी।

घटना की शुरुआत 17 फरवरी को हुई थी, जब जानकीपुरम निवासी अनुजा रस्तोगी ने अपने घर से 4000 रुपये और छह टोटियां चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर मुकदमा 305ए बीएनएस के तहत दर्ज हुआ था। आरोपी के खिलाफ अब धारा 317(2), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिसमें थाना गुडंबा, गाजीपुर और गोमतीनगर में पहले से चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस जांच कर रही है कि अन्य मामलों में भी उसका हाथ है या नहीं। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

### प्रभात फेरी निकाल कर राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** 18 मार्च चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन महाविद्यालय द्वारा प्रभात फेरी निकालकर किया गया इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने समाज में नशा मुक्ति, भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं जल ही जीवन जैविक खेती अपनाओ पर पोस्टर द्वारा और तेज बोल बोल कर लोगों को जागरूक किया। प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह ने सफल कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम अधिकारी धनेंद्र कुमार सिंह आशुतोष कुमार श्रीवास्तव एवं दीप्ति श्रीवास्तव को बधाई दी। बच्चों ने स्वेच्छा से रक्तदान भी किया। महाविद्यालय के मीडिया डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह नहीं बताया कि शिविर में छात्र-छात्राओं को अच्छा करने व सिखाने की प्रेरणा मिलती है। शिविर में जो भी सिखाया गया छात्र- छात्राएं उसे अपने जीवन में उतारें और अनुशासन में




रहकर आगे बढ़े राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य तभी सफल होगा । कार्यक्रम संबंधित धनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जीवन में अच्छा बनने के लिए सदैव अनुशासन में रहना चाहिए और मेहनत से अपने कार्य को करना चाहिए तभी जाकर एक अच्छा इंसान बना जा सकता है। इस अवसर पर वाणिज्य संकाय सहा आचार्य डॉ उपमा त्रिपाठी विज्ञान संकाय से डॉ अनिल कुमार वर्मा तथा कृषि संकाय से डॉ हृदय नारायण तिवारी सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### पूरे बाल्हेश्वर मे धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया गया, भाईचारे का दिया संदेश

**लालगंज (रायबरेली):** क्षेत्र के पूरे बाल्हेश्वर में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन मानव कल्याण समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने भाग लिया और आपसी भाईचारे के साथ होली का उत्सव मनाया। समारोह में फाग गीत, अबीर-गुलाल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को रंगीन बना दिया। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं।इस अवसर पर दिगम्बर सिंह,जेपी यादव, राधाकृष्ण यादव, शिवबरन, संचालक देशरज, देवी यादव, ज्ञानू यादव, चौडिया राय, स्वदेश यादव सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग भी मौजूद रहे और सभी ने मिलकर हर्षोल्लास के साथ होली मिलन मनाया।

### भागवत कथा के छठवें दिन गोवर्धन लीला एवं महा रास की कथाओं को सुनकर आनंदित हुए श्रद्धालु

● निष्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने से सुधरता है जन्म और मरण - कथा व्यास संध्या जी

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/रायबरेली।** क्षेत्र के ग्राम सभा ओथी में इन दिनों मोक्षदायिनी श्रीमद्भागवत कथा का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन श्रद्धा और भक्त के वातावरण में संपन्न हो रहा है। यजमान आशीष मौर्य के निवास पर आयोजित इस पुण्य अनुष्ठान का संकल्प क्षेत्र के ग्राम सभा जिहवा निवासी आनंद मिश्रा द्वारा लिया गया है यह उनके द्वारा संकल्पित छठवीं श्रीमद्भागवत कथा है, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। कथा स्थल पर सप्तवेदी, गणेश,अंबिका, रूद्र हनुमत देव सहित विभिन्न देवताओं की विधिवत स्थापना कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है।

आपको बता दें कि, बुधवार को कथा के छठवें दिन अमांवा ब्लॉक से आमंत्रित की गई कथा वाचक संध्या जी ने प्रमुख रूप से गोवर्धन लीला एवं महा रास जैसी अदभुत कथाओं का व्याख्यान किया। कथा व्यास ने बताया कि, भगवान ने अपने बाएं हाथ की उंगली पर गोवर्धन को धारण किया और वृंदावन वासियों की रक्षा किया। जब इंद्र ने यह देखा तो इंद्र ने आकर के भगवान श्री कृष्ण से क्षमा मांगी और भगवान ने उनको क्षमा कर दिया। इसके पश्चात भगवान शरद पूर्णिमा के दिन महा रास करते हैं और अंत में भगवान ने कंस का वध किया। कथा व्यास द्वारा विभिन्न प्रसंगों को सुनकर पांडाल में उपस्थित समस्त श्रद्धालु आकर्षित होकर झूम उठे।

कथा के विराम पश्चात आरती की गई और उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया कथा स्थल पर पूरे दिन भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा। आयोजनकर्ता आनंद मिश्रा ने बताया कि,



उनके द्वारा जीवनपर्यंत श्रीमद् भागवत कथा जैसे धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन निरंतर बीच-बीच जारी होते रहेंगे जिससे समाज में धर्म संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों का प्रसार -प्रचार होता रहे। इस मौके पर यज्ञशाला के मुख्य यज्ञाचार्य पंडित योगेंद्र तिवारी, उपयज्ञाचार्य पंडित अमरेश शुक्ला, पंडित अरूण त्रिपाठी, व्यवस्थापक पंचायत मित्र अवधेश मौर्य, सोनू मौर्य, रागेंद्र सिंह, ब्रजेंद्र सिंह, राकेश, संत प्रसाद, बबलू प्रजापति, दिनेश कोटेदार, शिवकुमार, कन्हैया मौर्य, शंकर मौर्य, महेंद्र मौर्य, भल्लर मौर्य, मूसा मौर्य, वीरू सिंह, विशाल शर्मा, बी.यल.बवाली, दीपांशू मौर्या सहित आदि समस्त भक्त उपस्थित रहे।

## प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 09 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी का किया गया शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली:-** उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 09 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी का आयोजन आर0डी0ए0 के सामुदायिक केंद्र विकास प्राधिकरण रतापुर रायबरेली में आयोजित किया गया। विधायक सलोन अशोक कुमार ने 09 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विषाल कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमृता सिंह उपस्थित रही। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लगाए गए स्टॉलों का अतिथियों द्वारा भ्रमण कर अवलोकन किया गया एवं केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/ परियोजनाओं/कार्यो पर आधारित सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया गया। लगाए गए स्टॉलों के अवलोकन के दौरान विधायक द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया।

इसके पर्व लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व उनके उद्बोधन को सुना गया। इसके पश्चात सभागार में दीप प्रज्वलित कर जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक/प्रमाण पत्र सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाभी व प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, उद्योग विभाग के लाभार्थी किट आदि वितरित किया गया। सूचना एवं सांस्कृतिक विभाग के पंजीकृत दलों द्वारा कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

विधायक सलोन ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश में सुदृढ कानून व्यवस्था स्थापित की गई है जिसके अनुसार अपराध तथा अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति प्रभावी रूप से लागू है। 7 बड़े महानगरों में पुलिस कमिश्नरेट की स्थापना के उपरांत पुलिसिंग, जनसमस्याओं के निस्तारण व अपराध नियंत्रण में गुणात्मक सुधार। वर्ष 2017 से अब तक एक भी सांप्रदायिक दंगा या जातिगत संघर्ष की घटना नहीं हुई। आत्मनिर्भर युवा के तहत निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के अन्तर्गत विभिन्न आयोगों एवं भर्ती बोर्ड द्वारा 9 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी। विगत 09 वर्षो में 50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव से 1 करोड़ 10 लाख से अधिक युवाओं के लिए रोजगार व सेवायोजन के अवसर। 15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरे। 60 लाख रोजगार सृजित।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोतरी की गई है। मानदेय वृद्धि का यह निर्णय आंगनबाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता, पोषण अभियानों की प्रभावशीलता और मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों को और अधिक मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अपने नए इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ, सर्वाधिक एक्सप्रेसवे के साथ, सर्वाधिक मेट्रो के साथ, सर्वाधिक रेलवे नेटवर्क के साथ, सर्वाधिक जन सुविधाओं के साथ देश के अंदर अग्रणी राज्य बनकर के उभरा है। मंच का संचालन एस0एस0 पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चन्द्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, परियोजना निदेशक, डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्र, उपायुक्त (श्रम रोजगार) प्रमोद कुमार, उपायुक्त एन0आर0एल0एम0 सविता सिंह, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्या, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला दिव्यांगजन अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी व लाभार्थी उपस्थित रहे।

## श्रद्धा की अनूठी मिसाल बने विजय पाण्डेय , मऊ गांव में पान दुकानदार ने धूमधाम से मनाया 'गौ माता' का जन्मदिन

● ....अखंड रामायण पाठ और विशाल भंडारे के साथ विजय पांडे 'रामू' ने समाज को दिया सेवा का पावन संदेश।

स्वतंत्र प्रभात

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र के अंतर्गत मऊ गांव में आस्था और जीव-दया का एक ऐसा संगम देखने को मिला, जिसने आधुनिकता की दौड़ में भागते समाज को ठहरकर सोचने पर मजबूर कर दिया। स्थानीय निवासी और समर्पित गौ सेवक विजय पांडे उर्फ 'रामू' ने अपनी पालतू गौ माता का जन्मदिन किसी उत्सव की तरह मनाकर एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। यह आयोजन केवल एक जन्मदिन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने एक धार्मिक और सामाजिक अनुष्ठान का रूप ले लिया। इस पावन अवसर पर रामू ने अपने आवास पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन कराया, जिसकी गूँज से पूरा गांव भक्तिमय हो उठा। पाठ की पूर्णाहूति के पश्चात एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें जाति-पाति के भेदभाव से ऊपर उठकर सैकड़ों ग्रामीणों और राहगीरों ने बड़े



चाव से प्रसाद ग्रहण किया। विजय पांडे 'रामू' की कहानी उन लोगों के लिए एक आईना है जो मानते हैं कि सेवा के लिए बहुत अधिक धन की आवश्यकता होती है। पेशे से एक साधारण पान दुकानदार होने के बावजूद, रामू का दिल गौ सेवा के लिए अथाह करुणा से भरा है। वे और उनकी पत्नी मिलकर अपने घर में चार-पांच गायों की सेवा किसी परिवार के सदस्य की तरह करते हैं। दिन की शुरुआत से लेकर देर रात तक, यह दंपति गायों के चारे, स्वास्थ्य और स्वच्छता का पूरा ध्यान रखता है। ग्रामीणों के अनुसार, रामू के लिए ये गायें पशु नहीं, बल्कि साक्षात ममता का रूप हैं। इसी अटूट श्रद्धा का परिणाम था कि उन्होंने गौ माता के जन्मदिन को क्षेत्र के लिए एक उत्सव बना दिया।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पांडे,



सत्यम सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में आए अतिथियों ने विजय पांडे के इस निस्वार्थ प्रयास की मुक्त कंठ से सराहना की। उपस्थित लोगों का कहना था कि आज के भौतिकवादी युग में, जहाँ लोग अक्सर अपने मूल संस्कारों और परंपराओं को विस्मृत कर देते हैं, वहां एक साधारण व्यक्ति द्वारा गौ सेवा के प्रति ऐसा समर्पण अद्भुत है। यह पहल न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करती है, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और बेजुबान पशुओं के प्रति करुणा का संचार भी करती है। अंततः, इस सफल आयोजन ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया कि सच्ची सेवा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, बल्कि इसके लिए केवल एक विशाल हृदय और अटूट संकल्प की आवश्यकता होती है।

### सरौरा खुर्द में पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन, विशाल भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर।** जनपद के ग्राम सरौरा खुर्द में आयोजित पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन श्रद्धा, आस्था और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कथा के पांचवें दिन बिसवां विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेंद्र प्रताप सिंह यादव ने कार्यक्रम में शिरकत कर कथा का रसपान किया और आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। उनके आगमन से आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई।

इस धार्मिक अनुष्ठान में नैमिष धाम से पधारी सुप्रसिद्ध कथा वाचिका कुमारी आरती शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का भावपूर्ण एवं ओजस्वी वाचन किया गया। उनकी मधुर वाणी और भावपूर्ण प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा श्रवण के लिए आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूरे आयोजन के



दौरान भक्ति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला।आयोजकों ने समापन अवसर पर सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक जागरूकता और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजेश कुमार प्रजापति, जमुना प्रसाद, राकेश विश्वकर्मा, वीरेंद्र कुमार, सूरज कुमार, गोविंद कुमार, बृजेश कुमार, सुशील कुमार, कमलेश कुमार प्रजापति, मनोहर लाल प्रजापति, बनवारी लाल, आदित्य सहित अनेक गणमान्य नागरिकों एवं क्षेत्रीय लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## अवधी को अपनी रचनाओं से सींच रही है डॉ. ज्ञानवती दीक्षित

स्वतंत्र प्रभात

उत्तर प्रदेश के सीतापुर में बसी एक ऐसी लेखिका, जिनकी कलम ने अवधी भाषा के आधुनिक साहित्य को नई ऊर्जा और गहराई प्रदान की है। डॉ. ज्ञानवती दीक्षित हिंदी और अवधी दोनों में सशक्त रचनाकार हैं, जो न केवल उपन्यास, कहानी और कविता के माध्यम से भावनाओं को व्यक्त करती हैं, बल्कि अवधी की आधुनिक प्रबंध धारा को व्यवस्थित रूप से विश्लेषित कर हिंदी साहित्य के साथ इसके योगदान को उजागर भी करती हैं। उनकी रचनाएँ ग्रामीण जीवन, पारिवारिक संबंधों, स्त्री संवेदनाओं और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई हैं, जो अवधी को जीवंत और समकालीन बनाती हैं।

**शिक्षा और व्यावसायिक जीवन**

डॉ. ज्ञानवती दीक्षित सीतापुर के आर्य कन्या इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्या के रूप में कार्यरत रहीं। इस पद पर उन्होंने बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए विशेष योगदान दिया। वे लड़कियों को पढ़ाई के साथ-साथ आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता प्रदान करने में सक्रिय रहीं। शिक्षा क्षेत्र में उनके प्रयासों की वजह से वे स्थानीय स्तर पर एक प्रेरणा स्रोत बनीं। हालांकि, 2024 में कुछ विवादास्पद घटनाओं के बाद उनका निलंबन हुआ, लेकिन महिला संगठनों और समर्थकों ने उनकी बहाली की जोरदार मांग की, जो उनके शिक्षाविद् के रूप में सम्मान को दर्शाता है।

**साहित्यिक योगदानः अवधी का संरक्षण और समृद्धि**

डॉ. ज्ञानवती दीक्षित की सबसे बड़ी उपलब्धि अवधी साहित्य के आधुनिक रूप को राष्ट्रीय मंच पर लाना है। उनकी प्रमुख कृति 'अवधी की आधुनिक प्रबंध धाराः हिंदी का अद्भुत संदोह '(2019, देशभारती प्रकाशन, दिल्ली) लगभग तीस वर्षों के शोध का नतीजा है। इस ग्रंथ में उन्होंने अवधी के आधुनिक प्रबंध काव्यों की परंपरा, प्रवृत्तियाँ, वस्तुवर्णन, अनुभूति और अभिव्यक्ति पक्ष का गहन विश्लेषण किया है। समीक्षकों ने इसे अवधी और हिंदी साहित्य के शोधकर्ताओं के लिए अत्यंत उपयोगी माना है, क्योंकि इससे अवधी के योगदान को हिंदी साहित्य में उचित स्थान मिलता है।

**उनकी अन्य प्रमुख कृतियाँः** गोमा तीरे '(2016, शब्द शक्ति प्रकाशन, कानपुर) - इस उपन्यास पर उन्हें हिन्दी संस्थान, लखनऊ द्वारा 2016 में जायसी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह ग्रामीण परिवेश और भावनाओं को छूने वाली सशक्त रचना है।'भाभी जी' - एक पारिवारिक भावगम्य उपन्यास, जो हिंदी उपन्यास विधा में अपनी जगह बनाता है। इसका लोकार्पण और विमोचन साहित्यिक हलकों में सराहा गया।

-'मी लार्ड' - हाल की रचना, जिसका विमोचन सीतापुर में प्रमुख व्यक्तियों की उपस्थिति में हुआ।

इसके अलावा उन्होंने कहानियाँ, कविताएँ और गीत भी लिखे हैं। उनका गीत 'जुगनू टिमटिमाते हैं' संगीतबद्ध होकर लोकप्रिय हुआ है। वे कुल मिलाकर एक दर्जन से अधिक पुस्तकों की रचयिता हैं।

**व्यक्तिगत जीवन और विरासत**

डॉ. ज्ञानवती दीक्षित के पति श्री भूपेंद्र दीक्षित स्वयं एक जाने-माने कवि और साहित्यकार हैं। दंपति की साझा साहित्यिक



रुचि उनके जीवन को और समृद्ध बनाती है। सीतापुर में रहते हुए वे निरंतर साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। उनकी रचनाएँ अवधी को न केवल संरक्षित कर रही हैं, बल्कि इसे आधुनिक संदर्भों में जीवंत बनाकर नई पीढ़ी तक पहुँचा रही हैं। डॉ. ज्ञानवती दीक्षित की कलम अवधी के सूखे मैदानों को भावनाओं की वर्षा से सींच रही है। वे साबित करती हैं कि क्षेत्रीय भाषाएँ राष्ट्रीय साहित्य का अभिन्न अंग हैं और उनकी रचनात्मकता से ही भाषाएँ अमर होती हैं। उनकी यात्रा शिक्षा, साहित्य और सामाजिक जागरण का अनुपम उदाहरण है, जो अवधी प्रेमियों के लिए सदैव प्रेरणा बनी रहेगी।

# नौ माताओं के महापर्व के साथ हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं

**पवित्र चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ के साथ हिंदू नव वर्ष की आप सभी को शुभकामनाएं अनंत बधाइयां**

नवरात्रि का पहला दिन यानी प्रतिपदा तिथि मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री को समर्पित माना जाता है। इस दिन जौ (जवार )बोने तथा कलश स्थापना पूजन के साथ ही देवी का पूजन किया जाना शुभ माना जाता हैद्य यह भी शास्त्रों में लिखा गया है कि प्रथम दिवस में माता की पूजा करते समय आराधक यदि लाल, गुलाबी ,नारंगी और रानी रंग के कपड़े पहन कर पूजा करने से माता का संपूर्ण आशीर्वाद प्राप्त होता हैद्य द्वितीय दिवस यानी नवरात्रि के दूसरे दिन अत्यंत दिव्य देवी ब्रह्मचारिणी की उपासना का विधान है सिद्धि के लिए इस दिन मां की उपासना करते समय सफेद,पीले रंग के कपड़े पहनना शुभ माना जाता है एवं इस पवित्र दिन में आराधना करने से मनवांछित इच्छाओं की प्राप्ति होती है। तृतीय दिवस में बाघ पर सवार स्वर्ण के समान रंग एवं छटा वाली मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती हैद्य इस दिन पीला, लाल, दूधिया या केसरिया रंग कपड़े पहनना शुभ माना जाता है एवं रंग के कपड़े पहनकर देवी की आराधना करने से उनका आशीर्वाद एवं कृपा की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में चतुर्थ दिवस में इस भव संसार के ब्रह्मांड की रचना करने वाली दुर्गा मां के चौथे रूप के रूप में देवी कुष्मांडा की आराधना एवं भक्ति की जाती है। इस दिन इस प्रकृति की देवी के स्वरूप की मन से आराधना करना शुभ फल देने वाला है एवं देवी प्रकृति की देवी हैं इनकी उपासना इस दिवस में पीला ,हरा, लाल और भूरे रंग का वस्त्र पहनकर करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है, एवं देवी प्रसन्न होती हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर पंचम दिवस पर पंचमी तिथि को भगवान कार्तिकेय की माता देवी स्कंदमाता की आराधना एवं श्रद्धा के साथ पूजा की जाती है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर छठवें दिन ऋषि कात्यायन की पुत्री कात्यायनी मां की पूजा अर्चना का शास्त्रों में पूजा का विधान माना जाता है। माता कात्यायनी अमोघ फलदायिनी होती हैं भक्तों द्वारा इस दिन लाल, नारंगी, गुलाबी, गेरुआ, मूंगा रंग के कपड़े पहनकर माता रानी की पूजा करने से ऐश्वर्य के साथ वैवाहिक जीवन में शांति सुख समृद्धि प्राप्त होती है। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा तथा अर्चना का विधान है, नवरात्रि की पूजा में तंत्र साधना करने वाले लोग इस दिन काले रंग का वस्त्र धारण करके इनकी पूजा अर्चना करते हैं साधकों को इस दिन बैंगनी, स्लेटी ,नीला एवं आसमानी रंग का वस्त्र धारण कर मां के इस दिव्य रूप की पूजा अर्चना करनी चाहिए, जिससे संपूर्ण ग्रह बाधाएं दूर होती हैं। नवरात्रि के आठवें दिन सर्व सौभाग्य दाइनी देवी महागौरी की उपासना का दिन माना जाता है। यह अत्यंत पवित्र दिन होता है और यह देवी धन, वैभव, सुख, शांति की शक्तिशाली देवी मानी जाती हैं। इनकी पूजा के दौरान साधकों को रातों को केसरिया संतरी गुलाबी या लाल रंग के वस्त्र धारण करके पूजा करनी चाहिए जिससे सुख एवं सौभाग्य की अखंड प्राप्ति होती है। शिवरात्रि में माताओं के नौ रूपों में दुर्गा पूजा के नौवें तथा आखरी दिन संपूर्ण विधि विधान, रीति रिवाज और पूर्ण निष्ठा के साथ देवी की आराधना करने वाले साधकों को संपूर्ण सिद्धियां प्राप्त होती हैं और इनकी उपासना के समय हरा धागों को लाल गुलाबी नारंगी रंग के वस्त्र पहनने से समाज में पद प्रतिष्ठा वैभव एवं धन की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों का पूजन अर्चना एवं निष्ठा से की गई आराधना से इस जगत का कल्याण भी होता है साथ ही इस पवित्र 9 दिनों में असंख्य दीप जलाकर माता को प्रसन्न करने का प्रयास किया जाता है। नवरात्रि में उपवास रखने तथा विधि विधान से अर्चना करने से मनुष्य का जीवन तथा परलोक सफल होना शास्त्रों के अनुसार तय माना जाता है। आप सभी को चैत्र नवरात्रि कथा हिंदू नव वर्ष की अनंत शुभकामनाएं एवं बधाइयां।

**संजीव ठाकुर**

# नव संवत्सरः समय, सृष्टि, संवेदना, संस्कृति और संकल्प के समन्वय का पर्व

हिंदू नववर्ष केवल कैलेंडर या विक्रम संवत के परिवर्तन का संकेत मात्र नहीं है, बल्कि यह समय, सृष्टि, संवेदना, संस्कृति और संकल्प के उस संगम का उत्सव है जो भारतीय जीवन-दृष्टि की वैज्ञानिक पहचान को अभिव्यक्त करता है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़ने, सनातनी परंपराओं को न भुलाने और भविष्य के लिए नए संकल्प लेने की ऊर्जा प्रदान करता है। भारतीय चिंतन की सबसे बड़ी विशेषता समय को रेखीय न मानकर चक्रीय मानना है। यहाँ हर अंत, एक नए आरंभ का सूत्रपात है। नव संवत्सर इसी शाश्वत चक्र की याद दिलाता है। यह संदेश है कि जीवन में परिवर्तन और नवीनीकरण की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। अतः यह दिवस उत्सव मनाने के साथ-साथ, अपने विचारों और कर्मों को नए सिरे से परिभाषित और परिष्कृत करने का अवसर है। सनातन परंपरा के अनुसार, इसी पावन तिथि को ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना का प्रारंभ किया था। प्रकृति की दृष्टि से भी यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। चैत्र मास में वसंत ऋतु अपने चरमोत्कर्ष पर होती है; वृक्षों में नई कोपलें फूटती हैं और खेतों में फसलें लहलहाती हैं। प्रकृति के इस परिवर्तन को भारतीय संस्कृति ने केवल एक खगोलीय घटना नहीं, बल्कि जीवन के 'पुनर्जागरण' के रूप में स्वीकार करने का संदेश दिया है। यह पर्व प्रकृति और मनुष्य के बीच उस गहरे भावनात्मक संबंध यानी 'संवेदना' को पुनर्जीवित करता है। धार्मिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है क्योंकि इसी तिथि से 'वासंतिक नवरात्रि' का शुभारंभ होता है। नौ दिनों की यह शक्ति-उपासना प्रत्येक मानव को साधना, संयम और आत्म-अनुशासन का मार्ग दिखाती है। यह समय बाहरी कोलाहल के बीच आंतरिक जागरण और सकारात्मक ऊर्जा के संचय का है, जिससे हम एक अनुशासित जीवन जीने का संकल्प ले सकें।भारत की विशाल सांस्कृतिक विविधता में यह नववर्ष का प्रथम दिवस अलग-अलग नामों और रूपों में रचा-बसा है। महाराष्ट्र में इसे 'गुड़ी पड़वा', आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में 'उगादि', कश्मीर में 'नवरेह' और सिंधी समाज में 'चेटी चंड' के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। संकेत स्पष्ट है कि विशाल भारत में भले ही नाम और रीतियाँ भिन्न हों, लेकिन समय के स्वागत और संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना सर्वत्र एक समान है। आज के तकनीकी और भौतिकवादी युग में इस दिन का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि यह नव संवत्सर हमें याद दिलाता है कि वास्तविक प्रगति केवल भौतिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों से मापी जाती है। इस पवित्र पर्व के दिन यदि हम प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व, समाज में सह-अस्तित्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प लें, तो यह पर्व एक परंपरा से आगे बढ़कर उज्ज्वल भविष्य की नींव बन सकता है। नव संवत्सर हमें यह स्मरण भी कराता है कि प्रत्येक नया वर्ष केवल तारीखों का बदलना नहीं, बल्कि जीवन को नए दृष्टिकोण और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का एक ईश्वरीय आमंत्रण है। आइए, इस पावन अवसर पर हम सब भारतीय समय और सृष्टि के साथ कदम मिलाते हुए एक श्रेष्ठ समाज एवं आत्मनिर्भर विकसित राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लेते हैं।मेरा ऐसा मानना है कि विश्व के लोग यदि इस पर्व के मर्म को समझ पाते, तो आज जो वैश्विक अशांति और युद्ध का वातावरण व्याप्त है, उससे मुक्ति मिल जाती और 'विश्व बंधुत्व' की भावना को बल मिलता।

**डॉ. मनमोहन प्रकाश**

# सड़कें अब शुद्धिकरण का केंद्रः प्रदूषण को हराने वाला बायो-टावर

**[ हवा की जंग में जैविक जीतः दिल्ली का नया पर्यावरणीय मॉडल ]**

**[ प्रदूषण का जैविक जवाबः दिल्ली में माइक्रोएल्गी से बनी हरित क्रांति ]**

अब दिल्ली घुटती नहीं, जवाब देती है—और यह जवाब किसी मशीन ने नहीं, जीवित प्रकृति ने दिया है। बरसों से जहरीली हवा का बोझ ढोती राजधानी आज एक नई उम्मीद के साथ खड़ी है—माइक्रोएल्गी आधारित प्योरएयर टावर के रूप में। एयरोसिटी के पास एनएच-48 के व्यस्त कॉरिडोर पर स्थापित यह संरचना महज तकनीक नहीं, बल्कि विज्ञान और प्रकृति के अद्भुत संगम की जीवंत मिसाल है। सड़क के बीचों-बीच खड़ा यह 'जीवित एयर प्यूरीफायर' न केवल प्रदूषण को थाम रहा है, बल्कि उसे ऑक्सीजन में बदलकर शहर को नई सांस दे रहा है। यह पहल साफ संकेत देती है कि आने वाला शहरी भविष्य कंक्रीट से नहीं, बल्कि जैविक समाधान पर आधारित होगा।

जब सारे पारंपरिक उपाय बेअसर होकर ठहर गए, तब यह टावर एक शांत लेकिन प्रभावशाली क्रांति के रूप में उभरकर सामने आया। दिल्ली में पहले लगाए गए स्मॉग टावर बड़े, ऊर्जा-खपत वाले और सीमित प्रभाव वाले साबित हुए थे। इसके विपरीत, माइक्रोएल्गी प्योरएयर टावर सीधे उसी सड़क स्तर पर सक्रिय होता है, जहां प्रदूषण अपनी चरम सघनता पर होता है। यह न शोर करता है, न जटिल मशीनों पर निर्भर रहता है। इसके बजाय, यह सूक्ष्म शैवालों की प्राकृतिक प्रक्रिया का उपयोग करता है, जो प्रदूषकों को अपने पोषण के रूप में ग्रहण करते हैं। यह प्रणाली केवल प्रदूषण को रोकती नहीं, बल्कि उसे उपयोगी संसाधन में परिवर्तित करती है— यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है।

जब सूक्ष्मता ही असली ताकत बन जाए, तब माइक्रोएल्गी का विज्ञान अपने प्रभाव से चौंकाता है—छोटा आकार, पर व्यापक और ठोस असर। ये सूक्ष्म जीव पानी में रहते हुए पेड़ों की तरह प्रकाश संश्लेषण करते हैं, लेकिन कहीं अधिक तेज़ और दक्षता के साथ। सूर्य प्रकाश और एलईडी की सहायता से ये कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर ऑक्साइड तथा पीएम2.5 व पीएम10 जैसे कणों को अवशोषित करते हैं। शोध बताते हैं कि कुछ प्रजातियां पेड़ों की तुलना में 10 से 50 गुना अधिक कार्बन सोखने में सक्षम हैं। इस पूरी प्रक्रिया में न हानिकारक अपशिष्ट बनता है, न अतिरिक्त ऊर्जा लगती है—यह एक स्वाभाविक और सतत समाधान है।

जब एक छोटा-सा ढांचा ही 'हरे फेफड़े' की ताकत समेट ले, तब इस टावर की असली क्षमता सामने आती है। एक अकेला टावर सालाना लगभग 340 किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर सकता है और करीब 15 लाख लीटर ऑक्सीजन उत्पन्न करता है। इसका प्रभाव लगभग 15-20 परिपक्व पेड़ों के बराबर है, जबकि यह केवल कुछ वर्ग मीटर जगह घेरता है। शहरी इलाकों में, जहां जमीन सीमित है और पेड़ों को बढ़ने में वर्षों लगते हैं, यह टावर तुरंत सक्रिय होकर परिणाम देने लगता है। यह केवल हवा को शुद्ध नहीं करता, बल्कि उत्पन्न बायोमास को खाद या बायोचार में बदलकर सर्कुलर इकोनॉमी का भी सशक्त हिस्सा बनता है।

जब समाधान सिर्फ रोकने नहीं, बल्कि रूपांतरित करने लगे, तभी असली बदलाव जन्म लेता है—और यही नई सोच इस तकनीक में झलकती है। जहां पारंपरिक एयर प्यूरीफिकेशन सिस्टम प्रदूषण को फिल्टर में कैद कर आगे कचरे की नई समस्या खड़ी करते थे, वहीं यह टावर उसी प्रदूषण को उपयोगी संसाधन में बदल देता है। यह एक बायोमिमेटिक फोटोबायोरिएक्टर है—यानी प्रकृति की कार्यप्रणाली से प्रेरित प्रणाली। इसकी ऊर्जा खपत न्यूनतम, रखरखाव सरल और कार्यप्रणाली सतत है। इस दृष्टि से यह समाधान केवल पर्यावरण के लिए ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी कहीं अधिक टिकाऊ और व्यावहारिक है।

जब दूरदृष्टि और शोध की मजबूती मिलती है, तभी ऐसा नवाचार आकार लेता है जो वास्तव में असरदार हो। इस टावर के पीछे केवल तकनीक नहीं, बल्कि ठोस वैज्ञानिक सोच है। भारतीय वैज्ञानिकों और स्टार्टअप्स ने इसे स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप विकसित किया है। माइक्रोएल्गी की ऐसी प्रजातियां चुनी गई हैं जो दिल्ली की गर्मी, धूल और उच्च प्रदूषण में भी टिक सकें। साथ ही, इसमें रीयल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम है, जो वायु गुणवत्ता, अवशोषित कार्बन और उत्पन्न ऑक्सीजन की जानकारी देता है। यह डेटा-आधारित दृष्टिकोण भविष्य के शहरी नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

जब हवा ही ज़हर बन जाए, तब उसे शुद्ध करने वाला हर समाधान जीवनदाता बन जाता है—यही इस तकनीक की असली ताकत है। इसका सीधा असर आम लोगों की सेहत पर पड़ता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वायु प्रदूषण हर साल लाखों समयपूर्व मौतों का कारण बनता है। दिल्ली जैसे शहर में यह संकट और गहरा है, जहां सांस, हृदय और न्यूरोलॉजिकल बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में सड़क स्तर पर प्रदूषण घटाने वाला यह टावर बच्चों, बुजुर्गों और रोजाना सफर करने वालों के लिए किसी वरदान से कम नहीं। यह केवल हवा साफ नहीं करता, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाता है।

जब सड़कें सिर्फ रास्ता नहीं, बल्कि समाधान बनने लगें, तभी भविष्य की असली दिशा स्पष्ट होती है—जहां विकास और पर्यावरण साथ-साथ आगे बढ़ते हैं। यदि इस तकनीक को बड़े पैमाने पर अपनाया जाए, तो शहरों के हाईवे, फ्लाईओवर और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र प्रभावी 'बायो-डिवाइडर' में बदल सकते हैं। यह न केवल प्रदूषण को नियंत्रित करेगा, बल्कि शहरी हरियाली को एक नई पहचान और विस्तार देगा। सरकार और निजी क्षेत्र के मजबूत सहयोग से यह मॉडल देशभर में व्यापक रूप से लागू किया जा सकता है, जिससे भारत अपने नेट-जीरो लक्ष्यों की ओर और भी तेज़, ठोस और सतत कदम बढ़ा सकेगा।।

जब बदलाव की शुरुआत छोटे कदमों से होती है, तभी बड़े भविष्य की नींव रखी जाती है—और यही इस पहल का सार है। यह संदेश स्पष्ट है कि समाधान कहीं दूर नहीं, हमारे आसपास ही मौजूद हैं, बस उन्हें समझने और अपनाने की जरूरत है। माइक्रोएल्गी प्योरएयर टावर इस बात का जीवंत प्रमाण है कि प्रकृति के साथ तालमेल ही सबसे प्रभावी रास्ता है। दिल्ली की सड़कों पर खड़ा यह छोटा-सा टावर आने वाले समय में एक बड़े परिवर्तन का आधार बन सकता है। यह केवल तकनीक नहीं, बल्कि एक नई सोच का उद्घोष है—जहां विकास और पर्यावरण साथ-साथ, संतुलन के साथ आगे बढ़ते हैं।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# संपादकीय

## गुड़ी पड़वा : जहां परंपरा प्रेरणा बनती है और संस्कृति जीवित होती है

**नवसंवत्सर का प्रथम सूर्योदय : गुड़ी पड़वा की महिमा**

**एक ध्वज, अनंत अर्थ—गुड़ी पड़वा का जीवन और ब्रह्मांड दर्शन**

जब नई शुरुआत की पहली आहट समय के द्वार पर दस्तक देती है और प्रकृति मुस्कुराकर नवजीवन का स्वागत करती है, तब चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का पावन प्रभात एक अलौकिक आभा लेकर अवतरित होता है। यह केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन में नए सृजन, नई आशा और नए उत्साह का उज्ज्वल आरंभ है—जिसे हम गुड़ी पड़वा के रूप में मनाते हैं। स्वर्णिम किरणों के साथ जब यह दिन धरती को आलोकित करता है, तब हर आंगन में आशा की ध्वजा फहराती है और हर हृदय में नववर्ष का उत्साह उमड़ पड़ता है। यह उत्सव समय के चक्र में वह पवित्र बिंदु है, जहां अतीत का अनुभव और भविष्य की संभावनाएं एक साथ मुस्कुराती हैं।

जब इतिहास, आस्था और सृष्टि की स्मृतियां एक साथ जाग उठती हैं, तब गुड़ी पड़वा का असली महत्व सामने आता है। यह केवल परंपरा नहीं, बल्कि उस दिव्य क्षण की याद है जब ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की। यह दिन धर्म की विजय का प्रतीक है, जहां सत्य ने असत्य पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। श्रीराम का अयोध्या आगमन हो या छत्रपति शिवाजी महाराज का स्वराज्य—हर गाथा इस दिन जीवंत हो उठती है। शालिवाहन की विजय इसे नवसंवत्सर का आधार बनाती है और यह संदेश देती है कि हर संघर्ष का अंत विजय में ही होता है। यह संगम गुड़ी पड़वा को अमर परंपरा और साहस, विश्वास की ज्योति बनाता है।

जब प्रकृति स्वयं नवजीवन के उत्सव में डूब जाती है, तब इस दिन का खगोलीय और प्राकृतिक महत्व और भी स्पष्ट हो जाता है। वसंत का पूर्ण जागरण, सूर्य की कोमल ऊष्मा और खेतों में लहराती सुनहरी फसलें इस बात की साक्षी हैं कि धरती नई ऊर्जा से भर उठी है। रबी फसलों की कटाई और नई बुआई की तैयारी इस पर्व को किसान के जीवन से गहराई से जोड़ती है। यह दिन सहज ही यह संदेश देता है कि परिवर्तन ही जीवन का शाश्वत सत्य है, और हर अंत अपने भीतर एक नए आरंभ की संभावना संजोए होता है। इसी कारण गुड़ी पड़वा केवल धार्मिक उत्सव नहीं रहता, बल्कि यह प्रकृति, विज्ञान और जीवनदर्शन का अद्भुत संगम बन जाता है।

गुड़ी पड़वा का सबसे जीवंत रूप गुड़ी की स्थापना में दिखाई देता है, जो विजय और समृद्धि का प्रतीक है। ऊंचे बांस पर सजे रेशमी वस्त्र, कड़ुनिंब की पत्तियां, आम के तोरण, पुष्पमालाएं और शीर्ष पर तांबे का कलश—सब मिलकर एक दिव्य ध्वज बनाते हैं। यह सिर्फ सजावट नहीं, बल्कि आशा, एकता और अडिग विश्वास का संकल्प है। जब यह ध्वज पूर्व दिशा में लहराता है, तो ऐसा लगता है मानो सूर्य स्वयं इसकी आभा को नमन कर रहा हो। हर झोंका इसमें संदेश भर देता है—ऊपर उठो, आगे बढ़ो और हर परिस्थिति में विजय पाओ।

जब श्रद्धा और उत्साह घर की चौखट पर उतरते हैं, तब गुड़ी पड़वा के अनुष्ठान पूर्ण रूप में जीवंत हो उठते हैं। प्रातः स्नान के बाद परिवार मिलकर गुड़ी की स्थापना करता है, जो केवल परंपरा नहीं, बल्कि सामूहिक आस्था और आनंद का उत्सव बन जाती है। रंगोली, तोरण और नए वस्त्रों में सजे चेहरे घर को दिव्य आभा से भर देते हैं। मंत्रों की गूंज, दीपशिखा की उज्ज्वल लौ और धूप की सुगंध इस अनुष्ठान को सिर्फ पूजा नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और जीवन में मंगल की कामना का शक्तिशाली माध्यम बना देती हैं। जब स्वाद में भी परंपरा की आत्मा बसती है, तब यह उत्सव और भी पूर्ण हो उठता है। गुड़ी पड़वा के पारंपरिक व्यंजन केवल भोजन नहीं, बल्कि जीवन के संतुलन का संदेश हैं। कड़ुनिंब की कड़वाहट और मिठास का संगम यह सिखाता है कि जीवन के हर अनुभव का अपना महत्व है। पूरनपोली, श्रीखंड और अन्य पकवानों की सुगंध घर-आंगन में आनंद घोल देती है। यह पाक परंपरा केवल स्वाद की तृप्ति नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, संस्कृति और प्रकृति के संतुलन का प्रतीक है, जो हमें ऋतु के अनुरूप जीवन जीने की प्रेरणा देती है।

जब समाज एक साथ उल्लास में खिल उठता है, तब गुड़ी पड़वा अपनी पूर्णता को प्राप्त करता है। यह पर्व केवल घर तक सीमित नहीं, बल्कि गलियों, बाजारों और समुदायों में जीवंत हो उठता है। नृत्य, गीत, जुलूस और पारंपरिक वेशभूषा इस दिन को रंग और उत्साह से भर देते हैं। नई शुरुआत की हलचल और सपनों की तैयारी हर ओर दिखाई देती है। आधुनिक युग में भी यह पर्व अपनी जड़ों को संजोकर नई पीढ़ी को सिखाता है कि परंपरा ही भविष्य की ऊंचाइयों की नींव है। यह सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक चेतना का प्रखर प्रतीक बनकर उभरता है।

जब हर अंत एक नई शुरुआत का संकेत बन जाता है, तब गुड़ी पड़वा का वास्तविक अर्थ प्रकट होता है। यह केवल उत्सव नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला एक प्रखर संदेश है। यह अंधकार को चीरकर प्रकाश की राह दिखाता है और हर हृदय में आशा की ज्योति जगा देता है। यह हमें दृढ़ विश्वास दिलाता है कि हर नई शुरुआत अनंत संभावनाओं का द्वार खोलती है। यह पर्व समय से परे साहस, विश्वास और पुनर्निर्माण की जीवंत अनुभूति है। जब तक गुड़ी का ध्वज लहराता रहेगा, तब तक विजय का संकल्प अडिग रहेगा। इसका अमर संदेश सदा गूंजता रहेगा—हर दिन एक अवसर है और हर मन में एक नई सृष्टि रचने की शक्ति।

**कृति आरके जैन**

# रमजान की रात में गूंजती मौत की चीखें काबुल का अस्पताल बना कब्रिस्तान और इंसानियत हुई शर्मसार

काबुल की उस रात को शायद ही कोई भूल पाएगा जब आसमान से बरसती आग ने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। रमजान का पवित्र महीना चल रहा था जब लोग इबादत और सब्र के साथ अपने दिन गुजार रहे थे। उसी समय अचानक लड़ाकू विमानों की गूंज ने पूरे शहर को दहशत में डाल दिया। कुछ ही पलों में जोरदार धमाकों ने एक बड़े नशा मुक्ति अस्पताल को मलबे में बदल दिया। जहां जिंदगी को बचाने की कोशिशें होती थीं वहीं अब मौत का सन्नाटा पसरा हुआ था। यह घटना केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि मानवता के खिलाफ एक गहरी चोट बनकर सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस हमले में सैकड़ों बेगुनाह लोगों की जान चली गई और बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। अस्पताल में उस समय हजारों मरीज मौजूद थे जो अपने जीवन को सुधारने की उम्मीद लेकर वहां आए थे। लेकिन किसे पता था कि वही जगह उनकी आखिरी मंजिल बन जाएगी। घायल लोगों की चीखें मलबे में दबे लोगों की मदद की पुकार और चारों तरफ फैली तबाही ने इस घटना को और भी भयावह बना दिया। यह दृश्य किसी युद्ध क्षेत्र से कम नहीं था। तालिबान सरकार ने इस हमले को नरसंहार करार दिया है और कहा है कि यह सीधा हमला अफगानिस्तान की संप्रभुता पर है। उनके अनुसार यह हमला किसी भी मानवीय सिद्धांत के खिलाफ है और इसका जवाब दिया जाएगा। तालिबान के प्रवक्ता ने साफ शब्दों में कहा कि अब बातचीत और कूटनीति का समय खत्म हो चुका है। यह बयान इस बात की ओर इशारा करता है कि आने वाले समय में क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है। जब संवाद के रास्ते बंद हो जाते हैं तब संघर्ष और भी गहरा हो जाता है। दूसरी ओर पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उनका निशाना केवल आतंकवादी ठिकाने थे। उनका दावा है कि उन्होंने उन स्थानों पर हमला किया जहां से उनके खिलाफ गतिविधियां संचालित हो रही थीं। लेकिन सवाल यह उठता है कि यदि ऐसा था तो फिर एक अस्पताल कैसे निशाने पर आ गया। क्या यह खुफिया जानकारी की विफलता थी या फिर एक गंभीर लापरवाही। इन सवालों का जवाब अभी तक साफ नहीं है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे ज्यादा पीड़ा उन परिवारों को झेलनी पड़ रही है जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। कई लोग अपने घर के कमाने वाले सदस्य को खो चुके हैं तो कई बच्चों के सिर से माता पिता का साया उठ गया है। मलबे में बिखरी दवाइयां टूटे हुए बिस्तर और जले हुए कपड़े इस बात के गवाह हैं कि यहां कभी जिंदगी बचाने की कोशिशें होती थीं। अब वही जगह मौत की कहानी सुना रही है। भारत ने भी इस हमले की कड़ी निंदा की है और इसे कायरतापूर्ण बताया है।

भारत का कहना है कि निहत्थे नागरिकों पर हमला किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी इस मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। संयुक्त राष्ट्र ने भी इस घटना पर चिंता जताते हुए जांच की बात कही है। यह स्पष्ट है कि यह घटना केवल दो देशों के बीच का मामला नहीं रही बल्कि अब वैश्विक चिंता का विषय बन चुकी है। इतिहास गवाह है कि युद्धों में भी कुछ नियम और मर्यादाएं होती थीं। अस्पतालों को हमेशा सुरक्षित स्थान माना जाता था। वहां घायल सैनिकों और आम नागरिकों का इलाज किया जाता था और उन्हें किसी भी हमले से बचाया जाता था। लेकिन आज के समय में यह मर्यादाएं टूटती नजर आ रही हैं। जब अस्पताल जैसे स्थान भी सुरक्षित नहीं रह जाते तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर युद्ध और आतंक के बीच की रेखा कहां रह गई है। इस घटना ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या हम तकनीकी और सैन्य ताकत के घमंड में मानवता को भूलते जा रहे हैं। जब निर्दोष लोगों की जान जाती है तब कोई भी जीत असली जीत नहीं होती। यह केवल हार होती है इंसानियत की और नैतिक मूल्यों की। दुनिया को यह समझना होगा कि हिंसा का जवाब हिंसा नहीं हो सकता। तालिबान द्वारा बदले की बात कहना भी चिंता का विषय है। यदि बदले की भावना हावी होती है तो यह संघर्ष और भी भयानक रूप ले सकता है। इसका असर केवल अफगानिस्तान और पाकिस्तान तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता पर पड़ेगा। इसलिए जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय आगे आए और इस मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान खोजने में मदद करे। इस हमले ने उन सभी लोगों के दिलों को झकझोर दिया है जो मानवता में विश्वास रखते हैं। एक अस्पताल का कब्रिस्तान में बदल जाना केवल एक घटना नहीं बल्कि एक चेतावनी है। यह चेतावनी है कि यदि हम समय रहते नहीं संभले तो आने वाले समय में ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं। अंत में यही कहा जा सकता है कि युद्ध कभी भी किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता। यह केवल विनाश और पीड़ा लाता है। काबुल की यह त्रासदी हमें यह याद दिलाती है कि शांति ही एकमात्र रास्ता है जो मानवता को बचा सकता है। जरूरत है समझदारी की संवेदनशीलता की और उन मूल्यों को फिर से जीवित करने की जो हमें इंसान बनाते हैं।

**कांतिलाल मांडोत**

# भारतीय नवसंवत्सर का स्वर्णिम आरंभ

हिन्दू नववर्ष भारतीय संस्कृति का वह जीवंत प्रतीक है, जो केवल समय के परिवर्तन का संकेत नहीं देता, बल्कि जीवन के मूल्यों, परंपराओं और आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का संदेश भी लेकर आता है। जब चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि आती है, तब यह केवल एक तिथि नहीं रहती, बल्कि एक नई शुरुआत का उद्घोष बन जाती है। भारतीय पंचांग के अनुसार यही वह क्षण है जब एक नए संवत्सर का आरंभ होता है और प्रकृति स्वयं नवजीवन के रंगों से भर उठती है। यह नववर्ष ग्रेगोरियन कैलेंडर की तरह केवल गणनात्मक नहीं, बल्कि प्रकृति, खगोल और मानव जीवन के गहरे संबंधों पर आधारित है।

हिन्दू नववर्ष का आधार विक्रम संवत है, जो एक प्राचीन कालगणना प्रणाली है और आज भी भारत तथा नेपाल के कई भागों में प्रचलित है। यह पंचांग चंद्र और सूर्य दोनों की गति पर आधारित होता है, इसलिए इसे लूनी सोलर कैलेंडर कहा जाता है। इसकी विशेषता यह है कि यह प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने के लिए समय-समय पर अतिरिक्त माह अर्थात अधिमास को भी जोड़ता है, जिससे ऋतुओं और पर्वों का संतुलन बना रहे। यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण दर्शाता है कि भारतीय ऋषियों ने समय की गणना को केवल गणित नहीं, बल्कि जीवन और प्रकृति के समन्वय के रूप में देखा था।

मान्यता है कि इसी दिन सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण प्रारंभ किया था, इसलिए यह दिन सृष्टि के आरंभ का प्रतीक भी माना जाता है। यही कारण है कि हिन्दू नववर्ष को केवल सामाजिक या सांस्कृतिक पर्व नहीं, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह दिन मनुष्य को अपने जीवन की दिशा पर पुनर्विचार करने, नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने और आत्मशुद्धि का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है।

वर्ष 2026 में हिन्दू नववर्ष 19 मार्च को प्रारंभ होकर विक्रम संवत 2083 का आरंभ करता है, जो एक विशेष वर्ष भी माना जा रहा है क्योंकि इसमें अधिमास के कारण 13 महीने होंगे। यह तथ्य इस बात को और भी रोचक बनाता है कि भारतीय कालगणना कितनी सूक्ष्म और वैज्ञानिक रही है। यह नववर्ष वसंत ऋतु के आगमन के साथ आता है, जब प्रकृति में नवपल्लव फूटते हैं, फूल खिलते हैं और वातावरण में एक नई ताजगी का संचार होता है। यह दृश्य स्वयं इस बात का प्रतीक है कि जीवन में परिवर्तन और नवाचार अनिवार्य हैं।

भारत की सांस्कृतिक विविधता इस पर्व में अत्यंत सुंदर रूप से झलकती है। देश के विभिन्न भागों में इसे अलग-अलग नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है, जैसे महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में उगादी, बंगाल में पोइला बैसाख और सिंधी समाज में चेती चांद। नाम भले ही अलग हों, परंतु सभी में एक ही भावना निहित है नई शुरुआत, समृद्धि और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का स्वागत। यही विविधता भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी शक्ति है, जो एकता में अनेकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है।

हिन्दू नववर्ष का उत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह सामाजिक और पारिवारिक संबंधों को भी सुदृढ़ करता है। इस दिन लोग अपने घरों की सफाई करते हैं, नए वस्त्र धारण करते हैं, मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हैं और परिवार के साथ मिलकर विशेष भोजन का आनंद लेते हैं। घरों को फूलों, आम के पत्तों और रंगोली से सजाया जाता है, जो समृद्धि और शुभता का प्रतीक होता है। यह सब केवल परंपरा नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया भी है, जो व्यक्ति को पुराने नकारात्मक अनुभवों को छोड़कर नए सकारात्मक विचारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

इस पर्व का एक महत्वपूर्ण पहलू इसका आध्यात्मिक स्वरूप है। चैत्र नवरात्रि का आरंभ भी इसी दिन से होता है, जिसमें देवी दुर्गा के नौ रूपों की उपासना की जाती है। यह साधना केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि आत्म-अनुशासन, संयम और आत्मबल को विकसित करने का माध्यम है। उपवास, ध्यान और जप के माध्यम से व्यक्ति अपने मन को नियंत्रित करना सीखता है और जीवन के गहरे अर्थ को समझने का प्रयास करता है। इस प्रकार हिन्दू नववर्ष केवल बाहरी उत्सव नहीं, बल्कि आंतरिक परिवर्तन का भी अवसर है।

हिन्दू नववर्ष हमें यह भी सिखाता है कि जीवन में हर अंत एक नई शुरुआत का संकेत होता है। बीते हुए वर्ष की गलतियों और अनुभवों से सीख लेकर हम नए वर्ष में बेहतर निर्णय ले सकते हैं। यह पर्व हमें आशा, विश्वास और सकारात्मकता का संदेश देता है। यह हमें यह याद दिलाता है कि समय चक्र निरंतर चलता रहता है और हर नया वर्ष हमें स्वयं को सुधारने और आगे बढ़ने का अवसर देता है।

आधुनिक समय में जब वैश्वीकरण और पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है, हिन्दू नववर्ष का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ता है और हमारी पहचान को मजबूत करता है। यह युवा पीढ़ी को यह समझने का अवसर देता है कि हमारी परंपराएं केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी मार्गदर्शक हैं।

इसके साथ ही, यह पर्व हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीने की प्रेरणा देता है। वसंत ऋतु में शरीर और मन दोनों में एक नई ऊर्जा का संचार होता है, जिसे आयुर्वेद में स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी माना गया है। इस समय वातावरण शुद्ध होता है, सूर्य की किरणें शरीर को ऊर्जा प्रदान करती हैं और जीवन में संतुलन स्थापित करने का अवसर मिलता है। इस प्रकार हिन्दू नववर्ष केवल धार्मिक या सांस्कृतिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

आज के डिजिटल युग में भी हिन्दू नववर्ष अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह पर्व नई पीढ़ी तक पहुंच रहा है और लोग इसे नए उत्साह के साथ मना रहे हैं। यह परंपरा और आधुनिकता के सुंदर समन्वय का उदाहरण है, जहां प्राचीन मूल्य आधुनिक साधनों के माध्यम से आगे बढ़ रहे हैं।

अंततः हिन्दू नववर्ष एक ऐसा पर्व है, जो हमें जीवन के मूल सिद्धांतों की याद दिलाता है—संतुलन, संयम, सकारात्मकता और निरंतर विकास। यह केवल एक तिथि का परिवर्तन नहीं, बल्कि जीवन को नए दृष्टिकोण से देखने का अवसर है। जब हम इस दिन नए संकल्प लेते हैं, तो यह केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक उन्नति की दिशा में भी एक कदम होता है। इस नववर्ष पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को संजोकर रखेंगे और उन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएंगे। यही हिन्दू नववर्ष का वास्तविक संदेश है नवीनता के साथ परंपरा का सम्मान और जीवन में संतुलन का मार्ग। यही वह सवेरा है, जो केवल एक वर्ष का नहीं, बल्कि पूरे जीवन का मार्गदर्शन करता है।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### विदाई: शिक्षिका के सेवानिवृत्ति समारोह में उमड़ा सम्मान



**खड्डा,कुशीनगर।** जनपद के खड्डा ब्लॉक अंतर्गत कम्पोजिट स्कूल बंजारीपट्टी स्थित ब्लॉक संसाधन केन्द्र पर मंगलवार को प्रधानाध्यापिका एवं नोडल शिक्षक संकुल पुष्पा रानी राय के सेवानिवृत्ति के अवसर पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार रहे, जबकि संचालन पूर्व आरपी खड्डा इजहार अंसारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुष्पा रानी राय को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने उनके दीर्घ, समर्पित सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सफल भविष्य की कामना की। विदाई के भावुक क्षणों में पुष्पा रानी राय ने एक भावपूर्ण गीत प्रस्तुत कर सभी का आभार व्यक्त किया, जिससे उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम के दौरान न्याय पंचायत की वरिष्ठ शिक्षिकाओं ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत और सम्मान किया। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक ओमप्रकाश यादव, नासरुद्दीन अंसारी, उमेंद्र नाथ सिंह, पवन गुप्ता, शिवमलेश पंकज, एआरपी संजीव श्रीवास्तव, विद्यासागर, संदीप कुमार श्रीवास्तव, श्रीमती नीतिका, अभिषेक पांडेय, निर्मला यादव सहित न्याय पंचायत के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### मारपीट व गाली-गलौज करने का आरोप

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत महदेइया निवासी रामतिलक साहनी ने थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैकुंठपुर बोदवार निवासी एक युवक पर बालू खनन कर ट्रैक्टर-ट्राली से खेत के रास्ते ले जाने से विरोध जताने पर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले में राम तिलक साहनी ने उपजिलाधिकारी नौतनवां को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित राम तिलक साहनी ने आरोप लगाया है कि बैकुंठपुर बोदवार निवासी एक युवक द्वारा ट्राली पर लोड कर खेत के रास्ते बालू ले जाया जा रहा था। खेत के रास्ते बालू ले जाने से खेत खराब हो रहा था। आरोप है कि खेत के रास्ते बालू ले जाने से मना करने पर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट किया गया है तथा सरकारी नौकरी बताकर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी नौतनवां को लिखित शिकायती पत्र देकर जांच-पड़ताल कर कार्यवाही की मांग की है।

### घरेलू गैस किल्लत व महंगाई के विरुद्ध एनएसयूआई ने खोला मोर्चा, किया प्रदर्शन



**देवरिया।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष धनंजय यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने घरेलू गैस की किल्लत, कालाबाजारी और बढ़ती महंगाई के विरोध में सुभाष चौक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता गैस सिलेंडर और गोबर के उपले लेकर पहुंचे और प्रतीकात्मक विरोध जताया। 'रसोई बचाओ, सरकार जगाओ ', 'चूल्हा ठंडा, सरकार मौन' और 'गैस दो या गद्दी छोड़ो' जैसे नारों के साथ कार्यकर्ता धूप में बैठकर विरोध जताते रहे। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने कहा कि बढ़ती महंगाई ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द गैस आपूर्ति व्यवस्था नहीं सुधरी और कालाबाजारी पर रोक नहीं लगी, तो कांग्रेस आंदोलन तेज करेगी। प्रदर्शन में ऋषि यादव, अमीत गुप्ता, जुलेखा खातून, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, रीता देवी, निर्मला वर्मा, डॉ. सीपी चौहान, जयप्रकाश धनगर, अजीत, सुनील कुमार यादव, मीना, आरती सिंह, संजय यादव, प्रिंस शाह, राजू कुशवाहा, अभय शुक्ला, इजहार, प्रतीक यादव, शंशाक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पडरौना नगरपालिका के ढाई साल पूरे, अध्यक्ष विनय जायसवाल ने गिनाई उपलब्धियां

**●-अध्यक्ष ने रखी विकास योजनाओं की रूपरेखा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पडरौना,कुशीनगर।** नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने दूसरे कार्यकाल के ढाई वर्ष पूरे होने पर उपलब्धियों और आगामी योजनाओं का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में पडरौना नगरपालिका लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है और शहर की पहचान प्रदेश स्तर पर मजबूत हुई है।

उन्होंने बताया कि शहर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। रात में फंसे यात्रियों के लिए पथिक वाहन सेवा और बीमारों के लिए एम्बुलेंस सेवा संचालित की जा रही है। साफ-सफाई व्यवस्था को मजबूत करते हुए प्रमुख चौराहों का नामकरण महापुरुषों के नाम पर किया गया है तथा उनकी प्रतिमाओं की नियमित देखभाल भी सुनिश्चित की जा रही है।

नगरपालिका भवन के ऊपरी तल पर वातानुकूलित लाइब्रेरी की स्थापना की गई है, जहां छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं। इस लाइब्रेरी से जुड़े 26 छात्रों ने नीट, यूपी पुलिस सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल की है। इसके अलावा 110 कुओं का जीर्णोद्धार, 10 मंदिरों का पुनरुद्धार और 48 मंदिरों का रंग-रोगन कराया गया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निशुल्क सिलाई-कढ़ाई केंद्र भी संचालित किया जा रहा है।

अध्यक्ष ने बताया कि कल्याण मंडपम का निर्माण पूरा हो चुका है और जल्द ही इसे नगरपालिका को हैंडओवर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के लिए उन्होंने व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री से मिलकर सिफारिश की थी। आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सुराजी पोखरा के दूसरे चरण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जिसे करीब 1.80 करोड़ रुपये की लागत से रिवर फ्रंट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। शिवम पोखरा पर 1.44 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जबकि कांटी, अहिरौली दीक्षित और अंबे चौक समेत आठ पोखरों का सुंदरीकरण कर छठ घाट बनाए जाएंगे। कठकुइयां मोड़ स्थित आंबेडकर पार्क के सुंदरीकरण पर 66 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे, जहां शेड, वाचनालय और अन्य सुविधाएं विकसित होंगी।

उन्होंने बताया कि पालिका क्षेत्र में 25 सड़कों का निर्माण शीघ्र शुरू होगा। कूड़ा निस्तारण के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की शुरुआत होने जा रही है और वर्तमान में चारों पहर साफ-सफाई कराई जा रही है। शहर के प्रमुख मार्गों–सुभाष चौक से दमवतिया, कठकुइयां मोड़ से परसौनी नहर पुल और राज दरबार से धोबहा पुल तक स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। सुभाष चौक पर वातानुकूलित ग्रीन शौचालय का निर्माण भी जल्द शुरू होगा।

यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नहर पटरी पर वेंडर जोन विकसित किया जाएगा। साथ ही जल निगम द्वारा 132 करोड़ रुपये की लागत से 365 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी है, जिससे 26 हजार परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा और हर घर नल योजना के तहत निशुल्क कनेक्शन दिए जाएंगे। अंत में अध्यक्ष ने कहा कि 'क्लीन पडरौना-ग्रीन पडरौना' उनका मुख्य लक्ष्य है और इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा।

## कंपोजिट विद्यालय केशव नगर की छात्रा का नवोदय विद्यालय मे हुआ चयन



**मनकापुर गोण्डा –** शिक्षा क्षेत्र बभनजोत के कंपोजिट विद्यालय केशव नगर ग्रांट बभनजोत गोण्डा की कक्षा 5 की छात्रा श्रद्धा वर्मा पुत्री विनोद कुमार वर्मा का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हो गया है जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में चयनित होकर छात्रा श्रद्धा वर्मा ने विद्यालय परिवार अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया।सफलता का श्रेय श्रद्धा वर्मा ने अपने गुरुजनो सहित परिवार को दिया है।विद्यालय के समस्त स्टॉफ द्वारा चयनित छात्रा को फूल माला से सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना किया। विद्यालय परिवार संजय वर्मा इंचार्ज प्रधानाध्यापक,पृथ्वी राज दूबे,अखिलेश कुमार, संतोष कुमार गुप्ता,असीम वर्मा उर्फ राहुल, राम तौल वर्मा, सरिता वर्मा,जय प्रकाश मिश्रा,मोल्हू प्रसाद वर्मा,सुमन यादव,मालती वर्मा, शान्ती यादव सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

# सहजनवां में विदेश भेजने के नाम पर 85 हजार की ठगी, आरोपी पर केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सहजनवां :गोरखपुर।** सहजनवां थाना क्षेत्र में विदेश भेजने के नाम पर एक व्यक्ति से 85 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने मुख्य आरोपी के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से आरोपी फरार बताया जा रहा है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, सहजनवां थाना क्षेत्र के सहबाजगंज निवासी महेंद्र प्रताप सिंह पुत्र रामनाथ सिंह को विदेश भेजने का झांसा देकर कुशीनगर जनपद के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के इंदपुर निवासी परविंदर पुत्र शिवलाल पासवान ने अपने जाल में फंसा लिया। आरोपी ने भरोसा दिलाया कि वह जल्द ही विदेश में नौकरी दिलवा देगा। इस पर विश्वास करते हुए पीड़ित ने आरोपी के कहने पर उसके साथियों के खातों में कुल 98 हजार रुपये जमा कर दिए।

बताया जा रहा है कि यह रकम इलताफ पुत्र शकूरल्लाह निवासी टोला मुकुंदपुर, जिला महाराजगंज तथा इब्राहिम पुत्र बेचू निवासी वार्ड नंबर 13 सुभाष नगर, थाना कप्तानगंज, जिला कुशीनगर के बैंक खातों में ट्रांसफर कराई गई। आरोपी द्वारा पैसे जमा कराने की रसीद भी पीड़ित को दी गई, जिससे उसे भरोसा हो गया कि प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। लेकिन छह महीने बीत जाने के बाद भी न तो पीड़ित को विदेश भेजा गया और न ही उसकी रकम वापस की गई। जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने टालमटोल शुरू कर दिया और बाद में जान से मारने की धमकी देने लगा। इससे परेशान होकर पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी के आदेश पर सहजनवां पुलिस ने आरोपी परविंदर पुत्र शिवलाल पासवान के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नाबालिग का अपहरण कर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार, पॉक्सो एक्ट में कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जिले में नाबालिग लड़कियों की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना सिकरीगंज पुलिस ने अपहरण और पॉक्सो एक्ट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में राहत की भावना देखी जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दिनेश कुमार पुरी एवं क्षेत्राधिकारी खजनी दीपांशी राठौर के मार्गदर्शन में अपराध नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष आशीष कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 17 मार्च 2026 को हरदत्तपुर मोड़ लिंक एक्सप्रेसवे के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राज कुमार पुत्र जयप्रकाश निवासी ग्राम बलुआ उर्फ बलुसड़ थाना सिकरीगंज, जनपद गोरखपुर (उम्र करीब 20 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से अपहृत नाबालिग किशोरी रोशनी (काल्पनिक नाम), उम्र करीब 15 वर्ष, को सकुशल बरामद किया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाने का अपराध किया था। इस संबंध में पीड़िता की बहन द्वारा थाना सिकरीगंज में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की और सटीक सूचना के आधार पर आरोपी को धर दबोचा।

इस प्रकरण में आरोपी के खिलाफ मु0अ0सं0 0071/2026 के तहत धारा 137(2), 87, 64(1) बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अरविंद सिंह यादव, महिला उपनिरीक्षक ज्योति यादव, कांस्टेबल नरेंद्र यादव और महिला कांस्टेबल मालती मझवार की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि इस तरह की किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### कौड़िया क्षेत्र के रहने अभिनंदन ने गोण्डा का बढ़ाया मानः नवोदय प्रवेश परीक्षा में जिले में किया टॉप



**गोण्डा।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित होने के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है। कौड़ियां के बेलभरिया गांव के रहने वाले मेधावी छात्र अभिनंदन मिश्रा ने पूरे गोंडा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।अभिनंदन पुत्र अनिल कुमार मिश्रा एम्स ग्रोइंग स्कूल कौड़िया बाजार में कक्षा पांच का छात्र है।उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और रवि कोचिंग सेंटर के मार्गदर्शन को दिया है।रवि कोचिंग सेंटर के संचालक रवि कुमार मिश्र ने बताया कि अभिनंदन शुरू से ही पढ़ने में होशियार रहा है। अभिनंदन की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के प्रधानाध्यापिका मालती त्रिपाठी, कृष्ण कुमार, लाल बाबू, वशिष्ठ तिवारी,राम जी शुक्ल, मुन्ना मिश्र, सहित क्षेत्र के तमाम लोगों ने बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। अभिनंदन ने बताया कि वह भविष्य में सिविल सेवा में जाकर देश की सेवा करना चाहते हैं।

# फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा टोला महुलानी निवासी 26 वर्षीय विवाहित का शव उसके ही कमरे में छत की कुण्डी से लटकता हुआ मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा टोला महुलानी निवासी दिलीप पासवान की 26 वर्षीय पत्नी सन्दनी पासवान का शव उसके कमरे में साड़ी के फंदे से लटकता हुआ मिला। बताया जाता है कि मृतका सन्दनी पासवान अपने मामा के घर से मंगलवार की देर शाम को घर आई तथा भोजन बनाकर पूरे परिवार को भोजन कराने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई। बुधवार की सुबह खाना बनाकर मृतका सन्दनी अपने कमरे में गाना बजा रही थी। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर सास फूलमती देवी जब कमरे में पहुंची तों बहू सन्दनी गले में साड़ी का फंदा लगाकर लटकी हुई थी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका की सास फूलमती देवी की सूचना पर डायल 112 व थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने मौके का गहनता से जांच-पड़ताल किया। फोरेंसिक जांच के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका का मायका नेपाल राष्ट्र के जिला रूपंदेही मर्चवार के कटया में है। मृतका सन्दनी पासवान के दो पुत्र कार्तिक (6) व कृष्णा (4) है। मां के मौत के बाद दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक महिला का पति दिलीप पासवान व बड़ा भाई बुद्धिराम नेपाल राष्ट्र के पोखरा में पेंट पालिस का कार्य कर जीवन यापन करते हैं। वहीं पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह का कहना है कि मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में जांच पडताल की जा रही है।

# जमीन दिलाने के नाम पर 22.30 लाख की जालसाजी केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवां गोरखपुर–** सहजनवां में दो जालसाजो ने मिलकर एक व्यक्ति को झांसे में लेकर जमीन दिलाने के नाम पर 22.30 लाख रुपया हड़प कर फरार चल रहे है। एसएसपी के आदेश पर दो जलसाजो के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी से थाना रामगढ़ताल क्षेत्र के राजीव नगर फलमंडी निवासी आशीष कुमार त्रिपाठी पुत्र स्व पारसनाथ त्रिपाठी को जमीन की आवश्यकता थी। उनका संपर्क सावन कुमार त्रिपाठी पुत्र राधेश्याम त्रिपाठी निवासी भीटी थाना पीपीगंज तथा अभय कुमार पाण्डेय निवासी बडगहन से हुआ। दोनों झांसा दिया कि गीडा में एक प्लाट है। जिसको हम एडवांस दे चुका हूं। जमीन बैनामा होने के बाद उस जमीन की रजिस्ट्री कर देगें। धोखे से दोनों ने 4 सितंबर 2023 को एके ट्रेडर्स के खाते में 10 लाख,27 सितम्बर 2023 को रुद्रा ईंटरप्राइजेज के खाते में 10 लाख खाते में मंगाया,उसी दिन जालसाज ने अपने पिता के खाते में 1.80 लाख रुपया मंगा लिया। काफी समय बीत जाने के बाद जलसाजो ने भूमि बैनामा नहीं कराया। जमीन रजिस्ट्री करने की बात कहने पर दोनों टालमटोल करते रहे। जब जालसाजी का एहसास हुआ तो उसने अपना दिया गया रकम मांगने शुरू तो जालसाज बहाना कर गुमराह करते रहे। बहुत दवाब बनाने पर 2 लाख रुपया ऑनलाइन भेजे। 22 जुलाई 2025 को सुबह 8 बजे जालसाज अपने निवास बडगहन थाना गीडा अपने घर पर बुलाया। जहां दोनों जालसाज मौजूद थे। देखते ही गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाया। आदेश पर पुलिस ने जालसाज सावन कुमार त्रिपाठी और अभय कुमार पाण्डेय के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर लिया है।

# खड्डा में बाल विवाह रोकने को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला

**●- 60 प्रतिभागियों ने लिया संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**खड्डा, कुशीनगर।** मानव सेवा संस्थान के तत्वावधान में पंचायत भवन पकड़ी वृजलाल, खड्डा में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ जिला स्तरीय कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त बाल विवाह के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान श्रीकिषुन यादव ने की। कार्यशाला में कुल 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें लगभग 50 किशोरियों और स्थानीय महिलाओं की सक्रिय सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए दुर्गेश कश्यप ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य समाज में फैली बाल विवाह की कुरीति को समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि जागरूकता के माध्यम से ही इस सामाजिक बुराई पर रोक लगाई जा सकती है।

अध्यक्षता कर रहे ग्राम प्रधान श्रीकिषुन यादव ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर ऐसे अभियान बेहद जरूरी हैं, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अमरावती ने बाल विवाह को कानूनन अपराध बताते हुए कहा कि इसके विरुद्ध कड़े दंड का प्रावधान है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास होने वाली ऐसी घटनाओं की सूचना संबंधित विभाग को दें और इसे रोकने में सहयोग करें। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अन्नपूर्णा देवी, आशा कार्यकर्ता विशाखा तिवारी, इन्द्रवती सिंह, उर्मिला चौहान एवं संगीता चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने बाल विवाह को समाज के लिए गंभीर समस्या बताते हुए इसके उन्मूलन हेतु जन-जागरूकता को आवश्यक बताया।

झ कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने बाल विवाह मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। अंत में रजत गुप्ता ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानव सेवा संस्थान आगे भी समाजहित में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

# नवरात्र विशेषः बारानगर की बीर कालिका माता- आस्था, चमत्कार और श्रद्धा का अद्भुत संगम


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला बाजार–** गोरखपुर जनपद के दक्षिणांचल में स्थित गोला तहसील क्षेत्र का प्रसिद्ध देवी स्थल बारानगर बीर कालिका माता मंदिर इन दिनों नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से आने वाले हर भक्त की मनोकामना मां कालिका अवश्य पूर्ण करती हैं। यही कारण है कि मंदिर परिसर में प्रतिदिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है और पूरा वातावरण घंट-घड़ियाल व जयकारों से भक्तिमय बना रहता है। गोला ब्लॉक के ग्राम सभा बारानगर में, तहसील मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण, सरयू नदी के तट पर स्थित यह प्राचीन मंदिर सदियों से श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक रहा है। नवरात्र के दिनों में यहां विशेष रूप से जनसैलाब उमड़ पड़ता है, लेकिन सामान्य दिनों और खासकर रविवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर की उत्पत्ति को लेकर स्थानीय स्तर पर कई मान्यताएं प्रचलित हैं। बताया जाता है कि प्राचीन काल में सरयू नदी गांव से दूर बहती थी। एक दिन मल्लाह समुदाय के लोगों को नदी में एक पिंड बहता हुआ दिखाई दिया, जिसे वे गांव में ले आए और स्थापित कर दिया। इसके बाद नाविकों को नदी पार करने में कठिनाइयां आने लगीं। तभी गांव के शिवमंगल मल्लाह को स्वप्न में माता का आदेश मिला कि पिंड को गांव के बाहर एक विशेष स्थान पर स्थापित किया जाए। स्वप्न के अनुसार पिंड को घने जंगल में स्थापित किया गया, जिसके बाद सरयू नदी की धारा स्वयं उस स्थान के पास बहने लगी और नाविकों की समस्याएं भी समाप्त हो गईं। तभी से यह स्थान चमत्कारी और पूजनीय माना जाने लगा। समय के साथ इस निर्जन स्थान पर फलाहारी संत बाबा बोधी दास जी पहुंचे और यहां तपस्या कर इस स्थल को विकसित किया। उनके प्रयासों से मंदिर परिसर में हनुमान मंदिर और धर्मशाला का निर्माण हुआ। आज भी उनकी समाधि यहां श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनी हुई है। यहां मुंडन, कथा, कड़ाही जैसे विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान नियमित रूप से सम्पन्न होते हैं। दूर-दराज के जिलों से भी श्रद्धालु वाहन से पहुंचकर माता के दरबार में मत्था टेकते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं। मन्नत पूरी होने पर भक्त पुनः यहां आकर धन्यवाद स्वरूप पूजा-अर्चना करते हैं।

# बौद्धिक संपदा अधिकार आज के ज्ञान-आधारित समाज की आधारशिला: कुलपति प्रो.कविता शाह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर–** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के विज्ञान संकाय द्वारा बुधवार को गौतम बुद्ध प्रेक्षागृह में भारत सरकार के लक्ष्य विकसित भारत 2047 के संदर्भ में बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से 'बौद्धिक संपदा अधिकारः विकसित भारत2047 में प्रासंगिकता' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 कविता शाह एवं डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा की कुलपति प्रो0 आशु रानी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो0 आशु रानी ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार नवाचार, अनुसंधान एवं तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क एवं डिज़ाइन जैसे अधिकार न केवल शोधकर्ताओं और आविष्कारकों के कार्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में भी सक्षम बनाते हैं। साथ ही, यह भी बताया गया कि आईपीआर का प्रभावी उपयोग देश की आर्थिक वृद्धि, औद्योगिक विकास और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो0 कविता शाह ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार आज के ज्ञान-आधारित समाज की आधारशिला हैं। यदि हम विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करना चाहते हैं, तो हमें नवाचार, अनुसंधान और रचनात्मकता को बढ़ावा देना होगा तथा उनके संरक्षण के लिए प्रभावी आईपीआर प्रणाली को अपनाना होगा।' विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो0 प्रकृति राय ने विषय प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे छात्रों में नवाचार की भावना विकसित करें । प्रो एस के श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उपस्थित सभी के आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अश्वनी कुमार, परीक्षा नियंत्रक दीनानाथ यादव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीता यादव ,शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो जितेंद्र कुमार सिंह सिंह , प्रो कौशलेन्द्र चतुर्वेदी , डॉ. लक्ष्मण सिंह, डॉ. अमित साहनी , डॉ. मयंक कुशवाहा, डॉ. अब्दुल हफीज, डॉ शिवम शुक्ला , डॉ. रेनू त्रिपाठी, ,डॉ विमल वर्मा सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सञ्चालन डॉ शिल्पी श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु एवं डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के मध्य शोध सहयोग एवं शैक्षणिक विकास हेतु समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर एवं डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के मध्य शैक्षणिक एवं शोध सहयोग को बढ़ावा देने हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। यह समझौता दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अनुसंधान सहयोग, संयुक्त विकास कार्यक्रमों तथा पाठ्यक्रम साझेदारी को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस दौरान दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने आपसी सहयोग को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। आई क्यू ए सी निदेशक प्रो. सौरभ ने बताया कि समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान संयुक्त रूप से शोध परियोजनाओं पर कार्य करेंगे, विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए आदान-प्रदान कार्यक्रम संचालित करेंगे तथा विभिन्न विषयों में विशेषज्ञता साझा करेंगे। इसके साथ ही, नवीन पाठ्यक्रमों के विकास, कार्यशालाओं, सेमिनारों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन भी किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### राजश्री फार्मेसी कालेज के छात्र-छात्राओं ने किया केमिकल इंडस्ट्री का औद्योगिक भ्रमण



**बरेली/रिठौरा।** राजश्री कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बरेली के डी0फार्मा0 पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने राजश्री फाइन केमिकल इंडस्ट्री इंडिया प्रा0 लि0, तिलहर, शाहजहाँपुर का औद्योगिक भ्रमण किया। इंडस्ट्री के निर्देशक ऋषभ बंसल के निर्देशन में छात्र-छात्राओं को वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट की बारीकियों से अवगत कराया। संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि औद्योगिक भ्रमण से छात्र-छात्राओं को भविष्य में जॉब करने के अलावा विभिन्न स्टार्टअप शुरू करके अपने रोजगार को खड़ा करने में आधारभूत जानकारी प्राप्त होती है। राजश्री फाइन केमिकल इन्डस्ट्री प्रा0लि0 के संतोष खरे, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट इन्चार्ज रविन्द्र कुमार एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट मोहन सिंह ने प्लान्ट की कार्यप्रणाली, एच0आर0 प्रबन्धन तथा वाणिज्यिक प्रक्रियाओं को समझाया। वाटर ट्रीटमेन्ट यूनिट, पैकेजिंग यूनिट, आटोमेशन सिस्टम, क्वालिटी टैस्टिंग लैब का भी भ्रमण कराया।

### डाकघर को बम की धमकी का मेल, निकली अफवाह

**सर्च ऑपरेशन में कुछ नहीं मिला**

**सुल्तानपुर-** प्रधान डाकघर में बुधवार दोपहर करीब 11 बजे बम रखे होने की धमकी का एक ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया। पोस्टमास्टर ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे। सीओ सिटी सौरभ सामंत के नेतृत्व में कोतवाली नगर पुलिस प्रधान डाकघर पहुंची और पूरी बिल्डिंग व परिसर को खाली कराया। पुलिस टीम ने बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड के साथ मिलकर डाकघर के हर कमरे और पूरे परिसर की गहन तलाशी ली। इस दौरान डाक कर्मियों और आम लोगों में दहशत का माहौल रहा। करीब आधे घंटे तक चले इस व्यापक तलाशी अभियान में डाक परिसर में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। सीओ सिटी सौरभ सामंत ने बताया कि मौके पर कानून व्यवस्था सामान्य है और जांच के दौरान कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है। पोस्टमास्टर सुरेंद्र कुमार चौबे के अनुसार, धमकी भरा ईमेल सुबह करीब 11 बजे प्राप्त हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस को सूचित किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने लगभग डेढ़ घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को आश्वस्त किया है कि डरने वाली कोई बात नहीं है।

### बलरामपुर के सोहेलवा से काटी गई शीशम और सागौन की 24 बोटा लकड़ी बरामद, दो गिरफ्तार



**बलरामपुर।** सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग के बनकटवा रेंज में अवैध कटान नहीं थम रहा है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और वन विभाग की टीम ने अलग-अलग स्थानों से शीशम और सागौन की लकड़ी का 24 बोटा बरामद किया है। दो आरोपितों को भी गिरफ्तार किया है।नौवीं बटालियन एसएसबी को गदेलानाका सीमा चौकी क्षेत्र में अवैध जंगली लकड़ी के भंडारण की जानकारी मिली थी। एसएसबी ने वन विभाग को जानकारी दी। इसके बाद संयुक्त टीम गठित कर अभियान चलाया गया। टीम ने पहले ग्राम बिनहौनी में एक संदिग्ध मकान पर छापा मारा। तलाशी के दौरान जंगली शीशम की लकड़ी बरामद की गई।मौके से बड़कऊ को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के आधार पर संयुक्त टीम ने ग्राम हिंदुलीकलां में भी छापेमारी की। यहां से जंगली सागौन की लकड़ी बरामद की गई और मकान से मुंशी पांडेय को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों स्थानों से कुल 24 बोटा अवैध जंगली लकड़ी जब्त की गई, जिसे वन विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया है। यह लकड़ी अवैध कटान कर संग्रहित की गई थी और तस्करी की आशंका जताई जा रही है।वन क्षेत्राधिकारी शत्रोहन लाल ने बताया कि क्षेत्र में अवैध कटान और लकड़ी तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही आमजन से भी अपील की गई है कि इस प्रकार की गतिविधियों की जानकारी तत्काल संबंधित विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# जनकल्याण की दिशा नौ दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ भव्य शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उरई(जालौन)-** उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित नौ दिवसीय विकास मेले एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार, जलशक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, कालपी विधायक प्रतिनिधि आशुतोष चतुर्वेदी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में मेले का शुभारंभ हुआ।

प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के विगत 9 वर्षों तथा केन्द्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से आमजन को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है, साथ ही पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। यह मेला 18 मार्च से 26 मार्च 2026 तक कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न थीम आधारित कार्यक्रमों जैसे युवा, महिला, किसान एवं श्रमिक कल्याण पर विचार गोष्ठियां एवं संवाद सम्मेलन आयोजित होंगे। इसके साथ ही सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जाएगा। किसान सम्मेलन में पशुपालन एवं गौ-सेवा के आर्थिक मॉडल, नस्ल सुधार एवं कृषि अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। वहीं, जनपद की सांस्कृतिक विरासत, पौराणिक महत्व एवं गौरवशाली परंपराओं को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है। मेले में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, स्टार्ट-अप एवं मुद्रा योजना आदि के तहत पात्र लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया जाएगा। साथ ही, ऋण मेला एवं रोजगार मेला आयोजित कर युवाओं को स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। विशेष आकर्षण के रूप में





एक जनपद एक उत्पाद/व्यंजन के अंतर्गत फूड कोर्ट में पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए हैं, जो आगंतुकों को स्थानीय स्वाद से रूबरू कराएंगे।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि विगत 9 वर्षों में जनपद जालौन ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और यह प्रदर्शनी आमजन को योजनाओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगी। साथ ही, आमजन से सुझाव भी आमंत्रित किए जा रहे हैं जिससे जनपद के समग्र एवं दीर्घकालिक विकास की रणनीति को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। नौ दिवसीय इस मेले में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा तथा उनकी सफलता की प्रेरक कहानियां साझा की जाएंगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, अपना दल एस के जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी आदि अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# वार्षिक उत्सव में बच्चों ने मनभावन प्रस्तुतियां देकर किया आनंदित सांसद ने बच्चों को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** ग्लोबल पब्लिक स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, भोजीपुरा ब्लाक प्रमुख योगेश पटेल रहे। अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष रश्मि पटेल ने फीता काट कर किया।इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार ने अपने संबोधन में कहा दीपक और बाती की तरह गुरु और शिष्य का रिश्ता होता है।जो खुद जलकर दूसरों को प्रकाश देता है।

छात्र जीवन सब बाधाओं से दूर सीखने की सबसे उत्तम समय सीमा है। जिसमें वह जीवन को आदर्शमय बनाने के लिए गुरूओं से ज्ञान प्राप्त करता है। वहीं जिलाध्यक्ष श्री मती पटेल ने कहा विद्यालय परिसर में प्रवेश करने पर सभी को अपना बचपन याद आता है।गुरूओं की डांट और दुलार जीवन को सुगम और राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करती है। प्रबंधक मनोज कुमार, प्रधानाचार्या



प्रेमवती, चित्रांश पटेल ने अतिथियों को बुके भेंटकर सम्मानित किया।

छात्र- छात्राओं ने दिल छू लेने वाली प्रस्तुतियां देकर सभी को आनंदित कर दिया। कार्यक्रम में बैलकम सांग, बम -बम भोले, रंग दे बसंती चोला, गरवा, हरियाणवी सांग, रंगोली प्रतियोगिता, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का दिल जीत लिया। इस दौरान सभी छात्र- छात्राओं को सांसद श्री गंगवार ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षिका सुचेत निगम, ऋषि सक्सेना,सीमा कनौजिया, मंजूषा शर्मा, अभिषेक शर्मा, आबिद खान, पुत्तु लाल, रामदास सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सरवाकल कैंसर से बचाव के टीकाकरण का ब्लॉक प्रमुख ने फीता काट कर किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली**/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्यों लड़िया पर आज सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण करने का कार्य प्रारंभ हो गया इसका उद्घाटन भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार गंगवार ने फीता काटकर किया ज्ञात रहे इस टीकाकरण के लिए सरकार द्वारा देहात में उपलब्ध कराया गया है। इसके लिए क्यों लड़िया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अब यह सुविधा उपलब्ध हो गई है इसके लगवाने के लिए किशोरी की 14 वर्ष आयु पूरी होनी चाहिए और 15 वर्ष से अधिक नहीं इसके लिए ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने उद्घाटन करने के बाद स्वतंत्र प्रभात से बात करते हुए कहा सर्वाइकल कैंसर एक भयंकर बीमारी है इसका टीका निजीकरण में बहुत महंगा होने के कारण।

गरीब देहात के लोग नहीं लगता पा रहे थे जिसके लिए भाजपा की देश व प्रदेश की सरकार ने गरीबों के हित में इसे उपलब्ध कराया है यह सरकार की बड़ी उपलब्धि है उन्होंने जनता से अपील की वह इसका






अधिक से अधिक लाभ उठाएं इसी क्रम में यहां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद मुगीश ने बताया 1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 के बीच जन्म लेने वाली सभी किशोरियों की आयु 14 वर्ष पूर्ण हो गई है।

और 15 से कम होने पर ही एच पी वी वैक्सीन का टीका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्यों लड़िया में निशुल्क ओपीडी समय में कक्ष संख्या 11 में लगाया जा रहा है टीकाकरण करवाने के लिए लाभार्थी को अपना आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर होना आवश्यक है यदि लाभार्थी का मोबाइल नंबर उपलब्ध नहीं है तो उसके पिता का मोबाइल नंबर होना आवश्यक है यह टीकाकरण शासन की तरफ से बिल्कुल मुफ्त लगाया जा रहा है। इसका लाभ उठाकर अधिक से अधिक लोग इस भयंकर बीमारी से बचने के लिए अस्पताल जाकर टीका लगवाएं यहां पर उपस्थित भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मोहम्मद मुगीश के साथ वरिष्ठ ए एन एम पिंकी शर्मा एवं अन्य स्टाफ मौजूद था कुछ किशोरियों को ब्लॉक प्रमुख की मौजूदगी में ही टीकाकरण किया गया।

# पंचायत में खूनखराबा करने वाला दामाद पुलिस मुठभेड़ में हुआ ढेर पुलिस को बधाई

**● सास-साले की चाकू से हत्या के बाद फरार था आरोपी, पुलिस पर फायरिंग के बाद जवाबी कार्रवाई में लगी गोली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में पंचायत के दौरान सास और साले की बेरहमी से हत्या करने वाले आरोपी अफसर उर्फ बौरा को मंगलवार तड़के पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर आरोपी की घेराबंदी की गई थी। खुद को पुलिस से घिरा देख उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी। घायल आरोपी को जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव रहपुरा चौधरी में सोमवार को पारिवारिक विवाद सुलझाने के लिए पंचायत बुलाई गई थी। बताया जा रहा है कि आरोपी अफसर खान का अपनी 24 वर्षीय पत्नी सायमा से लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद को सुलझाने के लिए दोनों पक्षों के लोग गांव में बैठे थे। इसी दौरान अचानक आरोपी अफसर खान ने चाकू निकाल लिया और वहां मौजूद लोगों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

**सास और साले की मौके पर मौत**

हमले में उसकी 45 वर्षीय सास आसमा और 19 वर्षीय साला आदिल गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन और ग्रामीण उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

**पत्नी भी गंभीर रूप से घायल**

आरोपी ने अपनी पत्नी सायमा पर भी हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

**घटना से गांव में मचा हड़कंप**

घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल फैल गया। सूचना मिलने पर इज्जतनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में



टीमें लगा दी थीं।

**घेराबंदी के दौरान पुलिस पर की फायरिंग**

मंगलवार तड़के पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी इलाके में छिपा हुआ है। पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी ने खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लग गई।

**अस्पताल ले जाते समय हुई मौत**

घायल आरोपी को पुलिस जिला अस्पताल ले जा रही थी, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की आगे की जांच की जा रही है।

# बरेली क्षेत्र में तितलियों की घटती प्रजातियाँ: जैव विविधता संरक्षण की आवश्यकता चंचल श्रीवास्तव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली**/डॉ. चंचल श्रीवास्तव सहा. प्रवक्ता, जंतु विज्ञान विभाग के द्वारा शोध पत्र के अनुसार, प्रकृति की सुंदरता का प्रतीक मानी जाने वाली तितलियाँ अपनी रंग-बिरंगी पंखों और आकर्षक बनावट के कारण फूलों की रानी कहलाती हैं। वैज्ञानिक वर्गीकरण में तितलियां लेपिडोप्टेरा क्रम से संबंधित होती हैं, जिनकी विश्वभर में लगभग 1.8 लाख प्रजातियां पाई जाती हैं। इनकी पहचान उनके पंखों पर मौजूद सूक्ष्म स्केल्स और विशेष पैटर्न से होती है।

वैज्ञानिक ,वैदिक और प्राचीन मान्यताओं में तितलियों को ईश्वर का संदेशवाहक माना गया है, जो आशा और सकारात्मकता का प्रतीक हैं। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि तितलियां अत्यंत संवेदनशील जीव होती हैं और उनका अस्तित्व पेड़-पौधों तथा फूलों पर निर्भर करता है। इनके पंखों में मौजूद रसायन फेरोमोन के रूप में कार्य करते हैं, जो संचार और प्रजनन में सहायक होते हैं।

जीवन चक्र और अनुकूल मौसम विशेषताएं तितलियों के लिए अनुकूल समय सितंबर-अक्टूबर तथा वसंत ऋतु फरवरी-मार्च माना जाता है। इस समय वातावरण अपेक्षाकृत गर्म होता है और फल-फूल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध रहते हैं, जिससे तितलियां अपने जैविक चक्र को आसानी से पूरा कर पाती हैं। अंडा , लार्वा , प्यूपा और वयस्क इनके पंखों के रंग और पैटर्न न केवल आकर्षण का केंद्र होते हैं बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और परागण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सामान्यत, तितलियों का जीवनकाल चार सप्ताह से लेकर लगभग नौ माह तक माना जाता है।

उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों, विशेषकर बरेली जिले में लगभग 20 प्रजातियां दर्ज हैं। इनमें से 13-15 प्रजातियां सामान्य रूप से देखने को मिलती हैं, जबकि 2-3 प्रजातियां विशेष रूप से बागानों, फल-फूलों और फसल चक्र वाले क्षेत्रों में दिखाई देती हैं। हालांकि कुछ प्रजातियां जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय बदलावों के कारण धीरे-धीरे कम होती जा रही हैं। भारत में तितलियों की स्थिति लगभग 1500 प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें से लगभग 35 प्रजातियां गंभीर रूप से संकटग्रस्त और 43 प्रजातियां संकटग्रस्त श्रेणी में आती हैं।

35 गंम्भीर संकटग्रस्त प्रजाति यों में से दो प्रजातियां बरेली की न्यूनतम चिंता ग्रस्त कैसर-ए- हिंद-Teinopalpus imperialis, भूटान गौरवः(Bhutanitis ludlowi) श्रेणी के अंतर्गत रखी गई है। जो बरेली की एक अपनी पहचान और विस्तार को नष्ट कर सकती है। वन्यजीव संरक्षण के अंतर्गत वन्यजीव संरक्षण अधिनियम1972 के तहत कई तितली प्रजातियों को संरक्षण प्रदान किया गया है। इस अधिनियम की विभिन्न अनुसूचियों में अनेक प्रजातियों को शामिल किया गया है। स्थानीय संरक्षण गतिविधियां बरेली के इज्जतनगर क्षेत्र में स्थित आईबीआरआई परिसर में तितलियों की कई प्रजातियां, जो यहां की जैव विविधता और संरक्षण प्रयासों को दर्शाती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार तितलियों की घटती संख्या के पीछे कई कारण हैं,पेड़-पौधों और फूलों की प्रजातियों में कमी, फसल चक्र में लगातार परिवर्तन, जलवायु परिवर्तन, बढ़ता प्रदूषण शहरीकरण, मानव हस्तक्षेप और आवासीय क्षेत्रों का विस्तार, पर्यावरण के प्रति जागरूकता का अभाव

नई पीढ़ी में जागरूकता की कमी आज के समय में बच्चों और युवाओं में तितलियों के प्रति आकर्षण कम होता जा रहा है। मोबाइल फोन, इंटरनेट और आधुनिक तकनीक के अत्यधिक उपयोग के कारण प्राकृतिक जीवों के प्रति उनकी पहचान और रुचि घटती जा रही है।

संरक्षण की आवश्यकता डॉ. चंचल श्रीवास्तव सहा. प्रवक्ता, जंतु विज्ञान विभाग के द्वारा शोध पत्र, में यह पाया गया है , यदि समय रहते तितलियों के संरक्षण के लिए



कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में कई प्रजातियां विलुप्त हो सकती हैं। पर्यावरण, फसल चक्र, जैविक चक्र, फूड चेन, जीव जंतुओं की खाद्य श्रृंखला के साथ-साथ पोलिनेशन और फसल चक्र के क्रम प्रभावित होंगे। जो बायोलॉजिकल और इकोसिस्टम के साथ-साथ बायोडायवर्सिटी के लिए नुकसानदायक है इसके लिए आवश्यक है जन- जागरूकता और जीव संरक्षण के तहत इनके रखरखाव और उनकी संरक्षण के लिए आगे आकर गवर्नमेंट के तकनीकी आयाम के साथ समाजसेवी संस्थाओं को युवा शक्ति के साथ जोड़कर उनके बचाव की पहल करना आवश्यक है शैक्षिक कार्यक्रमों, शोध, गीत-कविताओं, पर्यावरण अभियानों और जन-जागरूकता के माध्यम से लोगों को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाए।

# पति पत्नी के बीच हुई मामूली कहासुनी- संदिग्ध परिस्थितियों में पत्नी की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिल्कीपुर,अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के धमथुआ मुगलन गांव में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद हुई मारपीट में पत्नी की मौत हो गई। सूचना मिलने पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, धमथुआ मुगलन गांव निवासी 30 वर्षीय गायत्री पत्नी अरविंद कुमार के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई । देखते ही देखते मामूली सी कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिसमें अरविंद कुमार ने कथित तौर पर अपनी पत्नी गायत्री को मार दिया, जिससे वह अचेत हो गई।

गायत्री की गंभीर हालत देखकर परिजन उन्हें इलाज के लिए पहले कुमारगंज बाजार स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने उन्हें किसी अन्य अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद अरविंद कुमार और अन्य परिजन बीते मंगलवार की ही रात करीब 2:30 बजे गायत्री को सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले गए। इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के चिकित्सक के मुताबिक, जब महिला को अस्पताल लाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल प्रशासन ने घटना की जानकारी कुमारगंज पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और मृतका के मायके वालों को सूचना दी। मायके वालों के आने के बाद पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका गायत्री के तीन बच्चे हैं, जिनमें बड़ी बेटी अर्ज 7 वर्ष, मीठी 5 वर्ष और ढाई वर्ष का बेटा शिवांश शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना कुमारगंज संतोष कुमार ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। वहीं दूसरी ओर मृतका के मायके पक्ष के लोग हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

# घनश्याम तिवारी हत्याकांड: दो आरोपी दोषी करार

**● कोर्ट 24 मार्च को सुनाएगी सजा, ढाई वर्ष में आया फैसला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर-** चर्चित चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड मामले में बुधवार को अदालत ने दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। अपर जिला जज (एडीजे) संध्या चौधरी ने मुख्य अभियुक्त अजय नारायण सिंह और सह-अभियुक्त दीपक सिंह को दोषी मानते हुए जेल भेज दिया। कोर्ट अब 24 मार्च को सजा के बिंदु पर फैसला सुनाएगी। यह मामला 23 सितंबर 2023 का है, जब लंभुआ के सखौली कला गांव निवासी डॉ. घनश्याम तिवारी की कोतवाली नगर के नरायनपुर गांव में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। उनकी पत्नी निशा तिवारी ने इस संबंध में स्थानीय कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस ने इस मामले में नरायनपुर गांव के अजय नारायण सिंह, उनके पिता जगदीश नारायण सिंह, चचेरे भाई विजय नारायण सिंह और मायंग गांव के ड्राइवर दीपक सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।



सुनवाई के दौरान आरोपी जगदीश नारायण सिंह और विजय नारायण सिंह का निधन हो गया था। इसके बाद अजय नारायण सिंह और दीपक सिंह के खिलाफ मुकदमा चल रहा था।

अभियोजन पक्ष की ओर से डीजीसी क्रिमिनल राम अचल मिश्र की निगरानी में वादी मुकदमा निशा तिवारी के अधिवक्ता संतोष पांडेय और एडीजीसी क्रिमिनल पवन दुबे ने पैरवी की। शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार दूबे ने न्यायालय के फैसले पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय मिला है। इस बहुचर्चित हत्याकांड में कोर्ट के फैसले का सभी को बेसब्री से इंतजार था। अब सभी की निगाहें 24 मार्च पर टिकी हैं, जब अदालत दोषियों को सजा सुनाएगी।

# चैत्र नवरात्रि आज से: सज गए माँ दुर्गा के दरबार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर।** चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व शुरू होने वाला है। धर्मनगरी सुल्तानपुर में इसे लेकर विशेष उत्साह का माहौल है। शहर के प्रमुख मंदिरों में माँ दुर्गा के दरबार को सजाने का काम युद्ध स्तर पर जारी है। इस संबंध में माँ दुर्गा मंदिर के पंडित दीपक कृष्ण शास्त्री ने पर्व की महिमा और तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

सुल्तानपुर के मंदिरों में इन दिनों रौनक देखते ही बन रही है। चैत्र नवरात्रि के स्वागत के लिए मंदिरों को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है। श्रद्धालु अपनी श्रद्धा के अनुसार माँ की सेवा में जुटे हैं। मंदिर के पुजारी पंडित दीपक कृष्ण शास्त्री ने बताया कि नवरात्रि का पर्व भक्तों के लिए आत्मशुद्धि और माँ की असीम कृपा पाने का सबसे बड़ा अवसर होता है।

पंडित दीपक कृष्ण शास्त्री ने बताया कि 'नवरात्रि के पावन पर्व के लिए यहाँ विशिष्ट रूप से सभी तैयारियाँ की जा रही हैं। सजावट और लाइटिंग का काम अंतिम चरण में है।' उन्होंने आगे कहा कि वर्ष में



दो गुप्त और दो मुख्य (शारदीय और चैत्र) नवरात्र होते हैं, जिनमें चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है। इन नौ दिनों में भक्त पूर्ण व्यवस्था के साथ व्रत रखते हैं और अपनी भक्ति के माध्यम से माँ को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं।

मंदिर परिसर को भव्य रूप देने के लिए विशेष लाइटिंग और डेकोरेशन की जा रही है। पंडित के अनुसार, जिनके पास कुछ नहीं है, वे भी इस पर्व पर माँ की सेवा के लिए विशेष कर्म करने का प्रयास करते हैं। नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में श्रद्धालु उपवास रखकर माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना करेंगे। इस पर्व का मुख्य उद्देश्य भक्तों के भीतर ईश्वर के प्रति गहरी श्रद्धा और भक्ति का संचार करना है। प्रशासन ने भी पर्व को लेकर अपनी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं।

लंभुआ क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध पौराणिक मां सत्यनारायणी धाम में नवरात्रि की रौनक देखने को मिल रही है। मां सत्यनारायणी सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि नौ दिनों तक प्रतिदिन सैकड़ो भक्त माता रानी का पूजन करने आते हैं। प्रत्येक रविवार को भी यहां भक्तों की विशाल आस्था देखने को मिलती है।

### भदोही में गैस संकट को लेकर सपा महिला सभा का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**भदोही।** जनपद में गैस सिलेंडर की कथित किल्लत और बढ़ती महंगाई के विरोध में समाजवादी महिला सभा ने जिला मुख्यालय ज्ञानपुर स्थित लोहिया ट्रस्ट परिसर में प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलामहासचिव प्रर्मिला यादव एवं प्रदेश महासचिव रीता प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर और लाल चूड़ियों के साथ विरोध जताते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। सपा नेत्री अंजनी सरोज ने कहा कि प्रदेश में गैस सिलेंडर की कमी और बढ़ती महंगाई से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, जिसका सबसे अधिक असर महिलाओं पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जमीनी हकीकत को नजरअंदाज कर रही है और गैस की कमी नहीं होने का दावा जनता को भ्रमित करने वाला है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार से तत्काल गैस आपूर्ति सुचारु करने की मांग की, साथ ही नाराजगी जताते हुए सरकार के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कंचन सोनकर, अंकित राजपूत, राजेन्द्र दुबे, किरन, सरोज, सुशीला गोड, शिवरानी, राजकुमारी व जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र पप्पू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## पीपरगांव हत्याकांड में लोजपा ने पीड़ित परिवार को दी एक लाख रुपये की मदद



**भदोही।** ज्ञानपुर कोतवाली क्षेत्र के पीपरगांव में हुए जैसलाल सरोज हत्याकांड के पीड़ित परिवार के साथ लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) लगातार खड़ी नजर आ रही है। पार्टी का प्रतिनिधिमंडल तीसरी बार पीड़ित परिवार से मिला और उन्हें आर्थिक सहयोग प्रदान किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के निर्देश तथा उत्तर प्रदेश प्रभारी व सांसद अरुण भारती के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान के माध्यम से पीड़ित परिवार को 1,00,000 रुपये की सहायता राशि सौंपी। यह राशि केंद्रीय नेतृत्व द्वारा विशेष रूप से परिवार की मदद के लिए भेजी गई थी। प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि जब तक दोषियों को कड़ी सजा नहीं मिलती, पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि इस मामले को सड़क से लेकर संसद तक उठाया गया है और संसद में भी इसकी आवाज बुलंद की गई। इस दौरान कमल तिवारी (प्रदेश महासचिव व भदोही प्रभारी), विकास पाण्डेय, छोटे लाल पासवान, आशुतोष सिंह, धनंजय दूबे, शिवम मिश्रा, आशीष पासवान, झूलन अंसारी समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा 'पुलिस पेंशनर्स' के साथ की गई गोष्ठी

### अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन



दिनांक-18.03.2026 को शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के 'पुलिस पेंशनर्स' के साथ पुलिस लाईन ज्ञानपुर सभागार में गोष्ठी की गई। पुलिस पेंशनर्स की गोष्ठी के माध्यम से सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के बीच एक दूसरे से दूरी कम करने का सार्थक प्रयास है। गोष्ठी के दौरान उनकी समस्याओं/सुझावों को सुना गया। साथ ही उनसे अपेक्षा की गई कि वह पुलिस की कार्य प्रणाली से भलि-भांति परिचित होते है, असामाजिक तत्वों के संबंध मे कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर उच्चाधिकारियों को सूचित करते हुये उनके द्वारा सहयोग प्रदान किया जाय। उनकी कोई व्यक्तिगत समस्या हो तो वह अपनी बात संबंधित थाने एवं उच्चाधिकारियो के संज्ञान मे निःसंकोच अपनी समस्या से अवगत करायें। समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि जब भी कोई सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उनके थाने पर उपस्थित हो तो उसकी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण किये जाने हेतु तत्काल कार्यवाही करें साथ ही थानों पर बनाए गए 'पुलिस पेंशनर्श' रजिस्टर को अध्यावधिक रखा जाए।

## प्राचीन भुआलेश्वर नाथ मंदिर का क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी ने किया निरीक्षण



**सीखड़ मीरजापुर।** विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत भुआलपुर में स्थित शंकर भगवान के मन्दिर का मंगलवार शायं क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी पुरातत्व इकाई वाराणसी के डॉ रामनरेश पाल द्वारा गांव में स्थित प्राचीन भुआलेश्वर महादेव मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया गया।वहीं प्राचीन मंदिर के निर्माण की बारीकियों व कला कृतियों तथा उसके इतिहास के विषय में उपस्थित लोगों से जानकारी प्राप्त की जिससे आने वाले समय में पुरातत्व विभाग द्वारा मंदिर को संरक्षित किया जा सके। साथ में पुरातत्व विभाग से रवि रंजन, रूपेश झा, क्षेत्रीय गणमान्य ललितशेखर त्रिपाठी, ग्राम प्रधान मनोज कुमार त्रिपाठी, नीरज पाण्डेय, सुनील पाल, प्रिंस सेठ, रविशंकर त्रिपाठी, प्रिंस पाण्डेय, विनोद कुमार पाण्डेय, कलित शेखर, राकेश त्रिपाठी,डब्बू त्रिपाठी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

# भदोही में 'नवनिर्माण के 9 वर्ष' कार्यक्रम का आयोजन, विकास पुस्तिका का विमोचन व उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण

» लखनऊ से मुख्यमंत्री कार्यक्रम का सजीव प्रसारण
» 9 दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारम्भ, योजनाओं की झलक
» जनप्रतिनिधियों ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'नवनिर्माण के 9 वर्ष' कार्यक्रम के तहत जनपद भदोही के विकास भवन सभागार में भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान लखनऊ स्थित लोक भवन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया, जिसका सजीव प्रसारण भदोही में भी देखा गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर 'नवनिर्माण के 9 वर्ष' के तहत 9 दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने इन स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश में निवेश और विकास का माहौल बेहतर हुआ है और सरकार की नीतियों के कारण हर वर्ग को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कानून व्यवस्था में सुधार और रोजगार के अवसरों में वृद्धि को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। विधायक औराई दीनानाथ भास्कर ने प्रेस वार्ता के दौरान सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि प्रदेश में निवेश, रोजगार, कृषि, महिला सशक्तिकरण, कानून व्यवस्था और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, महिला उद्यमी योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, प्राकृतिक खेती, माटी कला योजना आदि का उल्लेख किया।



जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी विभाग प्रतिबद्ध हैं और जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वहीं, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल ने रोजगार सृजन से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न लाभार्थियों को टूलकिट और प्रमाण पत्र वितरित किए गए, साथ ही ग्राम प्रधानों को भी सम्मानित किया गया। सूचना विभाग के कलाकारों ने लोकगायन के माध्यम से सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लाभार्थियों और आमजन की भागीदारी देखने को मिली, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## भदोही में गैस संकट को लेकर सपा महिला सभा का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**भदोही।** जनपद में गैस सिलेंडर की कथित किल्लत और बढ़ती महंगाई के विरोध में समाजवादी महिला सभा ने जिला मुख्यालय ज्ञानपुर स्थित लोहिया ट्रस्ट परिसर में प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलामहासचिव प्रर्मिला यादव एवं प्रदेश महासचिव रीता प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर और लाल चूड़ियों के साथ विरोध जताते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। सपा नेत्री अंजनी सरोज ने कहा कि प्रदेश में गैस सिलेंडर की कमी और बढ़ती महंगाई से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, जिसका सबसे अधिक असर महिलाओं पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जमीनी हकीकत को नजरअंदाज कर रही है और गैस की कमी नहीं होने का दावा जनता को भ्रमित करने वाला है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार से तत्काल गैस आपूर्ति सुचारु करने की मांग की, साथ ही नाराजगी जताते हुए सरकार के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कंचन सोनकर, अंकित राजपूत, राजेन्द्र दुबे, किरन, सरोज, सुशीला गोड, शिवरानी, राजकुमारी व जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र पप्पू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भदोही में 501 क्षय रोगियों को पोषण पोटली, डीएम ने शुरू किया विशेष अभियान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए औराई ब्लॉक सभागार में 501 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई। यह आयोजन सूर्या सेवा संस्थान के प्रबंधक सूर्यमणि तिवारी के सहयोग से सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने अपने हाथों से सभी मरीजों को पोषण पोटली वितरित करते हुए क्षय रोग को जड़ से समाप्त करने के लिए 6 माह का विशेष अभियान चलाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह पहल मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होगी और जनपद को टीबी मुक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

डीएम ने सूर्यमणि तिवारी की सराहना करते हुए कहा कि 501 मरीजों को गोद लेकर किया गया यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को अभियान को गंभीरता से चलाने के निर्देश भी दिए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने क्षय रोग के लक्षण, जांच और उपचार की जानकारी देते हुए समय पर इलाज की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में सीएचसी औराई के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कृष्णा दुबे ने सभी का आभार व्यक्त किया और सामूहिक प्रयासों से जनपद को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर बीडीओ दिलीप पासी, डॉ. राजीव पांडेय, डॉ. अमित सिंह, डॉ. राहुल द्विवेदी, डॉ. पंकज, डॉ. विनोद कुमार सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भदोही कोतवाली का औचक निरीक्षण कर एसपी ने व्यवस्था सुधारने को दिए सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने थाना भदोही का देर रात औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय व्यवस्था और अभिलेखों के रख-रखाव का गहनता से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने लंबित विवेचनाओं और प्रार्थना पत्रों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्हें समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी मामले में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति केंद्र और साइबर हेल्प डेस्क का भी अवलोकन किया गया। महिला अपराध से संबंधित शिकायतों पर तत्काल और संवेदनशील कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके।



इसके साथ ही एसपी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव और पुलिसकर्मियों के बेहतर टर्नआउट पर विशेष ध्यान देने को कहा। गर्मी के मौसम को देखते हुए उन्होंने आगंतुकों और पीड़ितों के लिए स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर ही बेहतर कार्यप्रणाली और जिम्मेदारी तय होने से आम जनता का विश्वास मजबूत होगा। निरीक्षण के दौरान मौजूद पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने की हिदायत दी गई।

## गोपीगंज के रुद्र आर्य ने नवोदय में पाई सफलता, 14वीं रैंक से बढ़ाया क्षेत्र का मान

**गोपीगंज।** नगर पालिका गोपीगंज क्षेत्र के होनहार छात्र रुद्र आर्य ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 14वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार ही नहीं, पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रुद्र आर्य, जो सुजीत कुमार के पुत्र हैं, ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह सफलता हासिल की। नवोदय क्लासेज के शिक्षक अंकुश बिंद ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 से 12 तक सीबीएसई पैटर्न पर निःशुल्क शिक्षा के साथ आवास और भोजन की सुविधा भी दी जाती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्रों को बेहतर अवसर मिलता है। परिजनों ने रुद्र की सफलता का श्रेय उसकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। वहीं क्षेत्रवासियों ने भी बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रुद्र ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुओं को देते हुए बताया कि उसका लक्ष्य आगे चलकर नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनना है। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा में कुल 80 छात्रों ने भाग लिया था, जिसमें रुद्र ने 14वीं रैंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में भदोही में हुआ बनवासी श्रमिकों अन्य निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों का पंजीयन एवं लीगल लिटीसरी जागरूकता कैंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही!** आज दिनांक 18,03,2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव के आदेशानुसार पंचायत भवन पिपरिस में लीगल एंड क्लीनिक एवं जागरूकता के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई तथा श्रम विभाग और मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के द्वारा संयुक्त रूप से BOC2 उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्यसनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड एवं ई श्रम कार्ड, बनावाने का कैम्प लगाया गया। जिसमे लगभग 90 श्रमिक मौजूद रहे जिसमें 25 श्रमिकों का पंजीयन श्रम विभाग द्वारा हुआ बाकी श्रमिकों का आधार कार्ड में मोबाइल नंबर नहीं लिंक होने के बजह से रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया ।इसी क्रम में प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन पेंशन योजना




के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बताया गया कि इसी माह में दो और कैंपों का आयोजन किया गया है तथा श्रम विभाग द्वारा संस्था को और अधिक से अधिक कैम्प लगवाने की बात कही है ताकि जितने भी मुसहर/वनवासी समुदाय के लोग है उनको सरकार की योजनाओं का हितलाभ समय समय पर दिया जा सके। इस अवसर पर मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान भदोही, से पिंकी लक्ष्मी, मीरा मौर्या, राकेश मौर्या, बबीता पाल, उपस्थित रहे। विवेक आचार्य पंचायत सहायक, पिपरिश दीपक मौर्या, बीरेन्द यादव, मौजूद रहे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से श्री नरेंद्र मिश्रा न्याय मित्र एवं इंद्रेश कुमार न्याय मित्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत तिवारी द्वारा किया गया।

# योग कार्यशाला सकुशल सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 11 मार्च 2026 से 17 मार्च 2026 तक आयोजित योग प्रशिक्षण कार्यक्रम-योग सप्ताह का समापन मंगलवार को सकुशल सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला द्वारा छात्र छात्राओं को सफलतापूर्वक योग सप्ताह में प्रतिभाग करने के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और योग सप्ताह के दौरान कराये गए योगासन प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।



उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग का प्रयोग अपने दैनिक जीवन में शरीर और मन के बीच स्थिरता एवं संतुलन बनाए रखने के लिए प्रतिदिन अवश्य करना चाहिए।उन्होंने बताया कि शीतली प्राणायाम के द्वारा छात्र छात्राएं गर्मी के दिनों में अपने शरीर को शीतल बनाए रख सकते हैं और ग्रीष्मकालीन परीक्षा की तैयारी सरलता से कर सकते हैं। कार्यक्रम के संयोजक अरविन्द कुमार ने योग सप्ताह का सात दिनों की आख्या का वाचन एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक योगी राम ध्यान सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह, डॉ विद्या सिंह, डॉ रमेश चंद्र, श्री पारस नाथ सिंह,जय प्रकाश, कुर्बान, मोहित एवं 90 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# दैवीय आपदा मामलों में पोस्टमार्टम अनिवार्य, अनुपस्थित अधिकारी पर कार्रवाई के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक में आपदा से जुड़े मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। समिति के सभापति डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनपद के अधिकारियों के साथ आपदा प्रबंधन तैयारियों और राहत कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में डॉ. निर्मल ने स्पष्ट निर्देश दिया कि दैवीय आपदाओं, विशेषकर सर्पदंश से होने वाली मौतों के मामलों में पोस्टमार्टम अनिवार्य रूप से कराया जाए, ताकि पीड़ित परिवारों को सहायता राशि मिलने में कोई बाधा न हो। इस दौरान अधीक्षण अभियंता विद्युत भदोही के बैठक में अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी को स्पष्टीकरण मांगने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

समिति ने आपदा से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया।




प्राथमिक विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों को आपदा मित्रों के माध्यम से प्रशिक्षण देने, बाढ़ व आपदा प्रभावित क्षेत्रों में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत करने तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों का ऑडिट कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही डेंगू, मलेरिया व फाइलेरिया जैसे रोगों की पांच वर्षों की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने, संचारी रोग अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने और मजदूरों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन कराया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्लॉक सभागार में प्रदेश सरकार का 9 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हलिया, मीरजापुर।** स्थानिय ब्लॉक सभागार में बुधवार को खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश सरकार का 9 वर्ष पूर्ण होने पर सम्मानित जनप्रतिनिधियों व ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी, आशा, सचिव आदि सहित कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार की उपलब्धियों एवं चल रही योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा कि। खंड विकास अधिकारी विजयशंकर त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश सरकार का नौ वर्ष पुर्ण होने पर समन्वय कार्यक्रम कर सरकार की उपलब्धियों व योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुचाया जाना है। इस मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी कमलेश कुमार, सीएम फेलो गौरव कुमार, एडीओ एजी नरेंद्र कानपुरिया, जेई एम आई विजय कुमार,भटवारी प्रधान राजेश मौर्य, थोथा प्रधान राजेश यादव, मझिगवा प्रधान भूपेंद्र सिंह लोग उपस्थित रहे।

# फर्म के साथ ग्राम प्रधान व सचिव ने मिलकर किया धोखाधड़ी व पैसे का गमन व किया गया है टेंडर क्रॉसिंग

● ग्राम पंचायत में आधार अधूरा कार्य करा कर निकाला गया है भरपूर पैसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मीरजापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत नौगंवा के ग्राम प्रधान व सचिव के द्वारा फर्म के साथ किया गया है धोखाधड़ी व गमन साथ ही साथ टेंडर क्रॉसिंग करके कराया गया है फर्जी भुगतान फर्म के मालिक संतोष कुमार पांडे ने बताया कि शिव शक्ति वेल्डिंग मैटेरियल एंड ऑर्डर सप्लायर को प्रधान ग्राम पंचायत नौगंवा बिटोला देवी व सचिव आलोक भारती द्वारा 28-02-2024 को पंचायत भवन पर बुलाकर मैटेरियल सप्लाई हेतु कहा गया जब प्रार्थी ने भुगतान के संबंध में पूछा तो यह आश्वासन किया गया कि भुगतान आपका फर्म पर होगा प्रार्थी ने मैटेरियल सप्लाई का कार्य मार्च 2024 से शुरू कर दिया जिसके तहत निम्न कार्य कराए गए तालाब से विक्रम के घर तक इंटरलॉकिंग मनोज के घर से विश्राम के घर तक इंटरलॉकिंग पक्की सड़क से मलहू के घर के पास तक नाली निर्माण श्यामधर कूप जगत निर्माण कार्य भुवर कुप जगत निर्माण कार्य गोपाल कुप का कार्य राजेश के घर के पास इंटरलॉकिंग काली




माता चबूतरा निर्माण गुरुवान का कार्य कार्य पूर्ण होने पर जब भुगतान के लिए कहा गया तो प्रधान सचिव ने कहा कि टेंडर आपका है भुगतान हो जाएगा आप निश्चिंत रहें 15 लाख का कार्य एस्टीमेट है।

जब हीला हवाली होने लगी तो प्रार्थी ने ऑनलाइन जानकारी ली जिससे पता चला कि यह सभी कार्य जिनका भुगतान होना था उनका कुल 14 लाख 18 हजार 970 रुपए का भुगतान दिनांक 22-12-2023 से 21 -3-2024 के बीच मां शीतला कंस्ट्रक्शन फर्म पर हो चुका था प्रार्थी द्वारा जब यह बात बताई गई तो उन्होंने कहा की आपका पैसा हम लोग दे देंगे इस प्रकार प्रार्थी द्वारा उक्त कार्यो में कुल 8 लाख 98 हजार 706 रुपए का मटेरियल दिया गया था आप लोगों द्वारा भरोसा दिलाए जाने के बाद दिनांक 21-0 5- 2024 से हमारे फार्म पर भुगतान करना शुरू किया गया और नए कार्य होने लगे लेकिन पुराना बकाया पैसा ज्यो का त्यो पड़ा रहा दिनांक 21 मार्च 2024 से 15- 10 -2024 तक में 38 लाख 10000 518 रुपए का भुगतान किया गया है जिसके सापेक्ष प्रार्थी द्वारा सभी मैटेरियल सप्लाई दिए जा चुके हैं धोखाधड़ी और गमन के अतिरिक्त मामले इसके अतिरिक्त प्रार्थी द्वारा निम्नलिखित कार्य भी कराई गए हैं जिसका भुगतान रनिंग बिल के माध्यम से अन्य फर्मो पर कराकर धनराशि का गमन किया गया है अतिरिक्त कच्छ में फाल सीलिंग का कार्य कराया गया जिसका रनिंग भुगतान करा कर दूसरे फर्म पर निकाल लिया गया गोपाल कुप सुंदरीकरण का काम प्रार्थी द्वारा कराया गया जिसका भुगतान भी दूसरे फर्म पर करके पैसा निकाल लिया गया प्रार्थी द्वारा अब तक किए गए अन्नपूर्णा कार्य जिसका भुगतान लंबित है फर्म मालिक संतोष कुमार पांडे के द्वारा ब्लॉक से लेकर थाने तक चक्कर लगाया जा रहा है लेकिन नहीं हो रहा प्रधान व सचिव के ऊपर कोई कार्यवाही फर्म के साथ किया गया है धोखाधड़ी व गमन।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पद संचलन



**मिर्जापुर।** अहरौरा नगर में हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद के द्वारा भव्य नगर शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जुलूस गोकुलधाम से निकलकर सम्मेयतर त्रिमुहानी से होते हुए चौक बाजार नई बाजार से घूमते हुए पुणे गोकुलधाम के लिए रवाना हो गया। रास्ते में जगह- जगह शोभायात्रा पर फूलों की वर्षा की गई। सैकड़ो की संख्या में संघ और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता जुलूस में शामिल हुए। जुलूस की शोभा बढ़ाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, कृष्ण कुमार तिवारी, विनोद सिंह पटेल, धीरज केसरी, अखिलेश कुमार ,विवेक कुमार एवं सिद्धार्थ अग्रहरि समेत तमाम संघ कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। शोभा यात्रा प्रत्येक वर्ष चैत्र मास के प्रारंभ के पूर्व संध्या निकालकर लोगों में जागरूकता और एकता का संदेश दिया जाता है।

# स्वयंसेवकों ने महाप्रभु बिट्ठलनाथ मंदिर में सेवा कार्य कर शुद्धता का दिया संदेश




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चतुर्थ एकदिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ माधवी शुक्ला के मार्गदर्शन में आचार्य मंदिर परिसर में महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के विचारों को आत्मसात करते हुए स्वच्छता एवं सेवा कार्य द्वारा समाज को शुद्धता का संदेश दिया। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह ने भक्ति आंदोलन में महाप्रभु वल्लभाचार्य के योगदान एवं शुद्धाद्वैत के विचारों की प्रासंगिकता को स्वयंसेवकों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दीप नारायण ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता, सेवा कार्य के महत्व को सामाजिक, धार्मिक तथा नैतिक आदर्शों पर चलने के लिये प्रेरित किया।

साथ ही आस-पास के कूड़े- कचरों की साफ सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर कई राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने स्वच्छता एवं महाप्रभु की बैठक के महत्व को समझा।कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन एवं संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दीपक कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ.विद्या सिंह ने किया। उक्त कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ईद को लेकर शानू कुरैशी ने पेश की मिसाल, समाज में भाईचारे का दिया संदेश



**नैनी, प्रयागराज।** ईद का पावन त्योहार पूरे देश में हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर नैनी क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी शानू कुरैशी ने एक अनोखी पहल कर लोगों के दिलों में अपनी अलग पहचान बनाई।ईद के त्यौहार को लेकर शानू कुरैशी ने जरूरतमंदों के बीच मिठाइयाँ और खाद्य सामग्री वितरित की। उनके इस सराहनीय कार्य से न केवल गरीब परिवारों के चेहरों पर मुस्कान आई, बल्कि समाज में एकता और प्रेम का भी संदेश फैला।शानू कुरैशी ने इस मौके पर कहा कि ईद केवल खुशियाँ मनाने का नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के साथ अपनी खुशियाँ बाँटने का भी त्योहार है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वे इस दिन आपसी भाईचारे और प्रेम को बढ़ावा दें।स्थानीय लोगों ने शानू कुरैशी की इस पहल की जमकर सराहना की और कहा कि ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक होते हैं।


### कोर्ट के आदेश पर मुट्ठीगंज में मकान खाली कराने पहुंची टीम, लोगों का विरोध

**ब्यूरो प्रयागराज।** मुट्ठीगंज क्षेत्र में स्थित काली मंदिर के पास एक मकान को खाली कराने को लेकर बुधवार को तनावपूर्ण स्थिति बन गई। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की, लेकिन मकान में रह रहे लोगों ने बाहर निकलने से इनकार कर दिया। प्रशासनिक टीम द्वारा जैसे ही मकान खाली कराने की प्रक्रिया शुरू की गई, परिवार के सदस्य विरोध पर अड़ गए और मौके पर ही डटे रहे। देखते ही देखते स्थानीय लोगों की भीड़ भी इकट्ठा हो गई, जिससे माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गया।

स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए पुलिस बल की संख्या बढ़ा दी गई और पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई न्यायालय के निर्देश पर की जा रही है और इसमें सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है।

प्रशासन का कहना है कि उनकी प्राथमिकता बिना किसी टकराव के आदेश का पालन कराना है। इसी के तहत मकान में रह रहे लोगों और अधिकारियों के बीच लगातार बातचीत जारी है, ताकि शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकाला जा सके। फिलहाल खबर लिखे जाने तक दोनों पक्षों के बीच वार्ता जारी थी और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### जल जीवन मिशन नमामि गंगे के कर्मचारियों के द्वारा जानबूझकर विकलांग आदमी को नहीं दिया जा रहा है पानी




**हलिया, मीरजापुर।** लालगंज विकासखंड के ग्राम पंचायत सेमरी के श्री राम विश्वकर्मा के द्वारा बताया गया कि जल जीवन मिशन नमामि गंगे का टोटी लगाया गया है हम पति-पत्नी दोनों विकलांग हैं पानी के लिए हम लोगों को दूर जाना पड़ता है बगल वाली टोटी में पानी जल जीवन मिशन नमामि गंगे के कर्मचारियों के द्वारा दिया जाता है लेकिन उतना ही पानी दिया जाता है ताकि हमारे घर पर न पहुंचे हम लोग पानी के लिए परेशान होकर तमाम अधिकारियों से शिकायत किए लेकिन नमामि गंगे के अधिकारियों के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं किया गया जिससे हम लोगों को पाने के लिए बहुत समस्या झेलना पड़ता है इसी तरीके से क्षेत्र में तमाम लोगों को पानी के लिए समस्या झेलना पड़ता है सरकार की इतनी अच्छी व्यवस्था के बाद भी लोग पानी के लिए परेशान होते नजर आ रहे हैं जल जीवन मिशन नमामि गंगे योजनाओं का लाभ ग्रामीण को नहीं मिल पा रहा है जिससे ग्रामीणों ने जिला प्रशासन का ध्यान ग्रामीण क्षेत्र की तरह दिलाना चाहते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकें।

# बक्शी क्षेत्र में अवैध निर्माण पर प्रशासन का कड़ा प्रहार, प्लॉटरों पर शिकंजा कसने की तैयारी

● सुबह से ताबड़तोड़ नोटिस चस्पा, बिना स्वीकृति प्लॉटिंग करने वालों की हो रही पहचान।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** शहर के बक्शी क्षेत्र में अवैध निर्माण और बिना अनुमति की जा रही प्लॉटिंग के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। बुधवार सुबह से ही विकास प्राधिकरण की टीम ने इलाके में अर्धनिर्मित मकानों और संदिग्ध प्लॉटों पर ताबड़तोड़ नोटिस चस्पा करने की कार्रवाई शुरू कर दी।

प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, जिन स्थानों पर बिना नक्शा पास कराए या नियमों का उल्लंघन करते हुए प्लॉटिंग की गई है, वहां विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही ऐसे प्लॉटरों की पहचान की जा रही है, जिन्होंने अवैध तरीके से जमीन का विभाजन कर लोगों को प्लॉट बेचे।

सूत्रों की मानें तो कई मामलों में प्लॉट खरीदने वाले लोगों को गुमराह किया गया। छोटे प्लॉट को बड़े क्षेत्रफल के रूप में दिखाकर ऊंची कीमत पर बेचने की शिकायतें सामने आई थीं। इन शिकायतों के आधार पर जिला प्रशासन और विकास प्राधिकरण ने संयुक्त रूप से सख्ती बढ़ाई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इलाके में लंबे समय से अवैध प्लॉटिंग का कारोबार फल-फूल रहा था। लोग अपनी जीवनभर की पूंजी लगाकर प्लॉट खरीदते हैं और जैसे ही निर्माण कार्य शुरू करते हैं, प्रशासन की कार्रवाई का सामना करना पड़ता है। इससे खरीदारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध प्लॉटिंग और बिना स्वीकृति निर्माण दोनों ही नियमों के खिलाफ हैं। ऐसे मामलों में न केवल निर्माण कार्य रोका जाएगा, बल्कि



संबंधित लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई भी की जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले शहर के रावतपुर, बमरौली, झूंसी और नैनी क्षेत्रों में भी इसी प्रकार की कार्रवाई की जा चुकी है। फिलहाल बक्शी क्षेत्र में इस कार्रवाई से प्लॉटिंग कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में और भी बड़े स्तर पर कार्रवाई की जा सकती है, जिससे अवैध निर्माण पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

# बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के महुआरी में मंगलवार देर रात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने पूरे घर को खंगाल डाला।प्राप्त जानकारी के अनुसार, महुआरी निवासी धर्मेंद्र सिंह और अनिकेत सिंह दो भाई हैं। धर्मेंद्र सिंह हाईकोर्ट में अधिवक्ता हैं, जबकि अनिकेत सिंह पीलीभीत में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। अनिकेत की पत्नी भी शिक्षिका हैं और इन दिनों मायके गई हुई हैं। मंगलवार रात अनिकेत की मां गायत्री देवी बड़े बेटे के घर चली गई थीं, जिससे मकान पूरी तरह बंद था।

इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मकान के गेट और कमरे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात, जिसमें जंजीर, छागल, पायल सहित अन्य आभूषण



और लगभग 30 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए।बुधवार सुबह जब गायत्री देवी घर लौटीं, तो गेट का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना अपने बेटों को दी, जिसके बाद धर्मेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इस संबंध में धर्मेंद्र कुमार सिंह ने औद्योगिक थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वही औद्योगिक इंस्पेक्टर ने बताया की सीसीटीवी की मदद से जांच की जा रही है।

### आकांक्षात्मक विकास खंड औराई में राजकीय पशु चिकित्सालय परिसर में क्रिटिकल गैप्स योजना अंतर्गत नवनिर्मित प्रशिक्षण सभागार में पशुपालकों को दिया गया प्रशिक्षण



प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा की गई प्रशिक्षण में डॉक्टर मधु शास्त्री, पशुधन प्रसार अधिकारी (भेड़), पशुपालक, पशु मित्र उपस्थित रहे7 प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रथम दिवस के अवसर पर पशुपालन के स्थिति परजीवी सामान्य बीमारियां राशन कृत्रिम गर्भाधान, पशुओं के टीकाकरण संबंधित पशुपालकों को जागरूक किया गया जिसमें मुख्य रूप से स्वस्थ टीकाकारण के बारे में जागरूक किया गया जिसमें पशुपालकों की गरिमा में उपस्थित रही।

### ऊंज पुलिस टीम द्वारा युवती का अपहरण करने का आरोपी गिरफ्तार



थाना ऊंज क्षेत्र अंतर्गत वादी मुकदमा की पुत्री उम्र 18 वर्ष को आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना के संबंध में प्राप्त सूचना पर थाना ऊंज पर मु0अ0सं0-13/2026 धारा 87 भारतीय न्याय संहिता का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। अभिनव त्यागी,पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व मिशन शक्ति 5.0 अभियानके तहत महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक-18.03.2026 को थाना ऊंज पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विजय कुमार पुत्र इशरी लाल नि0 सरावां थाना ऊँज जनपद भदोही उम्र 27 वर्ष को रेलवे स्टेशन प्रयागराज जंक्शन से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान सम्बन्धित न्यायालय किया गया। पंजीकृत अभियोग से संबंधित पीड़िता/अपहृता को सकुशल बरामद कर विधिक कार्यवाही की गई।

### महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी प्रयागराज में 18 मार्च 2026 को वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश, प्रयागराज प्रोफेसर शशि कपूर रहीं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा लोकनृत्य, लोकगीत, समूहगान एवं होली नृत्य सहित विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। महाभारत पर आधारित' अधर्म पर धर्म की विजय 'विविधता में एकता' तथा 'हम सब ने ठाना है, भारत को स्वच्छ बनाना है' विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक विशेष आकर्षण रहे।कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग की सहायक आचार्या डॉ. अर्चना राय द्वारा किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान किया। समापन अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर शशि कपूर ने छात्र- छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा महाविद्यालय में वर्षभर आयोजित गतिविधियों की प्रशंसा की।अंत में दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रामकुमार सिंह द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की गयी। धन्यवाद ज्ञापन दर्शन शास्त्र विभाग के डॉ अमित मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ अर्चना राय,सहसंयोजक डॉ अर्चना सिंह तथा समिति के सदस्य डॉ निरुपमा यादव, डॉ नूर फातिमा डॉ मंजरी मिश्रा,डॉ अंजना, डॉ मीनाक्षी राठौर, डॉ प्रिया तिवारी,डॉ धीरेंद्र सिंह, डॉ अमित मिश्रा,डॉ अवधेश कुमार आर्य डॉक्टर सुचित्रा कृष्णमूर्ति समेत महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक मौजूद रहे। वार्षिकोत्सव का समापन छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न किया गया। इस अवसर पर वर्ष भर आयोजित परिषदीय कार्यक्रमों के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

## 24 घंटे में खुलासा: नैनी पुलिस ने नकबजनी करने वाले 3 अभियुक्त दबोचा

● चोरी का सामान व ऑटो बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 24 घंटे के भीतर नकबजनी की घटना का सफल खुलासा कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी किया गया सामान, घटना में प्रयुक्त ऑटो तथा अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 17 मार्च को मैना देवी रोड, अरैल निवासी शोभनाथ मिश्र के घर में देर रात ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। चोर घर से टुल्लू पम्प, टोटी, हैंगर, टॉवल होल्डर, पर्दों के कब्जे, स्टील होल्डर, नकदी और सीलिंग फैन चोरी कर ले गए थे। इस संबंध में थाना नैनी में मुकदमा दर्ज किया गया था।

घटना के खुलासे के लिए सक्रिय पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 18 मार्च को मैना देवी रोड स्थित पानी की टंकी के



पास से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में अमर चन्द्र, सुनील और छोटू शामिल हैं, जो प्रयागराज के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के निवासी हैं।

**बरामद सामान में शामिल:** 01 टुल्लू पम्प02 वाश बेसिन टोटी02 हैंगर02 टॉवल होल्डर, 14 पर्दे के कब्जे07 स्टील होल्डर घटना में प्रयुक्त 01 ऑटो 08 चोरी के टायर है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे दिन में ऑटो चलाते थे और रात में सुनसान घरों की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। चोरी के बाद सामान ऑटो में रखकर फरार हो जाते थे। चोरी की नकदी आपस में बांटकर खर्च कर चुके हैं, जबकि सीलिंग फैन को बेच दिया गया है।पुलिस के अनुसार, आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है और इनके खिलाफ पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं।इस सफल कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई।फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सोते समय महिला की हत्या, पति फरार,12 वर्षीय बेटे ने लगाया गला दबाने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** जिले के सराय इनायत थाना क्षेत्र के पट्टी छीट गांव में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां 32 वर्षीय महिला संगीता की सोते समय हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और तनाव का माहौल है। बताया जा रहा है कि संगीता अपने दो बच्चों के साथ घर में सो रही थी। सुबह जब पड़ोस की एक महिला ने उन्हें आवाज दी और अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो शक होने पर लोगों ने अंदर जाकर देखा। कमरे में संगीता मृत अवस्था में पाई गई, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

घटना की सबसे अहम कड़ी मृतका का 12 वर्षीय बेटा है, जिसने अपने पिता शैलेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बच्चे का कहना है कि उसके पिता ने ही गला दबाकर उसकी मां की हत्या की है।

मृतका का पति शैलेश कुमार, जो पेशे से पेंटिंग का काम करता है, घटना के बाद से ही फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने उसे मुख्य आरोपी मानते हुए उसकी तलाश तेज कर दी है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।



प्रारंभिक जांच में हत्या की पुष्टि हुई है, हालांकि हत्या के पीछे के कारणों का अभी स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है।

## पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी, जांच में कुछ नहीं मिला

● ईमेल से मिली धमकी के बाद मचा हड़कंप।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** शहर के पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की सूचना से बुधवार को सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। यह धमकी ईमेल के माध्यम से भेजी गई थी, जिसका स्रोत प्रारंभिक जांच में लखनऊ से जुड़ा बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, खुफिया इकाइयों और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने तत्काल मोर्चा संभाल लिया। पासपोर्ट कार्यालय परिसर को चारों ओर से घेरकर आम लोगों की आवाजाही पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी गई और पूरे क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

मौके पर बम निरोधक दस्ता भी बुलाया गया, जिसने आधुनिक उपकरणों की मदद से भवन के अंदर और आसपास के हर हिस्से की बारीकी से जांच की। कई घंटों तक चली इस जांच में किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। अधिकारियों ने राहत की सांस लेते हुए बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और किसी प्रकार का खतरा नहीं पाया गया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह धमकी संभवतः शरारती तत्व द्वारा भेजी गई हो सकती है, लेकिन मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू की जांच की जा रही है। साइबर सेल की टीम ईमेल के स्रोत का पता लगाने में जुटी है और तकनीकी विश्लेषण के जरिए भेजने वाले की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### रसोई गैस की किल्लत को लेकर सपा का तहसील पर प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फूलपुर प्रयागराज।** देश प्रदेस मे हो रही रसोई गैस की कालाबाजारी व महगाई के विरोध मे आज फूलपुर तहसील मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल टथां समाजवादी महिला सभा गंगापार की जिला अध्यक्ष प्रतिमा रावत के नेतृत्व में सैकडो महिलाओ व समाजवादी पा कार्यकर्ताओ के साथ विशाल धरना प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए महिला सभा की जिला अध्यक्ष प्रतिमा रावत ने कहा कि पूरे भारत देश एवं उत्तर प्रदेश में विगत कई दिनों से लगातार गैस सिलेंडर की किल्लत एवं भीषण महंगाई की समस्या से आम जनता त्रस्त है भाजपा सरकारो में नेता मस्त है और प्रदेश की जनता त्रस्त है महंगाई आसमान छू रहा है अभी भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है महंगाई



भ्रष्टाचार अगर कम करना है तो समाजवादी पार्टी सरकार लाना बहुत जरूरी है प्रदर्शन मे मुख्य रूप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमला यादव,जिला महासचिव पदमा यादव, फूलपुर विधान सभा अध्यक्ष सुनीता यादव प्रतापपुर विधानसभा अध्यक्ष राजकुमारी यादव, हंडिया विधानसभा अध्यक्ष प्रमिला यादव माधुरी गोतम सुषमा पासी नीलम बिंद, सुधा शुक्ला, एडवोकेट सुनील यादव, सौरभ कुमार चंदन यादव, अवधेश नारायण जी राम नरेश पाल एवं कई सम्मानित समाजवादी नेता मौजूद रहे!

### धौलपुर में भीषण सड़क हादसा: कैलादेवी दर्शनार्थियों की पिकअप दुर्घटनाग्रस्त, एक श्रद्धालु की मौत

**धौलपुर।** जिले के बाड़ी कस्बे में नेशनल हाईवे 11बी पर मंगलवार शाम करीब 7 बजे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप गाड़ी बिजली के खंभे से टकरा गई। दुर्घटना में पिकअप में सवार एक दर्जन श्रद्धालु घायल हो गए। सभी घायल आगरा जिले के एत्माद्दौला थाना क्षेत्र के नगला देवजी गांव के निवासी हैं। जो करौली में कैलादेवी माता के दर्शन कर अपने घर लौट रहे थे। इनमें से एक घायल कालू पुत्र भीकम जाटव निवासी कछपुरा मेहता बाग आगरा की हालत गंभीर होने पर बाड़ी अस्पताल से जिला अस्पताल धौलपुर रेफर कर दिया गया। जिसने बुधवार दोपहर को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 19 वर्षीय घायल हरिकेश पुत्र जगदीश कुशवाहा और 17 वर्षीय शिवम का भी जिला अस्पताल धौलपुर में इलाज चल रहा है। घायल हरिकेश कुशवाहा ने बताया कि वे अपने साथियों के साथ मंगलवार सुबह पिकअप गाड़ी से कैलादेवी माता के दर्शन करने गए थे। दर्शन के बाद खाना खाकर वे करौली से करीब 3 बजे रवाना हुए। देर शाम जब वे बाड़ी से गुजर रहे थे, तभी पिकअप चालक को नींद की झपकी आ गई।

### दिल्ली में पालम मेट्रो के पास लगी भीषण आग, 9 की जिंदा जलकर मौत, 2 लोग बिल्डिंग से कूदे

**ब्यूरो प्रयागराज** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार सुबह एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में आग लग जाने से तीन बच्चों सहित एक ही परिवार के 9 सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आग से बचने के लिए दो लोगों ने इमारत से छलांग लगा दी और उन्हें उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) को सुबह करीब सात बजे पालम मेट्रो स्टेशन के पास एक इमारत में घर पर आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल के 30 वाहन मौके पर भेजे गए और आग बुझाने तथा अंदर फंसे लोगों को बचाने के लिए अभियान शुरू किया गया। डीएफएस के एक अधिकारी ने कहा, ''एक आवासीय इमारत में आग लगने की सूचना मिली है और हमें आशंका थी कि कुछ लोग अंदर फंसे हो सकते हैं। बचाव अभियान तुरंत शुरू किया गया।'' घटनास्थल से प्राप्त दृश्यों में देखा जा सकता है कि इमारत से काले धुएं के घने गुबार उठ रहे हैं, जबकि आग की लपटों ने इमारत के कुछ हिस्सों को अपनी चपेट में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि डीएफएस के कर्मियों ने तीन बच्चों सहित सात लोगों को इमारत से बाहर निकाला, जिन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।उन्होंने बताया कि आग की लपटों के कारण दो अन्य लोग इमारत से कूद गए थे। उनका फिलहाल अस्पताल में उपचार हो रहा है।

# यूपी रोडवेज बस में 64 यात्री,में 62 बिना टिकट

● बड़े अफसरों पर भी गिर सकती है गाज।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक ने अलीगढ़ रीजन के बुद्ध विहार डिपो की बस में 64 में से 62 यात्रियों के बेटिकट यात्रा करते हुए पकड़े जाने पर सख्त एक्शन लेने की बात कही है। उनका कहना है कि इस पूरे मामले में रिपोर्ट तलब की गई है. ड्राइवर कंडक्टर को बर्खास्त कर दिया गया है. टीआई को सस्पेंड किया गया है. पूरी बस ही बेटिकट चल रही थी ऐसे में सिर्फ सिर्फ ड्राइवर कंडक्टर और टीआई ही नहीं क्षेत्र के बड़े अधिकारी भी जिम्मेदार हैं. रिपोर्ट प्राप्त होने पर आरएम और एआरएम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।ताजा मामला अलीगढ़ परिक्षेत्र के बुद्ध विहार डिपो से जुड़ा है. यहां की बस संख्या यूपी 78 एलएन 2671 अलीगढ़ से फरीदाबाद जा रही थी. बस पर संविदा चालक मिथुन और परिचालक जगदीश गौतम तैनात थे. बस में कुल 64 यात्री सवार थे. रोडवेज मुख्यालय से प्रधान प्रबंधक गौरव वर्मा ने टीम के साथ बस की औचक चेकिंग की. टप्पल और पलवल के बीच बस को रोका गया. चेकिंग दस्ते के साथ ही जीएम गौरव वर्मा भी यह देखकर हैरान रह गए कि बस में कुल 64 यात्री सवार थे जिसमें से 62 के पास टिकट ही नहीं था। इसी दौरान परिचालक जगदीश गौतम चेकिंग टीम को टिकट मशीन थमाकर वहां से भाग गया. पूरी बस ही बेटिकट संचालित करने पर चालक और परिचालक की सेवा समाप्त कर दी गई. संबंधित टीआई को भी सस्पेंड कर दिया गया. चेकिंग स्क्वायड से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।



परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक संचालन अनिल कुमार का कहना है कि बस में लगभग सभी यात्री बेटिकट यात्रा कर रहे थे. ऐसे में इस दायरे में सिर्फ चालक परिचालक और टीआई ही जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि क्षेत्रीय प्रबंधक और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक भी पूरी तरह से जिम्मेदार हैं. उनका कहना है कि जब मैं क्षेत्र में तैनात था तब सिर्फ 12 बेटिकट बस पकड़े पाए जाने पर ही मुझे सस्पेंड किया गया था. ऐसे में इस मामले में भी क्षेत्रीय अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

### पंचायत चुनाव पर हाईकोर्ट सख्त, सवाल- समय पर क्यों नहीं हो रहे चुनाव, देरी क्यों?


**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पंचायत चुनाव में देरी को लेकर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने सरकार से सवाल पूछा कि समय सीमा के भीतर चुनाव क्यों नहीं करवाए जा रहे हैं? क्या वह संवैधानिक समयसीमा के भीतर चुनाव प्रक्रिया पूरी कर पाएंगे या नहीं। यह सुनवाई अधिवक्ता इम्तियाज हुसैन की जनहित याचिका पर हुई। याचिका में मांग की गई थी कि पंचायत चुनाव की पूरी प्रक्रिया के लिए समयबद्ध कार्यक्रम पहले से तय कर रिकॉर्ड पर रखा जाए। योगी सरकार ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में हलफनामा दाखिल कर बताया था कि स्थानीय निकाय चुनाव से पहले एक समर्पित पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आयोग का गठन किया जाएगा। इसी आयोग की रिपोर्ट के आधार पर पंचायत सीटों पर आरक्षण तय होगा, जिसके बाद ही चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। मामले की सुनवाई जस्टिस राजन राय और जस्टिस अवधेश चौधरी की पीठ कर रही थी। दरअसल, हाईकोर्ट में दाखिल एक याचिका में मौजूदा पिछड़ा वर्ग आयोग के अधिकारों को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता ने सवाल उठाया था कि वर्तमान आयोग को स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण निर्धारण का कानूनी अधिकार नहीं है। इसके जवाब में सरकार ने स्पष्ट किया कि नया समर्पित आयोग गठित कर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। अभी तक हक्क्ष्ट आयोग गठन पर कोई रिपोर्ट नहीं आई है। पंचायत चुनाव 2026 को लेकर सरकार के भीतर ही अलग-अलग बयान सामने आ रहे हैं। एक तरफ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य चुनाव समय पर होने को मुश्किल बता रहे हैं, वहीं पंचायती राज मंत्री ओपी राजभर का कहना है कि चुनाव तय समय पर ही कराए जाएंगे। इन बयानों के बाद सियासी हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

# संक्षिप्त खबरें

## नारायणपुर अंचल में लगान वसूली हेतु विभिन्न मौजों में शिविर का होगा आयोजन

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड:-** नारायणपुर अंचल क्षेत्र के विभिन्न मौजों में क्रमवार शिविर आयोजित कर रैयतों से लगान वसूली की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन में कम समय शेष रहने के बावजूद निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकी है, जिसे ध्यान में रखते हुए अंचल कार्यालय द्वारा शिविर आयोजन का निर्णय लिया गया है। जारी निर्देश के अनुसार, शिविर में आने वाले रैयतों से खतियान एवं लगान रसीद की छायाप्रति ली जाएगी, जिसके बाद संबंधित विवरण को पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। उपलब्ध दस्तावेजों का रजिस्टर-2 से सत्यापन कर मौके पर ही रसीद निर्गत की जाएगी। शिविर का आयोजन 19 मार्च को पंदनी, 20 मार्च को नारायणपुर, 23 मार्च को केंदुवा, 24 मार्च को नारोडीह एवं शिवपुर, 25 मार्च को घटियारी, 27 मार्च को बड़ा बेवा एवं नयाडीह तथा 28 मार्च को चितामी में किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने के लिए राजस्व उपनिरीक्षक निरंजन मिश्रा, अभिषेक पुष्कर एवं रूपेश पोद्दार समेत अन्य कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## ऋतुराज बसंत की बासंती सौंदर्य की निखर रही है प्राकृतिक सुषमा



### हल्की वर्षा से आम फसल को होगा लाभ

**पाकुड़िया, पाकुड, झारखण्ड:-** पिछले दिनों प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में हुई हल्की वर्षा से इन दिनों मौसम सुहाना होता दिख रहा है। हालांकि पाकुड़िया के आसमान पर यदा-कदा हल्के घने सफेद बादलों और धूप में 'आंख मिचौली' भी होती दिख रही है। विगत दिनों हुई हल्की वर्षा से भारी क्षति होने की सूचना नहीं है। वहीं प्रखण्ड के किसानों ने पूछने पर बताया कि इससे फसलों को नुकसान नहीं हुआ बल्कि आम फसल को लाभ होता दिख रहा है। ज्ञात हो इस साल भी पिछले वर्ष की तरह आम की फसल अच्छी होने की संभावना है यदि मौसम अनुकूल रहे तब। कृषकों ने कहा कि जिस प्रकार घने सफेद बादल छाए रहे तथा बिजली भी कड़कती रही, उससे लगा कि वर्षा अधिक होगी तो खेतों में पड़े सरसों और पक रही गेहूं फसल को क्षति होती और महुआ फसल भी प्रभावित होता। हल्की बारिश से वृक्षों की डालियों में नई पत्तियां निकलने से फिलहाल मौसम सुहाना होता दिख रहा है। समाचार संप्रेषण करने तक पाकुड़िया के आकाश पर घने सफेद बादल छाए रहे जिससे वर्षा होने की संभावना देखी गई।

## बिना कोचिंग के आस्था मिश्रा ने नवोदय परीक्षा में 82.5% अंक लाकर किया कमाल



**पीरटांड़, गिरिडीह, झारखंड:-** गिरिडीह जिले के पीरटांड़ प्रखंड के पालगंज गांव की छात्रा आस्था मिश्रा ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 82.5 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। अपनी इस उपलब्धि से उन्होंने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। आस्था के पिता अनंत कुमार मिश्रा ने बताया कि उनकी बेटी ने इस परीक्षा की तैयारी के लिए किसी प्रकार की कोचिंग का सहारा नहीं लिया। घर पर रहकर परिवार के सदस्यों के मार्गदर्शन और अपनी मेहनत के दम पर उसने यह सफलता प्राप्त की है। इस सफलता के बाद परिवार में खुशी का माहौल है। गांव के लोगों और शुभचिंतकों ने आस्था को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। आस्था की यह उपलब्धि यह साबित करती है कि यदि लगन और आत्मविश्वास हो, तो बिना कोचिंग के भी बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

# ऑपरेशन एनडीए- सरकार लाओ, झारखंड बचाओ के संकल्प के साथ तेज़ हुई हम(एस) की सक्रियता

**●हरे कृष्ण महाराज के नेतृत्व में झारखंड में संगठन विस्तार, जनसरोकार और सामाजिक समरसता पर जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंड:-** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) झारखंड द्वारा एनडीए की सरकार लाओ, झारखंड बचाओ के संकल्प के साथ प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियों में तेज़ी देखी जा रही है। पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष हरे कृष्ण महाराज के नेतृत्व में संगठन लगातार जनसरोकार, सामाजिक समरसता और विकास के मुद्दों को लेकर सक्रिय अभियान चला रहा है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 18 जनवरी 2026 को पटना में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार सरकार के मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन के समक्ष सदस्यता ग्रहण करने के बाद से ही हरे कृष्ण महाराज ने झारखंड की राजनीति में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई है। इसके बाद 25 जनवरी को रांची के अमलताश, अशोक नगर में आयोजित सदस्यता अभियान के जरिए उन्होंने स्पष्ट संकेत दिया कि पार्टी राज्य में हृष्ठ सरकार बनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाने को प्रतिबद्ध है। पार्टी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में जहां सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया गया, वहीं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मानित कर नारी सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी जताई गई। भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त हरे कृष्ण महाराज अपने अनुशासन और समर्पण के साथ राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। हाल ही में हजारीबाग में आयोजित दावत-ए-इफ्तार में उनकी सहभागिता को कौमी एकता और गंगा-जमुनी तहज़ीब का प्रतीक बताया गया। हजारीबाग में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रामनवमी, रमज़ान और होली जैसे सभी पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सम्मान के साथ मनाए जाने चाहिए। उन्होंने समाज में विवादित बयानों से बचते हुए विकास और जनहित के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। वर्तमान में नई दिल्ली प्रवास के दौरान हरे कृष्ण महाराज ने पार्टी के संस्थापक, केंद्रीय मंत्री एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी से शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान झारखंड की आगामी राजनीतिक रणनीति, रामनवमी आयोजन, युवा विकास और प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रेस विज्ञप्ति में विश्वास जताया गया कि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) झारखंड में युवाओं, महिलाओं और किसानों को साथ लेकर विकासोन्मुख और समावेशी राजनीति की नई दिशा स्थापित करेगा। अंत में कहा गया कि संगठन आने वाले समय में राज्य में एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरेगा और जनकल्याण में अहम भूमिका निभाएगा।

# लातेहार में NCORD बैठक: अवैध अफीम-गांजा खेती व तस्करी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश, अधिकारियों को सतर्क रहने का आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंड:-** लातेहार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध खेती पर रोक लगाने को लेकर बुधवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय हृष्टहृत्रष्ठ समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अफीम और गांजा की अवैध खेती, तस्करी तथा इनके दुष्प्रभावों पर विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में अफीम या गांजा की अवैध खेती की सूचना मिले, वहां तत्काल कार्रवाई करते हुए फसलों का विनष्टीकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, इस अवैध गतिविधि में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने अधिकारियों को मादक पदार्थों की बिक्री, सेवन और तस्करी पर लगातार नजर रखने तथा इस प्रकार की गतिविधियों को जड़ से समाप्त करने के लिए सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खुफिया तंत्र को मजबूत करने और नियमित छापेमारी अभियान चलाने पर जोर दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्कूलों, कॉलेजों और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा। साथ ही, सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# सिद्धार्थनगर में निर्विरोध हुआ लेखपाल संघ का चुनाव, अजय गुप्त अध्यक्ष व रणधीर यादव बने बरिष्ठ उपाध्यक्ष

**सिद्धार्थनगर ।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ सिद्धार्थनगर जिला इकाई का बुधवार को द्विवार्षिक चुनाव सपन्न हुआ। जिसमें अजय कुमार गुप्त अध्यक्ष व रणधीर यादव बरिष्ठ उपाध्यक्ष, शैलेष कुमार भारती कनिष्ठ उपाध्यक्ष, आनंद गौतम जिला मंत्री, प्रभात सैनी उपमंत्री व रणधीर कुमार राना कोषाध्यक्ष, सुनील सिंह ऑडिटर के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए । लोहिया कला भवन के सभागर में निर्वाचन अधिकारी इम्तियाज अहमद व सह निर्वाचन अधिकारी विवेक रंजन की देखरेख में चुनाव सपन्न हुआ । इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारी एवं जनपद के समस्त लेखपाल मौजूद रहे।

# त्योहारों से पहले बरही में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, जाम से राहत दिलाने को लेकर प्रशासन सख्त

**●रामनवमी, ईद व सरहुल को लेकर अभियान तेज, सीओ व बीडीओ ने व्यवसायियों को दी चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** आगामी रामनवमी, ईद और सरहुल जैसे प्रमुख त्योहारों को ध्यान में रखते हुए बरही प्रखंड प्रशासन ने बाजार क्षेत्र में लगने वाले जाम और अव्यवस्था से निपटने के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यह अभियान बरही अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल और प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो के संयुक्त नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान के दौरान जेसीबी मशीन की मदद से बरही के प्रमुख मार्गों धनबाद रोड, गया रोड और हजारीबाग रोड पर किए गए स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। सड़क किनारे अवैध रूप से बनाए गए दुकान, शेड और अन्य अवरोधों को हटाकर रास्तों को खाली कराया गया, जिससे आम लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान बरही चौक पर अत्यधिक भीड़ और जाम की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इसी को देखते हुए प्रशासन ने पहले से ही सख्ती बरतते हुए यह अभियान शुरू किया है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। इस मौके पर बीडीओ जयपाल महतो और सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने व्यवसायियों को सख्त हिदायत दी कि वे सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने व्यवसायियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर प्रशासन का सहयोग करें, ताकि सभी को सुविधा मिल सके। अभियान के दौरान राजस्व निरीक्षक अजय कुमार, राजस्व कर्मचारी रीतलाल रजक, मार्केटिंग अधिकारी मनोहर भगत, पुलिस अवर निरीक्षक सुशील कुमार, कपुलदीपक नाग, पंचायत सचिव सरोज कुमार, राजेन्द्र मिश्रा, लक्ष्मी कुमारी, छट्टू गंझू, ललिता कुमारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# बरही ग्रामीण जलापूर्ति योजना पर विधानसभा में विधायक मनोज यादव ने उठाया सवाल, शीघ्र पूरा करने की मांग

**●एनएच-31 चौड़ीकरण से क्षतिग्रस्त पाइपलाइन बनी अड़चन, शिफ्टिंग के बाद एक माह में शुरू होगा योजना का परीक्षण कार्य**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड में वर्षों से लंबित ग्रामीण जलापूर्ति योजना का मुद्दा विधानसभा सत्र में गूंजा। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने गैर सरकारी संकल्प के तहत इस योजना की धीमी प्रगति और ग्रामीणों को अब तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाने पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक मनोज यादव ने सदन में कहा कि तिलैया जलाशय से बरही के ग्रामीण क्षेत्रों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई बरही ग्रामीण जलापूर्ति योजना कई वर्षों से अधूरी पड़ी है, जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के शेष कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कर ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। इस पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने जवाब देते हुए कहा कि बरही ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना के तहत शेष बचे कार्यों का क्रियान्वयन लगातार किया जा रहा है और वर्तमान में योजना प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत आरडब्ल्यूआरएम और सीडब्ल्यूआरएम पाइपलाइन बिछाने का कार्य पहले ही पूरा कर लिया गया था। मंत्री ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-31 (एनएच-31) के चौड़ीकरण के दौरान बिछाई गई पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके कारण योजना का परीक्षण कार्य शुरू नहीं किया जा सका। फिलहाल एनएचएआई द्वारा क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की शिफ्टिंग का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि विभाग द्वारा एनएचएआई, हजारीबाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य में तेजी लाने का अनुरोध किया गया है। परियोजना निदेशक, एनएचएआई ने आश्वासन दिया है कि मार्च 2026 तक पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद एक माह के भीतर विभाग द्वारा योजना का परीक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस जवाब के बाद ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि वर्षों से लंबित इस योजना के पूरा होने से बरही प्रखंड के हजारों ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सकेगी। विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि बरही प्रखंड के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। तिलैया जलाशय आधारित बरही ग्रामीण जलापूर्ति योजना कई वर्षों से अधूरी पड़ी है, जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है। सरकार से मांग है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराकर हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

# चंदवा महावीर मंदिर में गूंजेगी राम नाम की धुन, सात दिवसीय श्रीराम कथा आज से होगी शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**चंदवा, झारखंड:-** आस्था और भक्ति के पावन माहौल में चंदवा के कंचन नगरी स्थित महावीर मंदिर प्रांगण में आज से सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। युवा मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस श्रीराम कथा में बनारस से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक गणेश जी महाराज अपने श्रीमुख से रामकथा का रसपान कराएंगे। कथा का शुभारंभ आज सुबह 7 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा महावीर मंदिर परिसर से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए देवनद नदी तट तक जाएगी, जहां से पवित्र जल लाकर विधिवत कलश स्थापना की जाएगी। प्रतिदिन संध्या 7 बजे से हरि-इच्छा तक कथा का आयोजन होगा, जो 25 मार्च तक चलेगा। 26 मार्च को सुबह 11 बजे हवन एवं 12 बजे महाभंडारे के साथ इस धार्मिक आयोजन का समापन किया जाएगा।

आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए पंडाल, प्रसाद और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान शिव केसरी एवं उनकी पत्नी हैं, जो इस आयोजन को सफल बनाने में पूरे समर्पण के साथ जुटे हुए हैं। महावीर मंडल के कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत कर आयोजन को भव्य बनाने में लगे हैं। आयोजन में मंटू केसरी, उमेश साहू, राजकुमार अग्रवाल, राजेंद्र यादव, दारा सिंह, गणेश बरई, प्रभास गुप्ता, गजेंद्र यादव, रिंकू कुमार गुप्ता, मिथिलेश गुप्ता, शंकर बैठा, शेखर सुमन, प्रमोद चौधरी, रामेश प्रसाद साहू, मनोज कुमार, चरकू मिस्त्री, उदय केसरी, संतोष सिंह, भुनेश्वर बैठा सहित कई श्रद्धालु सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस भव्य श्रीराम कथा आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में गहरी श्रद्धा और उत्सुकता देखी जा रही है।

# बरही में निकला दूसरा भव्य मंगला जुलूस, जय श्रीराम के नारों से गूंजा शहर

**●गाजे-बाजे, करतब और महावीरी पताकाओं के साथ रामभक्तों ने दिखाया उत्साह, प्रशासनिक अधिकारियों का हुआ स्वागत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** रामनवमी के पावन अवसर पर मंगलवार की रात बरही में विभिन्न अखाड़ों के द्वारा दूसरा भव्य मंगला जुलूस निकाला गया। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां सैकड़ों की संख्या में रामभक्त शामिल होकर पूरे शहर को भक्तिमय रंग में रंग दिया। जुलूस गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और महावीरी पताकाओं के साथ निकाला गया, जो बरही के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। बरही चौक पर पहुंचते ही श्रद्धालुओं ने जोरदार जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोष लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। जुलूस के दौरान रामभक्तों ने पारंपरिक लाठी और अन्य अस्त्र-शस्त्रों के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाए, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़क किनारे जुटे रहे। कार्यक्रम के दौरान अखाड़ा कमिटी के पदाधिकारियों ने बरही के अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू, एसडीपीओ अजित कुमार बिमल, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चंद्रशेखर कुणाल तथा पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार को पट्टा पहनाकर स्वागत किया और उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रामनवमी महासमिति अध्यक्ष भगवान केशरी, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा और शांतिपूर्ण माहौल में जुलूस का समापन कराया गया।

# ईद, सरहुल व रामनवमी को लेकर लातेहार में हाई अलर्ट, शांति समिति की बैठक में प्रशासन सख्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार, झारखंड:-** आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। इसी कड़ी में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि एक साथ कई बड़े त्योहार होने के कारण विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को पूरी सतर्कता बरतने और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही अनुमंडल व प्रखंड स्तर पर शांति समिति की बैठक और फ्लैग मार्च सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी जुलूस निर्धारित रूट से ही निकाले जाएं और संबंधित अधिकारी पहले से रूट का निरीक्षण कर लें। रामनवमी जुलूस के दौरान बिजली से जुड़े हादसों की रोकथाम के लिए आवश्यकतानुसार बिजली आपूर्ति बाधित करने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए सभी आयोजकों, श्रद्धालुओं और नागरिकों से अपील की कि पर्व-त्योहारों के दौरान निर्धारित एसओपी का सख्ती से पालन करें। विशेष रूप से जुलूस और शोभायात्राओं में झंडों, डीजे और झांकियों की अधिकतम ऊंचाई 4 मीटर (13 फीट) से अधिक नहीं रखने का निर्देश दिया गया।

### सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी तरह की अफवाह या भड़काऊ पोस्ट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साइबर सेल 24 घंटे सोशल मीडिया पर निगरानी रखेगा और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जुलूस के दौरान अश्लील या अभद्र गाने न बजें, इसके लिए डीजे संचालकों से बॉन्ड भरवाया जाए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था भी की जाएगी।

### 24 घंटे कंट्रोल रूम रहेगा सक्रिय

प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत जिला नियंत्रण कक्ष को दें। इसके लिए 24 घंटे कंट्रोल रूम नंबर 06565-247981, मोबाइल नंबर 08987796308, साइबर सेल नंबर 6206159795 तथा आपातकालीन सेवा 112 जारी किए गए हैं। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, दोनों अनुमंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, शांति समिति सदस्य, सामाजिक संगठन और जिले के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# मड़ावरा कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**●एसडीएम शैलेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में बैठक; जाम की समस्या उठी, सब्जी मंडी में शिफ्टिंग पर सहमति के संकेत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मड़ावरा।** आगामी त्योहारों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में कोतवाली परिसर मड़ावरा में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन एसडीएम शैलेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान एसडीएम ने आगामी पर्वों—चैत्र माह की नवदुर्गा, रमजान माह का अलविदा जुमा, ईद-उल-फितर, रामनवमी एवं महावीर जयंती—को लेकर प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी और सभी से उनका पालन करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू न की जाए और सभी लोग आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाएं।

एसडीएम ने कहा कि यह सभी पर्व समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव का संदेश देते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम सभी मिलजुलकर शांति एवं अनुशासन के साथ इनका आयोजन करें, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण बना रहे।

बैठक के दौरान स्थानीय नागरिकों ने कस्बे में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि सड़कों पर सब्जी विक्रेताओं के बैठने से यातायात प्रभावित होता है, जिससे आए दिन जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति बनती है। नागरिकों ने सुझाव दिया कि कस्बे में पूर्व से निर्मित सब्जी मंडी में ही विक्रेताओं को स्थानांतरित किया जाए, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके।

इस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने समस्या के समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि इस दिशा में जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

बैठक में कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार वर्मा, उपनिरीक्षक बाली सिंह, अमित जैन भंडारी, अजमेरी खान, नीलेश कुशवाहा, सुखराम पटेल, राजेश गंधर्व, प्रकाश नारायण पाल, जाकिर खान सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


# 20 मार्च को महरौनी में विज्ञान दिवस पर विविध प्रतियोगिताएं

**छात्र-छात्राओं को भागीदारी के निर्देश**

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, लखनऊ के तत्वावधान में जिला विज्ञान क्लब द्वारा 20 मार्च को जीजीआईसी महरौनी में विज्ञान दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी सत्य प्रकाश करेंगे। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक राहुल जैन ने बताया कि इस अवसर पर विषय विशेषज्ञों द्वारा विज्ञान विषयक व्याख्यान, विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के सभी राजकीय, अशासकीय एवं वित्तविहीन विद्यालयों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग के कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राएं भी प्रतिभाग कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त वरिष्ठ विज्ञान शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने विद्यार्थियों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

# संक्षिप्त खबरें

## ठग ने महिला को 10 हजार में बेच डाले नकली गहने



**कोंच(जालौन)**- महिला के साथ ठगी का एक मामला सामने आया है। एक ठग ने महिला को अपने झांसे में लेकर नकली गहने बेच दिए और फरार हो गया। पीड़ित महिला ने कोतवाली में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। गांधीनगर कोंच निवासी महिला रजिया खातून ने पुलिस को दिए अपने शिकायती पत्र में बताया कि 17 मार्च की सुबह करीब 6 बजे वह अपने घर से कानपुर जाने के लिये कोंच बस स्टैंड पर पहुंची थी। बस स्टैंड पर ही उसे एक व्यक्ति मिला जिसने अपना नाम अजमेरी बताया। उस व्यक्ति ने उससे कहा कि उसकी (अजमेरी की) पत्नी की तबीयत बेहद खराब है और इलाज के लिए उसे कुछ रुपयों की सख्त जरूरत है। उक्त व्यक्ति ने उससे अपनी पत्नी की चांदी की पायल और सोने की अंगूठी बेचने की बात कही। उसकी मजबूरी को देखते हुए उसने 10 हजार रुपये देकर उस व्यक्ति से वह गहने खरीद लिए। इसके बाद उसने उन गहनों को एक सुनार को दिखाई तो पता चला कि पायल और अंगूठी दोनों ही नकली है। पीड़ित महिला ने मामले में पुलिस से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में संलग्न है।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से बिजली पोल एवं गुमटी क्षतिग्रस्त



**कोंच(जालौन)**- बुधवार की दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर हादसे का कारण बन गया। आराजीलेन में कैलिया बाईपास स्थित मोड़ पर दोपहर करीब डेढ़ बजे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर 33 केवी बिजली लाइन के पोल से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि पोल क्षतिग्रस्त हो गया और पास की एक दुकान भी इसकी चपेट में आकर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के समय मौके पर भगदड़ की स्थिति बन गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक दिलीप कुमार ट्रैक्टर लेकर कुँवरपुरा गांव जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही एक कार को बचाने के प्रयास में उसने ट्रैक्टर पर से नियंत्रण खो दिया जिससे ट्रैक्टर सीधे बिजली के पोल में जा घुसा। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन नुकसान हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जेई अमन खान, टीजीटू सूरज, लाइनमैन संदीप, गब्बर, कन्हैया विक्रम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और क्षतिग्रस्त पोल सहित बिजली लाइन दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया। हादसे के चलते कुछ समय के लिए इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित रही लेकिन विभाग की तत्परता से जल्द ही सप्लाई बहाल कर दी गई।

## साइबर ठगी के शिकार युवक को पुलिस ने वापस कराए 2000 रुपए

**ललितपुर।** जाखलौन ऑनलाइन ठगी के शिकार युवक को जाखलौन थाने की साइबर टीम ने बड़ी राहत दिलाते हुए उनके खाते में 2000 रुपए वापस कराए। पैसा वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस का आभार जताया। जानकारी के अनुसार जाखलौन निवासी संतोष योगी पुत्र मुन्ना लाल योगी के साथ विगत दिनों पूर्व 2000 रुपए का साइबर फ्रॉड हो गया था। जिसकी सूचना युवक ने एनसीआरपी पोर्टल पर ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित के अनुसार साइबर ठगो ने ऑनलाइन माध्यम से उसके खाते से 2000 रुपए की ठगी कर ली थी। ठगी का पता चलते ही उसने तत्काल साइबर शिकायत दर्ज कराई। मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व साइबर अपराध में विशेष नियंत्रण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थाना जाखलौन की साइबर सेल टीम में जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए ट्रांजेक्शन ट्रेंस कर पीड़ित की ठगी की गई राशि 2000 रुपए वापस उसके खाते में ट्रांसफर करा दिए। पैसा वापस मिलने पर संतोष योगी ने साइबर सेल टीम की सराहना की। पुलिस ने पीड़ित को साइबर जागरूकता अभियान के तहत ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय भी बताएं और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की सलाह दी। इस कार्यवाही में थाना अध्यक्ष उप निरीक्षक अर्जुन सिंह, उप निरीक्षक विनय कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी विवेक राज मिश्रा, आरक्षी अजय पाल सिंह की भूमिका रही।

# ईद पर दरिद्र नारायण सेवा समिति ने जरूरतमंदों के चेहरों पर लायी मुस्कान

**●नए वस्त्रों सहित जरूरी सामान किया वितरित**

**रेलवे भर्ती बोर्ड के पूर्व चेयरमैन की धर्मपत्नी ने समिति के कक्ष निर्माण को दी डेढ़ लाख रुपए की राशि**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन):** - गत 17 वर्षों से बेसहारा, दिव्यांग व जरूरतमंदों को नित्य प्रति भोजन कराने वाली सामाजिक संस्था दरिद्र नारायण सेवा समिति द्वारा बुधवार को आगामी ईद त्योहार पर पहनने के लिए जरूरतमंद मुस्लिम बंधुओं को नए वस्त्रों के साथ ही जरूरी सामान का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि मिथलेश वर्मा ने कहा, अगर हम उदास चेहरों पर मुस्कान की एक लकीर भी खींच सके तो समझो हमारा त्योहार मनाना सार्थक हो गया। अगर हमारे आसपास एक भी व्यक्ति त्योहार मना पाने से वंचित है तो स्वयं हमारा त्योहार मनाना निरर्थक है। दरिद्र नारायण सेवा समिति के गांधीनगर स्थित भवन में बुधवार को रेलवे भर्ती बोर्ड के पूर्व चेयरमैन स्व.प्रेमनारायण वर्मा की धर्मपत्नी मिथलेश वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संयोजित किये गए कार्यक्रम के दौरान उन मुस्लिम जरूरतमंदों जो रोज संस्था में भोजन करते हैं, को नए वस्त्रों सहित जरूरी सामान में शामिल सेवई, चीनी, तेल, साबुन आदि और सौ-सौ रुपए वितरित किए गए ताकि गरीब भी आम लोगों की तरह हंसी-खुशी से त्योहार मना सकें। मिथलेश वर्मा ने दान की महत्ता बताते हुये त्योहारों पर गरीबों की मदद करने और उन्हें भी त्योहारों में खुशी प्रदान करने के लिए आमजन का आह्वान किया। मिथलेश वर्मा ने समिति के भवन में एक कक्ष निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपए देने की भी इस दौरान घोषणा की, जबकि भाजपा नेत्री अंजू सिंह ठाकुर ने ईद त्योहार पर पांच हजार एक सौ रुपए सहयोग राशि भेंट की। संचालन एवं आभार समिति संयोजक कढोरेलाल यादव बाबूजी ने व्यक्त किया। इस मौके पर समिति के प्रमुख सदस्य मोहम्मद अहमद, गजराज सिंह सेंगर, हाजी सेठ नासिर खान, केशव बबेले आदि उपस्थित रहे। वहीं, नए वस्त्र और जरूरी सामान पाकर गरीबों और जरूरतमंदों के चेहरों पर छाई खुशी देखने लायक रही।

## अंबेडकर महासभा की बैठक का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** बुधवार को अंबेडकर महासभा की ओर से एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें सिंबल ऑफ नॉलेज विश्व रतन संविधान निर्माता डा.बी.आर. अंबेडकरजी की जयंती मनाने हेतु मीटिंग का आयोजन किया गया। जयंती समारोह 14 अप्रैल अंबेडकर पार्क जेल चौराहा पर मनाए जाने पर चर्चा हुई। उक्त कार्यक्रम का आयोजन 14 अप्रैल को सुबह 9 से 3 बजे तक होगा। मुख्य अतिथि जिले के अधिकारी गण गण मान्य नागरिक समाज सेवीकरण माता बहनों और छात्र-छात्राएं शामिल रहेंगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ समाज से भी रामप्रकाश भारती सेवा निर्मित सिंचाई विभाग ने कहा कि इस बार डा.बी.आर.अंबेडकरजी का जन्मदिन ऐतिहासिक होगा। वही संचालन कर रहे डा.खेमचंद वर्मा ने कहा की बाबा साहब अंबेडकर किसी एक जाति विशेष के नहीं है, बाबा साहब अंबेडकर सभी समाज की प्रिय हैं। बैठक में एड.हरगोविंद अहिरवार नेहरू नगर, एड. रानू कुमार गौतम चांदेरा, एड.अर्जुन सिंह बेसरा, एड. अनिल कुमार गौतम नेहरू नगर, एड. पूनम राजपूत और भी अन्य लोग उपस्थित रहे। अंत में समिति जिलाध्यक्ष दीपक नंदलाल गौतम ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए इस बार जयंती बहुत ही धूमधाम से और परंपरागत तरीके से मनाई जाएगी।

# एजेंसी संचालक पर ट्रैक्टर हड़प लेने का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- एक किसान ने ट्रैक्टर एजेंसी संचालक पर उसका ट्रैक्टर हड़प लेने का आरोप लगाते हुए सीओ से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम कैलिया निवासी वीरपाल पटेल ने बुधवार को सीओ कोंच परमेश्वर प्रसाद को लिखित शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने बीते वर्ष 2019 में कोंच स्थित एक ट्रैक्टर एजेंसी से मैसी 7250 मॉडल का ट्रैक्टर, रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 92 एबी 3081 खरीदा था। ट्रैक्टर का फर्स्ट पार्टी बीमा भी कराया गया था। वर्ष 2020 में एक सड़क दुर्घटना में उसका उक्त ट्रैक्टर कैलिया क्षेत्र स्थित एक नाले में गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया था। पीड़ित किसान का आरोप है कि बीमा क्लेम के तहत एजेंसी संचालक के कहने पर उसने अपना उक्त ट्रैक्टर मरम्मत के लिए एजेंसी पर खड़ा कर दिया था लेकिन एजेंसी संचालक ने इसके एवज में उसे कोई रसीद नहीं दी थी। एजेंसी संचालक ने उसे आश्वासन दिया था कि दो-तीन महीने में ट्रैक्टर ठीक होने के बाद उसे वापस कर दिया जाएगा। पीड़ित किसान का कहना है कि इसके बाद से वह लगातार एजेंसी संचालक से ट्रैक्टर वापस मांगता रहा लेकिन हर बार उसे आज-कल आने की कहकर टाल दिया जाता रहा, और इसी दरम्यान ट्रैक्टर की वह एजेंसी भी बंद हो गई। उसने आगे बताया कि वर्ष 2025 में उसे जानकारी मिली कि उसका ट्रैक्टर रेंढर थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित खेत में उपयोग में लाया जा रहा है। जब वह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचा तो ट्रैक्टर चला रहा व्यक्ति ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित किसान ने आरोप लगाया है कि खेत से ट्रैक्टर लेकर भागा व्यक्ति एजेंसी संचालक का रिश्तेदार है और दोनों ने मिलकर उसका ट्रैक्टर हड़प लिया है और उसे लगातार धमकी दे रहे हैं। मामले में सीओ ने कहा है कि शिकायत प्राप्त हुई है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन में 61 जोड़ों की हुई शादी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत निर्धन पात्र कन्याओं का विवाह सम्मेलन बुधवार को नवीन कृषि गल्ला मंडी परिसर में आयोजित किया गया। ब्लॉक कार्यालय कोंच द्वारा पूर्व से चयनित 64 कन्याओं में से 53 और नगर पालिका कार्यालय कोंच द्वारा चयनित 9 में से 8 अर्थात कुल 73 कन्याओं में से 61 कन्याओं की शादी संपन्न हुई। शेष कन्याएं अलग-अलग कारणों से उपस्थित नहीं हुई।

उरई सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधोगढ़ विधायक पुत्र जितेंद्र उर्फ आशु निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख कोंच रानी देवी, प्रतिनिधि सतेंद्र निरंजन शीलू पड़री आदि के आतिथ्य में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 61 जोड़ों का विवाह विद्वतजनों द्वारा उच्चारित वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। जयमाल से लेकर सात फेरे सहित सारी वैवाहिक रस्में पूरी की गई। सभी जोड़ों को वैवाहिक प्रमाण पत्र सहित शासन द्वारा प्रदत्त सोने- चांदी के कुछ जेवर और घर गृहस्थी का सामान भेंट किया गया। अतिथियों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की और कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजनों से गरीब कन्याओं सहित उनके माता पिता के चेहरों पर मुस्कान लाने और उन्हें आर्थिक परेशानी से राहत पहुंचाने के लिए सरकार का यह सराहनीय कार्य है। इससे पूर्व बीडीओ प्रशांत यादव, नगर पालिका ईओ मोनिका उमराव के साथ विभागीय कर्मियों ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन राजीव रेजा ने किया। व्यवस्थाओं में एडीओ देवेंद्र निरंजन, कुसुम निरंजन, सचिव सूरजभान, पूनम, शिल्पी, आकांक्षा, पवन, हर्षित, अनुज, वसीम, हेमंत सहित पालिका आरआई सुनील कुमार, लिपिक विजय अवस्थी, जीवन लाल, पवन गौतम, राजा गुप्ता, रचना आदि संलग्न रहीं। ब्लॉक क्षेत्र के प्रधान, बीडीसी सदस्य और नगर पालिका सभासद भी मौजूद रहे। सम्मेलन में कन्या और वर पक्ष के लोगों की खासी भीड़ जमा रही।

# विधायक बोले : नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक बदलाव, भयमुक्त वातावरण, सशक्त कानून व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा में अग्रणी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर**- उत्तर प्रदेश के सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नवनिर्माण के 09 वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन लखनऊ में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका लाइव प्रसारण जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में देखा गया। इस अवसर पर विधायक जय प्रताप सिंह ने प्रदेश सरकार के सफलतम 09 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में सभी को बधाई दिया। कहा कि हर 05 वर्ष पर चुनाव होता है। आपके वोट से सरकार बनती है। यही लोकतंत्र का नियम है। 2017 से पहले प्रदेश की क्या था, 2017 के बाद 09 वर्षों में क्या काम हुआ है, उन्होंने कहा कि मै लगभग 40 वर्षो से विधायक हूँ। 2017 में भाजपा की सरकार आयी और योगी आदित्यनाथ प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। योगी आदित्यनाथ लगातार काम कर रहे है। 2017 से पहले प्रदेश में माफिया थे। महिलाओं की सुरक्षा नही थी। बिजली की व्यवस्था नही थी। आज महिलायें सड़को पर निकल रही है। 18-24 घन्टे बिजली मिल रही है। कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है।

विधायक विनय वर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई दिया। कहा कि जब से योगी आदित्यनाथ प्रदेश के मुख्यमंत्री बने है तब से प्रदेश में भय का वातावरण समाप्त हो गया है। पूरे प्रदेश में सुख शान्ति है। कोई भी घ्टना नही होती है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2017 में सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक बदलाव हुआ हैं, भयमुक्त वातावरण, सशक्त कानून व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा में प्रदेश अग्रणी हैं, अध्यक्ष जिला पंचायत शीतल सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गौरवशाली है। आज प्रदेश के मुख्यमंत्री के कार्यकाल के सफलतापूर्वक 09 वर्ष पूर्ण हो रहे है। 2017 से पहले उतर प्रदेश को बीमारू प्रदेश कहा जाता था आज उतर प्रदेश उत्तम प्रदेश रहा है। बेटिया निर्भीक होकर चल रही है। आज विकास धरातल पर दिख रहा है। जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या ने सभी का स्वागत करते हुए सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई दिया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओ के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र/प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर जिलाधिकारी शिवशरणरप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह मौजूद रहे, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा द्वारा जनप्रतिनिधियों तथा अन्य सभी का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, डीसीएनआरएलएम देवनन्दन दूबे, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी बीएस यादव, अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे ।

# पूज्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने मानव ऑर्गेनाइजेशन के गौरैया संरक्षण अभियान को सराहा

**●बोले, जीवों को बचाना ही सबसे बड़ा धर्म**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन संत, निर्यापक श्रवण मुनि पुंगवश्री सुधासागरजी महाराज ने प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहे मानव ऑर्गेनाइजेशन और उनके गौरैया बचाओ अभियान की मुक्त कंठ से सराहना की है। ललितपुर में आयोजित जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम के दौरान महाराजश्री ने संगठन के संस्थापक पुष्पेंद्र सिंह चौहान और उनकी टीम के प्रयासों को मानवता और प्रकृति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान टीम के सदस्य डा.राजीव निरंजन, अभय जैन, सचिन जैन, बलराम कुशवाहा, गौरव ड्योढिया उपस्थित रहे। अभियान की सराहना करते हुए महाराजश्री ने कहा कि प्रकृति ने जितने भी जीव-जंतु बनाए हैं, वे मनुष्य के लिए हितकारी हैं। उन्होंने भावुक होते हुए अपने बचपन को याद किया और कहा कि पहले सुबह-शाम गौरैया की जो चीं-चीं सुनाई देती थी, वह अब गायब हो गई है। विज्ञान आज इतना अंधा हो गया है कि वह केवल मानव सुख के पीछे भाग रहा है, यह भूलकर कि इन बेजुबान पक्षियों की उपस्थिति ही हमारा सबसे बड़ा उपकार है।

**मानव ऑर्गेनाइजेशन के कार्यों पर महाराज की मुहर**

संगठन द्वारा गौरैया के लिए बनाए जा रहे कृत्रिम लकड़ी के घोंसलों का अवलोकन करते हुए महाराज जी ने कहा कि यह सराहनीय पहल है। उन्होंने समाज को संदेश दिया कि हर व्यक्ति को अपने घर, बालकनी और फार्म हाउस में ऐसे घोंसले लगाने चाहिए। उन्होंने टीम को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उन जीवों को बचाओ जिन्हें दुनिया नहीं बचा रही है। गौरैया बचाओ अभियान में अब मैं भी आपके साथ जुड़ता हूँ।

**2006 से निरंतर जारी है सेवा**

समाचार के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि मानव ऑर्गेनाइजेशन वर्ष 2006 से पर्यावरण व वर्ष 2011से विलुप्त होती गौरैया के संरक्षण के लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है। संगठन की टीम घर-घर जाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर रही है।

**राष्ट्र और समाज के लिए संदेश**

महाराजश्री ने स्पष्ट किया कि जीव संरक्षण केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि नैतिक धर्म है। उन्होंने कहा कि जीवों की उपस्थिति ही प्रकृति का संतुलन बनाए रखती है। इस अवसर पर संगठन की टीम को महाराज श्री का विशेष आशीर्वाद प्राप्त हुआ, जिससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

# दो दरोगाओं सहित चार पुलिसकर्मियों पर एफआईआर के आदेश

**●अधिवक्ता के साथ बर्बरता और अभद्रता करने का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में पुलिसिया बर्बरता का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयंक जायसवाल की अदालत ने एक अधिवक्ता की शिकायत पर कड़ा रुख अपनाते हुए कोतवाली ललितपुर के दो दरोगाओं, एक सिपाही और एक होमगार्ड के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। अदालत ने थाना प्रभारी को दो कार्य दिवस के भीतर एफआईआर दर्ज कर न्यायालय को सूचित करने के निर्देश दिए हैं। मामला 7 दिसंबर 2025 का है। पीड़ित कृपाल सिंह जो कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में पंजीकृत अधिवक्ता हैं, ने अदालत को बताया कि गांव में उनकी भांजी के साथ हुई मारपीट की सूचना पर उन्होंने 112 नंबर पुलिस बुलाई थी। आरोप है कि मौके पर पहुंचे दैलवारा चौकी प्रभारी ललित उज्जवल और दरोगा दीपक डागर ने मदद करने के बजाय उल्टा अधिवक्ता और उनके चचेरे भाई केहर सिंह को घर से घसीटकर गाड़ी में डाल लिया। हवालात में बर्बरता और कथित तौर पर जूते चटवाने का आरोप अधिवक्ता कृपाल सिंह ने अपने शिकायती पत्र में रोंगटे खड़े कर देने वाले आरोप लगाए हैं। उनके अनुसार कोतवाली ले जाने के बाद दरोगा दीपक डागर और ललित उज्जवल ने होमगार्ड परमाल सिंह से उन्हें कमरे में बुलवाया। वहां तीनों ने लात-घूंसों और पट्टों से अधिवक्ता की बेरहमी से पिटाई की। इसके बाद आरक्षी (सिपाही) दीपेन्द्र भी मारपीट में शामिल हो गया। आरोप है कि दरोगाओं ने अधिवक्ता का वीडियो बनाया और अपशब्द कहे। प्रार्थी ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उनसे कहा कि मेरे जूतों को चाटो, इस वीडियो को वायरल करेंगे कि कैसे एक वकील जूते चाट रहा है। अधिवक्ता का गला दबाया गया और धमकी दी गई कि यदि कहीं शिकायत की या मेडिकल में कुछ बताया तो जान से मार देंगे। अधिवक्ता ने पुलिस अधीक्षक से लेकर आईजीआरएस पोर्टल तक न्याय की गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अंततः उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 173(4) के तहत न्यायालय की शरण ली। प्रस्तुत साक्ष्यों, मेडिकल रिपोर्ट और शपथपत्र का अवलोकन करने के बाद सीजेएम मयंक जायसवाल ने माना कि प्रथम दृष्ट्या अपराध कारित होना प्रतीत होता है। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि आवेदक के प्रार्थनापत्र व अभिलेखों के आधार पर विपक्षीगण द्वारा अपराध कारित किए जाने से इनकार नहीं किया जा सकता। मामले की विवेचना कर सही तथ्यों को प्रकाश में लाना आवश्यक है। अदालत का आदेश न्यायालय ने कोतवाली प्रभारी को निर्देशित किया है कि इस मामले में सुसंगत धाराओं के तहत 02 दिन के भीतर रिपोर्ट दर्ज की जाए और विवेचना कर न्यायालय को अवगत कराया जाए।

# गैस सिलेंडर के बढ़े दाम और कालाबाजारी का विरोध

**●कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर सरकार पर साधा निशाना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** रसोई गैस (एलपीजी) एवं कमर्शियल गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों, आपूर्ति में बाधा और कालाबाजारी के विरोध में शहर के कम्पनी बाग में कांग्रेस पार्टी द्वारा जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन नगर अध्यक्ष पं.रामनरेश दुबे के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। धरने के दौरान कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गैस की कीमतों में की गई हालिया बढ़ोतरी का विरोध जताया। सभा को संबोधित करते हुए पं.रामनरेश दुबे ने कहा कि हाल ही में घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में लगभग 60 रुपये तथा कमर्शियल गैस सिलेंडरों में 100 रुपये से अधिक की वृद्धि की गई है, जिससे आम जनता, छोटे व्यापारियों, होटल संचालकों और मध्यम वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गैस की कीमतों को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल रही है। साथ ही कई क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित होने से लोगों को समय पर गैस नहीं मिल पा रही है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी लगातार बढ़ रही है। विभिन्न राज्यों में अवैध भंडारण और कालाबाजारी के मामले सामने आने से स्थिति और गंभीर हो गई है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार से मांग की कि गैस सिलेंडरों के बढ़े हुए दाम तत्काल वापस लिए जाएं, सभी क्षेत्रों में गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा आम जनता को राहत देने के लिए सब्सिडी बढ़ाई जाए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं करती है, तो पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राम सिंह यादव ने किया। इस दौरान गजेंद्र सिंह बुंदेला, राजा राजपाल सिंह, रफीक अली, अमन साहू, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष, महेश रजक बाबूजी, सीताराम राय, रामकुमार अहिरवार, खलक सिंह राजपूत, रमेश सेन, आकाश, समरथ कुशवाहा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अभूतपूर्व विकास, सतत समृद्धि व नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण

**●विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर विकास भवन में आयोजित हुआ समारोह**

**लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का दिखाया सजीव प्रसारण**

**प्रभारी मंत्री ने वर्चुअली जुड़कर दी जनपदवासियों को बधाई**

**जनप्रतिनिधिगणों ने गिनायी सरकार की उपलब्धियों, डीएम ने विकास को बताया सतत् प्रक्रिया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास भवन सभागार में संकल्प से सिद्धि-सुरक्षा-सुशासन-समृद्धि की थीम पर विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से विगत नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास और सतत समृद्धि को लगायी गई प्रदर्शनी के माध्यम से जनमानस को अवगत कराया गया तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार साहित्य का वितरण भी किया गया। राज्यमंत्री मनोहर लाल, जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, सांसद प्रतिनिधि, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने मां सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सभी अतिथिगणों के द्वारा सूचना विभाग के माध्यम से लगायी गई सरकार की नौ वर्ष की अभूतपूर्व उपलब्धियों की चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ से प्रसारित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संबोधित किया और नौ वर्षों के विकास और उपलब्धियों को बताया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी वर्चुअल माध्यम से जुड़कर कार्यक्रम की सराहना की और सरकार द्वारा जनपद में कराये गए विकास कार्यों की जानकारी दी तथा सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर जनपदवासियों को बधाई दी। राज्यमंत्री ने एयरपोर्ट, बल्क ड्रग पार्क, मेडिकल कॉलेज, किसान ऋण मुक्ति, जीरो पावर्टी कार्यक्रम, फॉर्मर रजिस्ट्री, रोजगार, सुमेरा तालाब का सुन्दरीकरण, चौपाटी निर्माण आदि विषयों पर जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कई कार्य चल रहे हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में 16 सौ से अधिक मजरों को मुख्य मार्गों से जोडने का कार्य चल रहा है, नगरीय क्षेत्र में शहर की मुख्य सड़क का चौड़ीकरण कार्य भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है, जो चलता रहता है। शहर में चौपाटी का निर्माण, सुमेरा तालाब का सौन्दर्यीकरण जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य भी हमारी कार्ययोजना में शामिल है। कार्यक्रम में सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, पीडी डीआरडीए दीपक कुमार यादव, डीडीओ अतिरंजन सिंह, डीपीओ नीरज सिंह, प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, सहायक आयुक्त सहकारिता अरविन मेहर सहित अन्य अधिकारीगण, महिला शक्ति व आम नागरिक उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## पारिवारिक रंजिश के चलते एक व्यक्ति ने दूसरे पर तेज़ाब फेंका, पुलिस ने किया गिरफ्तार




**कानपुर।** आज दिनांक 18.03.2026 को थाना फीलखाना क्षेत्रान्तर्गत पटकापुर स्थित एक चप्पल कारखाने में एक व्यक्ति ने एक युवक शाहिद पुत्र सैयद अली उम्र लगभग 38-40 वर्ष के ऊपर एक अज्ञात ज्वलनशील/रासायनिक पदार्थ फेंक दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि इनमें आपस में रंजिश की जानकारी मिली है दोनों लोग एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। पुलिस ने ज्वलनशील पदार्थ फैंकने वाले व्यक्ति गुलफाम को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि घटना में युवक के हाथ, चेहरे एवं पैर पर जलने के चिन्ह पाए गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची तथा घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ चिकित्सकों द्वारा उसका समुचित उपचार किया जा रहा है। घटना के संबंध में आरोपी गुलफान को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उससे पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों पक्षों के मध्य आपसी/पारिवारिक विवाद एवं अन्य कारण प्रकाश में आए हैं, जो कि जांच का विषय है। दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त कर विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। प्रकरण में साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## चकेरी पुलिस ने चोरी की स्कूटी समेत अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**कानपुर ।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व पुलिस उपायुक्त पूर्वी व अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी व सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी कमिश्नरेट कानपुर नगर के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक चकेरी के कुशल नेतृत्व में थाना पर दिनांक 17.03.2026 को वादिनी मुकदमा की तहरीरी सूचना के आधार पर अज्ञात चोर द्वारा दि0 06.03.2026 को वादिनी की स्कूटी नं0 क्र/8र्ङ्5269 को चोरी कर लेने के संबंध में थाना पर थाना चकेरी कानपुर नगर बनाम अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसमें थाना हाजा पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए हर घर लगे कैमरे की सहायता से प्रकाश में आये अभियुक्त मोहम्मद सुफियान पुत्र शफीक अहमद निवासी 9/6 अशरफाबाद थाना जाजमऊ कानपुर नगर उम्र करीब 27 वर्ष को आज दिनांक 18.03.2026 को समय 02:35 बजे मुखबिर की सूचना पर नरेन्द्रा ग्राउण्ड एयर फोर्स स्टेशन गेट के पास कानपुर नगर से मय एक अदद स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया है और मुकदमा उपरोक्त मे धारा 317 (2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी ।

## सिद्धार्थनगर में निर्विरोध हुआ लेखपाल संघ का चुनाव, अजय गुप्त अध्यक्ष व रणधीर यादव बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष



**सिद्धार्थनगर ।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ सिद्धार्थनगर जिला इकाई का बुधवार को द्विवार्षिक चुनाव सपन्न हुआ। जिसमें अजय कुमार गुप्त अध्यक्ष व रणधीर यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शैलेष कुमार भारती कनिष्ठ उपाध्यक्ष, आनंद गौतम जिला मंत्री, प्रभात सैनी उपमंत्री व रणधीर कुमार राना कोषाध्यक्ष, सुनील सिंह ऑडिटर के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए । लोहिया कला भवन के सभागर में निर्वाचन अधिकारी इम्तियाज अहमद व सह निर्वाचन अधिकारी विवेक रंजन की देखरेख में चुनाव सपन्न हुआ । इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारी एवं जनपद के समस्त लेखपाल मौजूद रहे।

# सिद्धार्थनगर में गैस किल्लत पर सपा का अनोखा प्रदर्शनः कलेक्ट्रेट परिसर में खाली सिलेंडर लेकर पहुंची महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष, अन्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में समाजवादी पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुनीता गोस्वामी अगुवाई में गैस सिलेंडर की किल्लत को खाली गैस सिलेंडर लेकर धरना/ प्रदर्शन किया गया। इस दौरान यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद खान ने कहा कि भारत सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई दिनों से गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर अफरातफरी और हाहाकार मचा हुआ है जिससे आम लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। यह मामला महिलाओं से सीधा जुड़ा हुआ है। पहले कामडतोड महंगाई और फिर परेशानी से महिलाओं की जिन्दगी बंद से बदत्तर होती जा रही है। महिला सभा की जिला अध्यक्ष सुनीता गोस्वामी ने कहा कि आम जनता की रोजमर्रा की जिंदगी में बढ़ती परेशानी को अनदेखी करते हुए केंद्र उत्तर प्रदेश की सरकार की सरकार द्वारा ये कहना है कि गैस की कोई कमी नहीं है हास्यप्रद और आम जनता कोपरेशान किया जा रहा है।

महिला सभा की जिला महासचिव/जिला पंचायत सदस्य रिन्धु पासवान ने कहा कि गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी, लंबी लाइनों में महिलाएं बेहोश हो कर गिर रही है गैस एजेंसियों पर दलालों, ब्लैक करने वाले हावी हैं, प्रशासन पूरी तरह से फेल नजर आ रहा है। आम आदमी को गैस न मिलना सरकार की सबसे बड़ी विफलता है। इस दौरान सपा यूवजन सभा के प्रदेश सचिव विजय चौधरी, कृष्ण नाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष सुमन यादव, बांसी विधानसभा अध्यक्ष रुखसार बानो, कपिलवस्तु विधानसभा अध्यक्ष बृंदवासनी देवी सहित अन्य लोगों ने सरकार की नीतियों और फैसलों से आम जनमानस का जीवन कठिन हो गया है, गैस सिलेंडर की कमी से उत्तर प्रदेश की जनता की दुश्वारियों को बताया और ऐसे पैनिक हालात में प्रशासन की लापरवाही पर कड़ी निंदा किया गया। इस दौरान कृष्ण नाथ यादव, जुनेद आलम, वृन्दवासनी गौतम, रिजवान खातून, असीमा बानो, रोशनी, किरण गुप्ता, भागीरथी, इंदु कन्नौजिया खुशनुमा बानो, कुमारी पूनम मिश्रा सायला सिद्दीकी, हसरतुननिशा, मोमिना, गौरी देवी, मुस्कान, अनीता देवी, मुमताज़, सरिता, इरफान सफ़ीना खातून, गुड़िया देवी, ऊषा, रितु यादव, कैलाश देवी, रानी प्रजापति, सीता देवी सहित तमाम पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं उपस्थित रही।

# थाना बार पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार, कोर्ट में किया पेश

**बार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत थाना बार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बार पुलिस ने वारंटी हरीराम (उम्र करीब 40 वर्ष) एवं देशराज (उम्र करीब 35 वर्ष) निवासी ग्राम देवरान को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में मुकदमा संख्या 380/20 धारा 354ख, 504, 506 के तहत मामला लंबित था।

पुलिस ने दोनों को नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायालय (त्वरित न्यायालय) ललितपुर के समक्ष पेश किया। इस कार्रवाई में उ0नि0 अजीत सिंह, उ0नि0 अशोक सिंह, कांस्टेबल आलोक कुमार एवं हेड कांस्टेबल नीरज सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 12वीं अर्थशास्त्र की परीक्षा में 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** सीबीएसई बोर्ड की बुधवार को 12वीं अर्थशास्त्र की परीक्षा प्रतापगढ़ के सात परीक्षा केंद्रों न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आत्रेय एकेडमी, संस्कार ग्लोबल स्कूल, डॉल्फिन पब्लिक स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, जेएमजी पब्लिक स्कूल, कालाकांकर तथा आइंस्टीन पब्लिक स्कूल, लालगंज में सुबह 10 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक आयोजित की गई, जिसमें जिले के 659 परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कुल 671 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड थे जिसमें 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी केंद्रों पर परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई।सिटी कोआर्डिनेटर बीके सोनी ने बताया कि सीबीएसई 12वीं अर्थशास्त्र की परीक्षा के प्रश्न पत्र में कुल दो सेक्शन थे। इस विषय में कुल 34 सवाल पूछे गए थे। अर्थशास्त्र का पूरा पेपर कुल 80 अंकों का था। इसमें पहला सेक्शन समष्टि अर्थशास्त्र के सवालों का था तथा दूसरा सेक्शन भारतीय आर्थिक विकास के सवालों का था। इस प्रश्न पत्र में 20 बहुविकल्पीय प्रश्न प्रत्येक 1 अंक के, दो प्रकार के लघु उत्तरीय प्रश्न 60 से 80 शब्दों के लिए तथा 80 से 100 शब्दों के लिए क्रमशः 3 और 4 अंकों के लिए, 4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 6 अंकों के लिए थे। न्यू एंजिल्स की प्रबन्धक डॉ. शाहिदा ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं की परीक्षा 10 अप्रैल को समाप्त होगी। सीबीएसई कक्षा 12 वीं की अगली परीक्षा 23 मार्च को पोलिटिकल साइंस की होगी।

# फुटबाल प्रतियोगिता में स्टेडियम रेड टीम बनी चैंपियन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिला खेल कार्यालय प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय जनपद स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन मैच की मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया, उद्घाटन मैच वेलोसिटी फुटबॉल एकेडमी और प्रतापगढ़ फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया,जिसमें वेलोसिटी 4-0 से विजई रही। वेलोसिटी के राजेश कुमार एवं मोहम्मद समीर ने दो-दो गोल किए। मल्हूपुर मांधाता एवं रामनगर लालगंज के मध्य मैच हुआ,कांटे की टक्कर में रामनगर लालगंज ने 2-1 से विजय प्राप्त की। रामनगर लालगंज की ओर से लव कुश कोरी ने दो गोल किया। पहला सेमीफाइनल मैच स्टेडियम रेड और वेलोसिटी फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया। कड़ी टक्कर में 2-1से विजई रही आदिल एवं नारायण ने एक एक गोल किया।

दूसरा सेमीफाइनल मैच स्टेडियम ब्लू और रामनगर लालगंज के मध्य खेला गया, जिसमें लव कुश ने 1 गोल से टीम ने फाइनल में प्रवेश किया।फाइनल मैच स्टेडियम रेड और रामनगर लालगंज के मध्य खेला गया, जिसमें काफी संघर्ष पूर्ण मैच हुआ।दोनों टीमें 1-1बराबरी पर रही। फाइनल मैच का निर्णय पेनल्टी शूटआउट से किया गया, जिसमें स्टेडियम रेड ने रामनगर लालगंज को 3-1 से परास्त कर जनपद स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का चैंपियन बना।विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को जिला क्रीड़ा अधिकारी ने पुरस्कृत किया एवं खिलाड़ियों को शुभ कामना प्रदान किया। मैच के मुख्य निर्णायक रोमी विकास जिगर, आर्यन, फुटबॉल कोच बुद्ध प्रकाश ,मांधाता के खेल अध्यापक अजय कुमार रहे इस अवसर पर रामअंजोर ,जेपी यादव, लवली मिश्रा, निखिल राणा, श्याम कनौजिया उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन तेजस वैश्य ने किया।

# विकास के 9 साल पूरे, प्रतापगढ़ में लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ-विधायक सदर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री द्वारा लोकभवन लखनऊ उत्तर प्रदेश सरकार के 'नवनिर्माण के 9 वर्ष' पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वार्षिक पुस्तक 'नवनिर्माण के 9 वर्ष' का भव्य विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद प्रतापगढ़ के विकास भवन सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, प्रभारी जिला विकास अधिकारी सन्तोष कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने प्रदेश सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों और विकास कार्यों को विस्तार से सुना और देखा।

इस अवसर पर सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था, निवेश, बुनियादी ढांचे, कृषि, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और तकनीक पर आधारित सुशासन के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। प्रदेश में गरीब, निर्धन, असहाय परिवार की बेटियों के लिये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 1 लाख रूपये की सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होने कहा कि सांस्कृतिक व पर्यटन के क्षेत्र में व्यापक विकास किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश की पहचान अपराध और अराजकता से जुड़ी थी, लेकिन अब उत्तर प्रदेश विकास और सुशासन की दिशा में अग्रसर होकर 'उत्तम प्रदेश' के रूप में उभर रहा है। उन्होंने 'एक जनपद एक उत्पाद' जैसी योजनाओं को जनपदों की पहचान और आर्थिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए विकास कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं सामग्री वितरित की गई। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के स्वीकृति पत्र, आयुष्मान भारत योजना के कार्ड, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19) के अंतर्गत लैपटॉप, वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति पत्र, कस्टम हायरिंग सेंटर की चाभी, पीएम कुसुम योजना के सोलर पंप प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत 10 लाख रुपये के स्वीकृति पत्र, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के प्रमाण पत्र, मशरूम प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों के प्रमाण पत्र तथा एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत पावर ट्रिलर की चाभियां शामिल रहीं। इसके अतिरिक्त महाकुंभ मेले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले होमगार्ड्स को भी सम्मानित किया गया।

परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव ने जानकारी दी कि 18 मार्च से 26 मार्च तक जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जो ब्लॉक व जनपद स्तर तक आयोजित होंगे। जनपद स्तर पर 23 से 25 मार्च तक तुलसी सदन (हादीहाल) में वृहद कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें लाभार्थियों, उद्यमियों, जनसामान्य और जनप्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में परियोजना निदेशक डीआरडीए ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जिला कारागार प्रतापगढ़ बना सुधार और गुणवत्ता का मॉडल, मिला 3 आईएसओ प्रमाण पत्र

## ● जिला कारागार बायोमेडिकल वेस्ट सिस्टम लगाने वाली बनी प्रदेश की पहली जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिला कारागार प्रतापगढ़ ने सुधार, स्वच्छता और आधुनिक सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 3 आईएसओ प्रमाणपत्र प्राप्त किए हैं। यह प्रमाणपत्र दिल्ली की क्वालिटी रिसर्च ऑर्गनाइजेशन द्वारा पिछले दो वर्षों में किए गए व्यापक मूल्यांकन के बाद प्रदान किए गए। जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने बताया कि कारागार में स्वच्छता, हरित वातावरण और बंदियों के पुनर्वास पर विशेष ध्यान दिया गया है। परिसर में 263 पुराने वृक्षों के संरक्षण के साथ 300 नए पौधे लगाए गए हैं। साफ-सफाई के लिए हर बैरक और संभावित स्थानों पर डस्टबिन लगाए गए हैं तथा नगर पालिका के सहयोग से प्रतिदिन कूड़ा निष्पादन सुनिश्चित किया जाता है। जिला कारागार प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश की पहली जेल बन गई है जहां बायोमेडिकल वेस्ट डिस्पोजल सिस्टम स्थापित किया गया है। जेल अस्पताल सभी मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण किया जाता है, जिससे स्वच्छता बनी रहती है। बंदियों के पुनर्वास के लिए शिक्षा और कौशल विकास पर भी जोर दिया जा रहा है। शिवनादर फाउंडेशन के सहयोग से निरक्षर बंदियों के लिए साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें आधुनिक तकनीकों जैसे प्रोजेक्टर और डिजिटल सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही कंप्यूटर प्रशिक्षण के माध्यम से बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होने बताया है कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जेल परिसर में 87 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत हेल्थ एटीएम की स्थापना की गई है, जिससे विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श संभव हो पा रहा है। बंदियों की नियमित स्वास्थ्य जांच, जिसमें एचआईवी जांच भी शामिल है, कराई जाती है। भोजन व्यवस्था को आधुनिक बनाते हुए ऑटोमैटिक मशीनों का उपयोग किया जा रहा है और जेल की बागवानी से ताजी सब्जियां उपलब्ध कराई जाती हैं। बेहतर गुणवत्ता के कारण कारागार को एफएसएसएआई द्वारा ईट राइट कैंपस 4 स्टार प्रमाणपत्र भी प्राप्त हुआ है। इसके अलावा जेल में आंवला से बने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें आंवलाकृति ब्रांड के तहत बाजार में बेचा जा रहा है।जेल प्रशासन सुधार और नवाचार के इन प्रयासों को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा, ताकि कारागार को एक आदर्श सुधारगृह के रूप में स्थापित किया जा सके।

# हत्या किए जाने पर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पारा हमीदपुर जाकर पीड़ित परिजनों को बंधाया ढांढ़स

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ।** सदर विधानसभा क्षेत्र के पारा हमीदपुर में मां शिवपत्ती मौर्या और उसके मासूम पुत्र औरभ मौर्या की निर्मम हत्या की अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि यह घटना प्रदेश की बिगड़ती कानून-व्यवस्था का गंभीर उदाहरण है। डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों का एक प्रतिनिधिमंडल मौके पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया एवं उनकी अन्तिम यात्रा में सम्मिलित हुआ द्य प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। परिजनों ने घटना की निष्पक्ष जांच हेतु सीबीआई जांच की मांग की।इस संबंध में डॉ. नीरज त्रिपाठी ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता, सांसद प्रमोद तिवारी से फोन पर वार्ता कर उन्हें पूरे प्रकरण से अवगत कराया। इस पर सांसद प्रमोद तिवारी ने आश्वासन दिया कि वह शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस मामले में सीबीआई जांच कराए जाने की मांग करेंगे।

इस दौरान डॉ. त्रिपाठी ने पुलिस अधिकारियों से घटना का शीघ्र एवं निष्पक्ष खुलासा करने, दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा उनके विरुद्ध कठोरतम विधिक कार्रवाई करने की मांग की।

उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आए दिन हो रही हत्याएं, लूट और आपराधिक घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है।डॉ. त्रिपाठी ने मृतक परिवार को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग दोहराते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को हर संभव न्याय दिलाया जाएगा।प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा ,किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव राधेश्याम सरोज,जिला प्रवक्ता मासूम हैदर,आमिर खान , गजाधर वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों व परिसर का किया निरीक्षण

## ●कलेक्ट्रेट में अव्यवस्था पर डीएम का सख्त एक्शन, कर्मचारियों को दी चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान कई पटलों में अव्यवस्था, गंदगी और पत्रावलियों के रख-रखाव में लापरवाही सामने आने पर डीएम ने सख्त नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार कर्मचारियों को फटकार लगाई। डीएम ने नजारत, अंग्रेजी दफ्तर, जनसुनवाई कक्ष, एसडीएम कोर्ट, मुहाफिज खाना और एडीएम कोर्ट सहित विभिन्न पटलों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान कई जगहों पर फाइलों का रख-रखाव अस्त-व्यस्त मिला और साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर उन्होंने नाजिर को चेतावनी दी, जबकि डिप्टी नाजिर को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं आज ही दुरुस्त की जाएं, अन्यथा विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। फौजदारी कार्यालय के अभिलेखागार का निरीक्षण करते समय फाइलों का रख-रखाव खराब पाया गया, जिस पर कर्मचारी पारसनाथ को कड़ी फटकार लगाई गई। वहीं एनएचआई कार्यालय के निरीक्षण में भी पत्रावलियों के सुव्यवस्थित रख-रखाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में बेतरतीब ढंग से खड़ी मोटरसाइकिलों पर भी डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल जिला होमगार्ड कमांडेंट को मौके पर बुलाकर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए, साथ ही होमगार्ड जवानों को अपने-अपने तैनाती स्थल पर पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी निभाने और परिसर में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने देने के निर्देश दिए। वाहनों को निर्धारित पार्किंग में खड़ा कराने पर विशेष जोर दिया गया।निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी कर्मचारियों के साथ बैठक की और कार्यप्रणाली में सुधार लाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कर्मचारी अपनी-अपनी पत्रावलियों की पूरी जानकारी रखें और रिकॉर्ड को व्यवस्थित बनाए रखें। साफ-सफाई को प्राथमिकता देने के भी निर्देश दिए गए। सभी पेशकारों को स्पष्ट आदेश दिए गए कि जिन कार्यों की प्रविष्टि ऑर्डर शीट पर पूर्ण नहीं है, उन्हें संबंधित अधिकारियों से हस्ताक्षर कराकर तत्काल पूरा किया जाए। साथ ही सभी कंप्यूटर सिस्टम को सुचारु रूप से कार्यशील रखने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में एडीएम ने भी सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि कोई भी कर्मचारी बिना कार्य पूर्ण किए कार्यालय से न जाए। उन्होंने सभी को समयबद्ध तरीके से कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने की चेतावनी दी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी भी उपस्थित रहे।

# राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सशक्त-आरपी मिश्र

## ●भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस शिविर का समारोहपूर्वक हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लालगंज,प्रतापगढ़।** नगर के अझारा स्थित भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के विशेष शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ0 आरपी मिश्र एवं संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र तथा प्रबंधक सुनीता मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। शिविरार्थी छात्राओं खुशी तिवारी व महक केसरवानी द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गान तथा भजन व भाषण की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी। मुख्य अतिथि डॉ0 आरपी मिश्र ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को सशक्त करार दिया। विशिष्ट अतिथि एनएसएस के जिला नोडल अधिकारी डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने समाज एवं देश के निर्माण में सशक्त भावी पीढ़ी के निर्माण पर जोर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भारतीय संस्कृति एवं सामूहिक एकता की मजबूती को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। संस्थापक रमेशचंद्र मिश्र, गौरव मिश्र, रीमा मिश्रा व सीमा मिश्रा ने शिविर में स्वयंसेवको द्वारा विविध प्रस्तुतिकरण की सराहना की। अध्यक्षता करते हुए संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र ने कहा कि युवा शक्ति पर ही देश के स्वर्णिम भविष्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। प्राचार्य डॉ0 पूनम त्रिपाठी ने समारोह में विविध क्षेत्रों में योगदान के लिए अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 प्रतिमा उपाध्याय ने शिविर के उददेश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 लक्ष्मीकांत द्विवेदी ने विशेष शिविर की कार्यवृत्ति का खाका प्रस्तुत किया। संचालन प्रवक्ता डॉ0 लक्ष्मीकांत तिवारी ने किया। इस मौके पर राहुल सिंह, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, डॉ0 रेखा पाण्डेय, डॉ0 शालिनी शुक्ला, डॉ0 अरविन्द शर्मा, रामचंद्र पाण्डेय, ऋषिकेश पाण्डेय, रामकृष्ण शुक्ल, राजेश सिंह, दयाशंकर मिश्र, तीर्थराज शुक्ल, रूचि शुक्ला, राघवेंद्र पाण्डेय, आकाश यादव, हृदय पाण्डेय, संतोष शुक्ल, विनोद पाण्डेय, सुशील सिंह, धर्मेन्द्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**देवरिया, 18 मार्च।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीमों द्वारा 'मिशन शक्ति फेज-5.0' और 'शक्ति दीदी' अभियान चलाया गया। इसके तहत बरहज स्थित बाबा राघव दास महिला महाविद्यालय समेत विभिन्न स्थानों पर महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं को जागरूक किया गया। टीमों ने डायल-112, 1090, 181, 1098, 1076, 102, 108 व 1930 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। रुद्रपुर क्षेत्र में भी बैंक व सार्वजनिक स्थलों पर पंपलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों के बारे में बताया गया। पुलिस ने महिलाओं को आत्मरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और आपात स्थिति में तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

### पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** बुधवार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, साइबर धोखाधड़ी, राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए।उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस और जनता के मध्य विश्वास, संवाद एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है। आमजन की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं संतोषजनक समाधान ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### अनपरा तापीय परियोजना इं. चंद्र प्रकाश बने महाप्रबंधक, परियोजना परिसर में जश्न का माहौल

**अनपरा, सोनभद्र,** 2026 उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा अनपरा तापीय परियोजना में कार्यरत वरिष्ठ अभियंता इं. चंद्र प्रकाश को महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नत किया गया है। उनकी इस उपलब्धि की सूचना मिलते ही पूरे परियोजना परिसर में हर्ष की लहर दौड़ गई। मंगलवार को उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान विद्युत कर्मियों और संगठन के पदाधिकारियों ने इं. चंद्र प्रकाश के अब तक के कार्यकाल और निगम के प्रति उनके अमूल्य योगदान की चर्चा की। परियोजना में कार्यरत इं. अभिषेक सिंह ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि चंद्र प्रकाश सर की कार्यशैली, तकनीकी विशेषज्ञता और निगम के प्रति उनकी अटूट निष्ठा हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। इं. असुरजीत शर्मा और प्रवीण कश्यप ने पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने साझा किया कि यह पदोन्नति न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम है, बल्कि इससे पूरे अभियंता संवर्ग और विद्युत कर्मियों का मान बढ़ा है। विद्युत कर्मी नेता विष्णु देव झा ने इं. चंद्र प्रकाश को स्मृति चिन्ह प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कर्मियों ने यह विश्वास जताया कि महाप्रबंधक के रूप में उनका अनुभव अनपरा परियोजना और निगम को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। इस शुभ अवसर पर सैकड़ों की संख्या में परियोजना कर्मी और अधिकारी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से बधाई देने वालों में शामिल रहे। इं. एस पी यादव, उत्पल शंकर, अच्युतेश कुमार, विजय कुमार दिनकर, कुमार गौरव, आलोक त्रिपाठी, उमेश पाण्डेय, रामदरश, रवि कुरील, अरुण कुमार, ओम प्रकाश भारती, वेद प्रकाश विश्वकर्मा, मो. शाहिद, केशव प्रसाद, संदीप सिंह, अनूप चंद्रा, दिनेश शंकर द्विवेदी, अभिषेक सिंह, रवित कुमार, वैशाली गौतम, भैया विवेक सिंह, विकाश रंजन, अखिलेश सिंह, अविनाश सिंह, सुजीत सोनी, प्रशांत उपाध्याय और विशाल शाही।

# भाजपा राजनगर मंडल अध्यक्ष के निर्णय भाजपा के कार्यकर्ताओं के लिए भस्मासुरी न हो साबित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

दिनेश चौधरी की रिपोर्ट शहडोल

**अनूपपुर/शहडोल-** भाजपा राजनगर मण्डल का एक दौर था जब पूरे जिले में राजनगर मंडल संगठन के कार्यो को लेकर सबसे अव्वल रहा करता था।बूथ से लेकर संगठन स्तरीय कार्यक्रम हो या किसी कार्यक्रम की सहभागिता को लीड करना हो राजनगर मण्डल हमेशा आगे रहता था। लेकिन जैसे ही मण्डल अध्यक्ष का बदलाव हुआ वैसे ही राजनगर मण्डल पूरे जिले में फिसड्डी होता चला गया। राजनगर मंडल अध्यक्ष की एकला चलो की नीति भाजपा को गर्त में धकेलना का काम कर रही है, जिसकी वजह से पार्टी कार्यकर्ताओं में फुट एवं निराशा का संचार हुआ है एवं पार्टी कार्यकर्ता धीरे-धीरे पार्टी से दूरी बनाने लगे हैं। जिसका असर आने वाले नगरीय निकाय चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में दिखेगा सूत्रों के अनुसार अगर पार्टी हाई कमान ऐसे मंडल अध्यक्ष को तानाशाही करने की छूट देकर रखेगी तो आने वाले समय में पार्टी को कार्यकर्ताओं की कमी भी झेलनी पड़ेगी क्योंकि वर्तमान मंडल अध्यक्ष द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं दिया जाता है। जिससे पार्टी कार्यकर्ता पार्टी के कार्यक्रमों से दूरी बनाने लगे हैं।

**कार्यकारिणी गठन में डेढ़ साल का लगा समय, जिले में सबसे फिसड्डी**

वैसे तो पहले भाजपा मंडल में राजनगर मंडल संगठन के कार्यों में अव्वल रहा करता था लेकिन जैसे ही नए मंडल अध्यक्ष का चयन हुआ उसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं का संगठनात्मक कार्यों में दिलचस्पी न लेना मंडल अध्यक्ष की नाकामी का उदाहरण है मंडल अध्यक्ष का चयन हुए डेढ़ साल बीत जाने के बावजूद पार्टी के कार्यकारिणी का गठन नहीं किया जा सका था जबकि वहीं पाषाण मंडल के अध्यक्ष चयन होते ही कार्यकारिणी का सफलतापूर्वक गठन कर लिया गया। जिससे राजनगर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं में पार्टी के कार्यों के प्रति उदासीनता साफ देखी जा रही है सूत्रों के अनुसार पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी के वर्तमान अध्यक्ष एकला चलो नीति का अनुसरण करते हैं और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया जाता है।

**शासकीय कर्मचारी और गैर मीडिया कर्मी को बनाया मीडिया प्रभारी**

वैसे तो राजनगर मंडल नए मंडल अध्यक्ष बनने के बाद से ही निष्क्रिय से नजर आ रही थी लेकिन खबरों के लगातार प्रशासन के बाद मंडल अध्यक्ष द्वारा अपनी कार्यकारिणी का गठन तो कर लिया गया लेकिन इस पर भी भारी भी संगति देखने को मिली है जो कार्यकर्ता पार्टी के लिए तन मन धन से समर्पित रहता था ऐसे कार्यकर्ताओं को पार्टी पर उचित पद ना दिया जाना समर्पित कार्यकर्ताओं की की निष्ठा को ठेस पहुंचाने जैसा कार्य है मंडल अध्यक्ष द्वारा अपनी कार्यकारिणी में मीडिया प्रभारी के रूप में जिनका चयन किया गया है वह एक तरफ सास की कर्मचारी हैं और दूसरी तरफ शासकीय कर्मचारी होने के कारण पत्रकारिता से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है उसके बावजूद ऐसे शख्स को मीडिया प्रभारी बनाना पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों पर सवालिया निशान खड़ा करता है। अब देखना यह होगा कि भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा इस भूल को सुधार किया जाता है या फिर एकला चलो की नीति को संरक्षण दिया जाएगा।



**कार्यकारिणी के गठन होते ही इस्तीफो का दौर हुआ शुरू**

नवीन मंडल अध्यक्ष बनते ही भाजपा की संघटनात्मक कार्य प्रणाली धीमी गति से कार्य करने लगी लगातार खबरों के प्रकाशन के बाद मंडल अध्यक्ष द्वारा डेढ़ साल बाद कार्यकारिणी का गठन तो कर लिया गया लेकिन पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी में गठन न दिए जाने की वजह से कार्यकारिणी के गठन के बाद ही इस्तीफा का सिलसिला चल पड़ा था अगर इसी तरह से मंडल अध्यक्ष द्वारा पार्टी के कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज और पद से वंचित रखा जाएगा तो आने वाले समय में पार्टी को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

## रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**● ड्राइवर और कंडक्टर भागे, इस इलाके में एक हफ्ते के भीतर तीसरा हादसा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सुल्तानपुर-** लंभुआ थाना क्षेत्र के मुरली नहर के पास बुधवार दोपहर तीन बजे के करीब एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें जौनपुर डिपो की रोडवेज बस की चपेट में आने से बाइक सवार अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, वाराणसी से लखनऊ जा रही रोडवेज बस ने मुरली नहर के पास डिवाइडर के समीप बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उनकी प्लैटिना मोटरसाइकिल बस के नीचे फंस गई।

मृतक की पहचान सैतापुर सराय गांव निवासी रमेश मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा (48) के रूप में हुई है। उनके परिवार में एक बेटी पूजा है, जिसकी शादी पिछले साल हुई थी, जबकि बेटा शुभम बाहर रहकर नौकरी करता है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। दुर्घटना के बाद बस चालक, परिचालक मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 108 और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने शव को लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। क्षेत्राधिकारी ऋतिक कपूर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि इसी स्थान से करीब 500 मीटर के दायरे में एक सप्ताह के भीतर यह तीसरी बड़ी दुर्घटना है। 13 मार्च को कार की टक्कर से एक युवक की मौत हुई थी, जबकि 16 मार्च को एक अन्य हादसे में बाइक सवार दंपति बाल-बाल बच गए थे। लगातार हो रही दुर्घटनाओं से क्षेत्र में दहशत और चिंता का माहौल है।

## बी आर सी खैराबाद में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय विद्यालय प्रबन्ध समिति प्रशिक्षण सम्पन्न

**● समस्त कार्यों में पूर्ण तया पारदर्शिता बरती जाए और क्रय समिति के द्वारा ही धनराशि खर्च की जाए:- संतोष कुमार मिश्र**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**खैराबाद सीतापुर** स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र खैराबाद में समग्र शिक्षा जनपद सीतापुर के अंतर्गत विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष तथा सचिव प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्र के द्वारा की गई जबकि संचालन प्राथमिक विद्यालय जैतीखेड़ा के शिक्षक ओमनी मिश्रा ने की तथा उक्त के सम्बन्ध में प्राथमिक विद्यालय भागौतीपुर प्रथम के राहुल कुमार तिवारी तथा कंपोजिट विद्यालय उनसिया के मास्टर ट्रेनर पुष्पेंद्र मौर्य ने विस्तार से बताया।इस अवसर पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष नरेश कुमार मिश्र,प्राथमिक के पवन कुमार सिंह, ज़िला महिला उपाध्यक्ष वंदना दीक्षित, डॉक्टर अनुपम मिश्रा, कंपोजिट विद्यालय भागौतीपुर के प्रधानाध्यापक टी पी सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष काज़िम हुसैन,मंत्री ज़हीर आलम,अमित त्रिपाठी आदि ने संबोधित किया।प्रशिक्षण में सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, सचिव , अध्यक्ष ने भी अपने विचार व्यक्त किए,वक्ताओं ने बड़ी संख्या में अपील करते हुए मांग किया कि जिन विद्यालयों में ग्राम प्रधान के द्वारा खाना बन रहा है वहां की गुणवत्ता बहुत ख़राब है इस लिए उनसे लेकर विद्यालय प्रबन्ध समिति के द्वारा बनवाने की व्यवस्था की जाए जिसका सभी ने समर्थन किया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि जिन विद्यालयों में पैसा गया है उसको निकालकर जिस मद का गया है उसी के अनुसार उक्त कार्यों पर खर्च करके अपने कार्यों को पूर्ण कराएं लेकिन जो भी व्यय किया जाए उसका सही से पंजिका में अंकन किया जाए और उसका संपूर्ण विवरण बैनर पर लिखवा कर दीवार पर लगवाया जाए। कक्षा एक दो तीन



का शिक्षण कार्य विद्यालय के सबसे अच्छे शिक्षकों द्वारा ही करवाया जाए। प्रशिक्षण में एस एम सी के उपस्थित सभी सचिव प्रधानाध्यापक एवं अध्यक्षों को प्रशिक्षण सामग्री तथा जलपान एवं दोपहर में भोजन भी करवाया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग करने वालों में कार्यालय सहायक पंकज कुमार रावत, ब्रजेश दीक्षित, रमेश रस्तोगी, संतोष त्रिवेदी, प्रमोद कुमार, संजय कुमार, सिराज अहमद, मनीष पाल,संतोष कुमार,सुधीर कुमार आदि प्रमुख हैं।

## किसान मित्र योजना पुनः बहाल करने की मांग



**सिद्धार्थनगर,** प्रगतिशील किसान मित्र योजना पुनः बहाल करने व अब तक का मानदेय एवं यात्रा भत्ता दिलाने के लिए किसान मित्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार ने जन सुनवाई पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर मांग की हैं प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि प्रदेश में लगभग 52000 किसान मित्र रोजी- रोटी के लिए लगभग कई वर्षो से भटक रहे हैं, उन्होंने ने प्रदेश सरकार से मांग की हैं कि प्रगतिशील किसान मित्र योजना पुनः बहाल करते हुए अब तक का मानदेय एवं यात्रा भत्ता दिया जाय।

## सिलापथार में मछली पकड़ते समय करंट लगने से दो महिला की मौत एक गंभीर रूप से घायल, इलाके में शोक की माहौल



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**धेमाजी असम।** सिलापथार थाने अंतर्गत 2 नंबर माजरबारी सोनापुर गांव के तीन महिला मिलकर मछली पकड़ने के लिए खेत के जमीन में जा रहे थे। उसी जमीन किनारे किसीने उच्च क्षमता वाले बिजली संजोग कर रखा था।

पानी के स्पर्श करते हो दो विद्युत पृष्ठ हो जाते ओर मौका ही बरदार पर एकेली बसुमतारी( 52) और पूर्णिमा बसुमतारी 50 की मौत हो जाते है। तीसरी महिला गाजेव बसुमतारी (25) ने जान बचाते हुए जख्मी हालात में घरवालों को घटना की जानकारी दी।

इस दर्दनाक घटना से इलाके में शोक का माहौल है। मृतकों के परिवार के लोग एवं गांव वाले ने बिजली छुरी कर अवैध तरीके से इस्तेमाल करने वाले के उपर कड़ी करवाई करने की मांग के साथ पीड़ित इन दो गरीब परिवारों को सरकार से मुआवजा देने कि मांग को है। घटना स्थल पर पुलिस पहुंच कर दो मृत महिला को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया ओर घटना की जांच शुरू कर दी।

## सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन धूमधाम के साथ भंडारे के साथ हुआ समापन





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के कोल्हनपुर ग्राम पंचायत के खौपुर मे सात दिवसीय श्रीराम कथा, भंडारे का समापन हो गया।भगवान राम की बाल लीलाओ और रावण वध के साथ कथा व्यास राघवप्रिया ने संगीतमय राम कथा श्रवण कराया। वही आचार्य दिव्य शास्त्री अयोध्या की अध्यक्षता में बाल एवं युवा कलाकारों द्वारा श्रीराम कथा का जीवंत मंचन भी किया गया। गांव के लोगों के सहयोग से सामूहिक कथा आयोजन , भंडारे प्रसाद वितरण कराया गया। यजमान अमरनाथ पांडेय प्रधान ने कथा व्यास पीठ राघव प्रिया अयोध्या धाम का पूजन कराकर कथा समापन कराया गया । श्रीराम कथा के जन्म और बाल लिलाओ सहित रावण वध की संगीतमय कथा के साथ कलाकारो ने नाट्य रुपांतरण कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन मे अमरनाथ पांडेय प्रधान, दिव्यानंद शाष्त्री, आनंद पांडेय, राजदत्त पांडेय, पंकज पांडेय, गुड्डू पाडेय, बब्लू पांडेय, अंबिकेश्वर पांडेय, विभु पांडेय, रमेश पांडेय, अनुराग पांडेय,चिंतामणि तिवारी, भूपेश पांडेय, विनोद पांडेय, कन्हैया लाल शर्मा प्रधानाध्यापक, शेषनरायन तिवारी, कृष्णा शुक्ला, आनंद पांडेय, ममता पांडेय, अनु पांडेय, रुचि पांडेय, प्रिया पांडेय, सलोनी पांडेय, अनन्या पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## तीन चोरी की घटनाओं का पुलिस ने किया खुलासा




**देवरिया।** जनपद की गौरीबाजार पुलिस ने तीन अलग-अलग चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी में प्रयुक्त एक ई-रिक्शा, 65 किलो गेहूं, 100 किलो चावल, एल्यूमिनियम के बर्तन, एक सोलर पैनल तथा 4600 रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब 5.40 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी जोगम गांव के रहने वाले हैं और मुखबिर की सूचना पर पश्चिमी रेलवे ढाला के पास से पकड़े गए। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की है। संबंधित मामलों में पहले से मुकदमे दर्ज थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए आगे की जांच जारी है।

## जिलाधिकारी ने किया जनगणना 2027 के फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**● जिलाधिकारी ने जनगणना 2027 के सटीक आंकड़ों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण पर दिया जोर।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद बलरामपुर में फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विकास भवन परिसर स्थित जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर हॉल में आयोजित किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री विपिन कुमार जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण सांख्यिकीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं का निर्माण किया जाता है। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 पूर्णतया डिजिटल माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिससे आंकड़ों के संकलन, संधारण और विश्लेषण में पारदर्शिता एवं सटीकता सुनिश्चित होगी।

जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। इस प्रक्रिया में नागरिकों को स्व-गणना (Self Enumeration) का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। इसके तहत 7 मई से 21 मई 2026 के बीच सामान्य परिवार स्वयं डिजिटल माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके पश्चात 22 मई से 20 जून 2026 के मध्य जनगणना प्रगणक एवं सुपरवाइजर अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में घर-घर जाकर आवश्यक सूचनाओं का संकलन करेंगे।

जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सटीक और विश्वसनीय आंकड़ों के संकलन के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी फील्ड ट्रेनर्स से अपेक्षा की कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत वे जनपद में नियुक्त सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरो को भी गुणवत्तापूर्ण एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करें, ताकि जनगणना की प्रक्रिया सुचारु और त्रुटिरहित ढंग से सम्पन्न हो सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि फील्ड ट्रेनर्स के लिए आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम लखनऊ में प्रशिक्षित जनपद के मास्टर ट्रेनर श्री चन्द्र मणि मिश्र एवं श्री गोविन्द कुमार (डायट प्रवक्ता) द्वारा प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से फील्ड ट्रेनर्स को डिजिटल एप्लिकेशन, डेटा संकलन की प्रक्रिया, सत्यापन प्रणाली तथा जनगणना से संबंधित अन्य तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद यही फील्ड ट्रेनर्स जनपद में नियुक्त सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरो को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, जिससे जनगणना कार्य की तैयारी समयबद्ध और व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जा सके।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी , नायब तहसीलदार, जनपद के मास्टर ट्रेनर तथा जनगणना हेतु जिला प्रभारी महेन्द्र कुमार गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। जनपद प्रशासन द्वारा जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया पारदर्शिता, सटीकता और समयबद्धता के साथ पूर्ण हो सके।

## प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नव वर्ष पूर्ण होने पर जनपद में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नव वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारियों एवं नागरिकों द्वारा मुख्यमंत्री जी का वर्चुअल संबोधन सुना गया।कार्यक्रम में विधायक बलरामपुर सदर श्री पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर श्री कैलाश नाथ शुक्ला तथा जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री आरती तिवारी, अध्यक्ष नगर पालिका बलरामपुर श्री धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, जिलाध्यक्ष श्री रवि मिश्रा द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं चेक वितरित किए गए। साथ ही जनप्रतिनिधियगण द्वारा सरकार की जनहितकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक बलरामपुर सदर श्री पल्टूराम ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी एवं प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशन और नेतृत्व में जनपद विकास की नई गति प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और आज बेटियां रात्रि के समय भी सुरक्षित वातावरण में आवागमन कर सकती हैं। उन्होंने कहा



कि प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। युवाओं को कौशल विकास से जोड़कर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फरवरी 2016 में प्रदेश की बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत थी, जो वर्तमान में घटकर 2.21 प्रतिशत रह गई है। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हित में सतत कार्य कर रही है, जिससे खेती अधिक उन्नत हुई है और किसान समृद्धि की ओर अग्रसर हैं। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी प्रदेश सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किए हैं। बड़ी संख्या में महिलाओं की पुलिस में भर्ती की गई है तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। लखपति महिला योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त बन रही हैं।कार्यक्रम के दौरान सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास संबंधी पहलों की जानकारी भी आमजन को उपलब्ध कराई गई। जनप्रतिनिधियगण ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।इस दौरान डीएम श्री विपिन कुमार जैन, मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्ता, प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री श्याम मनोहर तिवारी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## अयोध्या पुलिस चोर पर मेहरबान, 24 घंटे बाद भी नहीं दर्ज किया केस

**● किराना स्टोर से चोरी का वीडियो वायरल**

**● शातिर चोर को ग्रामीणों ने पड़कर पुलिस के किया सुपुर्द**

**● तहरीर मिलने के बावजूद भी इनायत नगर पुलिस नहीं दर्ज कर रही एफआईआर**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मिल्कीपुर अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र में एक किराना स्टोर से दाल चोरी करने के आरोपी को दुकानदार और ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। दुकानदार ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन पुलिस ने अभी तक मामला






दर्ज नहीं किया है। हालांकि चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना इनायत नगर थाना क्षेत्र के पांच नंबर चौराहा स्थित उमेश चंद्र किराना स्टोर की है। दुकानदार उमेश चंद्र का आरोप है कि वर्ष 2017 से उनकी दुकान से करीब 20 लाख रुपये का सामान चोरी हो चुका है।

शिकायतकर्ता उमेश चंद्र के अनुसार, 16 मार्च 2026 की सुबह एक ग्राहक ने दाल मांगी। जब दुकानदार दाल रखने वाली जगह पर गया, तो वहां से दाल गायब मिली। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें पास का ही एक युवक दाल की बोरी चुराते हुए स्पष्ट दिखाई दिया। दुकानदार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और सीसीटीवी फुटेज दिखाए। पुलिस आरोपी युवक को पकड़कर थाने ले गई। दुकानदार ने मुकदमा दर्ज करने के लिए शिकायती प्रार्थना पत्र भी दिया है, लेकिन पुलिस ने अभी मामले में कोई भी प्राथमिकी नहीं दर्ज की है, अलबत्ता पकड़े गए शातिर चोर पर मेहरबान दिख रही है। इस संबंध में जब थानाध्यक्ष रतन शर्मा से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।